फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 321 प्रभात जयपुर, शनिवार 22 जून, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



...Eating Order Changeth!

Could the French have created fine dining without the extravagance at Louis XIV's court? No.

A Thank You Email

You've updated your resume, written your cover letter, and prepared for your interview. Now, it's time for your thank you note to seal the deal.

## भारी हड़कम्प मचा राजनीतिक हल्कों में प्रो-टैम स्पीकर के लिये मोदी की ''चॉइस'' से

### मोदी पर आरोप है कि, उन्होंने प्रो-टैम स्पीकर की नियुक्ति में, लोकसभा की पुरानी स्थापित परम्परा का निर्वाह नहीं किया, तथा वरिष्ठतम सांसद, कांग्रेस पार्टी के के. सुरेश का नाम स्वीकार नहीं किया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। नरेन्द्र मोदी सरकार ने संकेत दे दिया है कि नई संसद की शुरुआत टकराव से ही होगी। प्रधानमंत्री ना तो सर्वसम्मति चाहते हैं ना ही सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं, बल्कि वे तमाम कायदो व स्थापित परम्पराओं का उल्लंघन करना जारी रखना चाहते हैं उनके तौर तरीके वही रहेंगे जिन पर अब तक वे चलते रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी के टिकट पर 8 बार निर्वाचित दलित सांसद के. सुरेश की बजाय भाजपा के भर्तृहरी महताब को प्रोटैम स्पीकर बनाकर मोदी सरकार ने आगामी संसद सत्र में टकराव और शत्रुता का स्पष्ट संकेत दे दिया है।

लोकसभा के सबसे सीनियर सांसद को प्रोटैम स्पीकर बनाया जाता है जिसका काम नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलवाना और नए स्पीकर का चुनाव करवाना होता है उसके बाद वह पद से हट जाता है। बस उसका इतना ही काम होता है।

- केरल के दलित सांसद सुरेश आठ बार सांसद निर्वाचित होने के कारण सबसे वरिष्ठ सांसद हैं।
- ऐसा कहा जा रहा है कि, भाजपा की आंतरिक बैठक में जब सुरेश का नाम आया, प्रो-टैम स्पीकर के लिये, तो मोदी ने संसदीय मामलों के मंत्री रिजीजू को निर्देश दिया कि, कोई और नाम ढूंढ कर लाओ, क्योंकि कांग्रेस पार्टी के किसी सांसद द्वारा दिलाई गई शपथ उन्हें स्वीकार नहीं। और फिर भाजपा सांसद भर्तृहरि का नाम चुना गया प्रो-टैम स्पीकर के लिये।
- विपक्ष द्वारा प्र.मंत्री मोदी पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि, महताब को प्रो टैम स्पीकर बनाना, इस बात का संकेत है कि, मोदी संसद को मतैक्यता से, समझौते करके चलाने के पक्ष में नहीं हैं। वे अपने ही तरीके स एक तरफा निर्णय लेंगे संसद चलाने में, जैसे पिछले दस साल से करते आये हैं।
- पर, अब की बार विपक्ष की संख्या भी काफी है संसद में, अतः क्या संसद चलाने में काफी खींचतान व कन्फ्रन्टेशन होने की आशंका है।
- जैसा कि विदित ही है, प्रो-टैम स्पीकर, सभी नव निर्वाचित सांसदों को शपथ दिलवाता है, तथा स्पीकर का चुनाव कराकर, प्रो-टैम स्पीकर के पद से मुक्त हो जाता है।

फिर परम्परा की अवहेलना करते हुए महताब को प्रोटैम स्पीकर क्यों बनाया गया?

भाजपा के उच्चस्तरीय सूत्रों का कहना है कि भाजपा की आन्तरिक मीटिंग में जब प्रोटैम स्पीकर के रुप में के. सुरेश का नाम सामने आया तो प्रधानमंत्री ने संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू को भाजपा में से दूसरा नाम ढूंढने को कहा। समझा जाता है कि उन्होंने कहा था कि वे किसी कांग्रेसी के हाथ से शपथ नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## फॉरेंसिक लैब सहायक निदेशक पद भर्ती केस में हाई कोर्ट का नोटिस

जयपुर, 21 जून (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला में सहायक निदेशक पद की भर्ती से जुड़े मामले में आर.पी.एस.सी. सचिव और गृह सचिव से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने भर्ती को याचिका के निर्णयाधीन रखते हुए याचिकाकर्ता अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया में शामिल करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश धन सिंह की याचिका पर दिए। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि, आयु सीमा में छूट को लेकर जारी अधिसूचना की पालना क्यों नहीं की जा रही है।

- हाई कोर्ट ने इस भर्ती में आयु सीमा संबंधी अधिसूचना का पालन नहीं किए जाने को लेकर आर.पी. एस.सी. सचिव व गृह सचिव से जवाब मांगा है।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि आर.पी.एस.सी. ने 27 नवंबर, 2021 को सहायक निदेशक पॉलीग्राफी और सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर के पदों के लिए भर्ती निकाली थी। याचिकाकर्ता भर्ती के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा को पार कर चुका है। याचिका में कहा गया कि, राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने 23 सितंबर, 2022 को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## तमिलनाडू की भांति कर्नाटक भी ''नीट'' परीक्षा का सिस्टम खत्म करना चाहता है

### तमिलनाडू सरकार ने विधानसभा में विधेयक पारित किया है, जिससे तमिलनाडू के मैडिकल कॉलेजों में एडमिशन के लिये, ''नीट'' एडमिशन व्यवस्था मान नहीं होगी

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। नीट की प्रवेश परीक्षा में घोटाला, इस परीक्षा के माध्यम से लाखों की संख्या में विद्यार्थी डॉक्टरी के पेशे में प्रवेश करते हैं, अब इस परीक्षा के खिलाफ देश के अन्य क्षेत्रों की तरह कर्नाटक में भी विरोध शुरु हो गया है और यह विरोध प्रदर्शन राज्य के विभिन्न भागों में शुरु हो गए हैं। हालांकि, कांग्रेस शासित यह राज्य नीट को रद्द करने जैसे कठोर उपायों पर विचार कर रही हैं।

तमिलनाडू नीट परीक्षा का पहले से विरोध करता रहा है उसने उसके प्रदेश के मैडिकल कॉलेजों के लिए प्रदेश में नीट परीक्षा पर प्रतिबंध लगाने के बारे में पहले ही एक संकल्प पारित कर चुकी है। इस संकल्प से प्रेरित होकर कर्नाटक से भी ऐसी ही प्रतिक्रिया सामने आई है, वह भी नैशनल एलिजिबिलिटी कम एन्ट्रैन्स टैस्ट को समाप्त करने के लिए प्रदेश की विधानसभा में इसी प्रकार का संकल्प पारित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

इस समय नीट को खत्म करने के मुद्दे पर पार्टी की यूनिट व सरकारी महकमों में इसलिए गहन विचार चल रहा है क्योंकि इसकी वजह से सरकार उसके प्रदेश के विद्यार्थियों की उम्मीदों को पूरा करने में असमर्थ हैं जब वे मैडिकल सीट के लिए आते हैं।

- तमिलनाडू सरकार ने रिटायर्ड न्यायाधीश ए.के. राजन की अध्यक्षता में एक कमीशन गठित किया था, जिसकी रिपोर्ट में यह कहा गया है कि, नीट व्यवस्था तमिलनाडू के निर्धन तमिल भाषी परिवारों के बच्चों को मैडिकल शिक्षा से वंचित रखती है।
- नीट व्यवस्था सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम को ''फेवर'' करती है तथा बच्चों को कोचिंग जॉइन करने को बाध्य करती है। गरीब परिवार, कोचिंग का खर्चा बर्दाश्त नहीं कर पाते, अतः पिछड़ जाते हैं।
- तमिलनाडू की विधानसभा में पारित विधेयक को तमिलनाडू के गवर्नर ने स्वीकृति नहीं दी, पर, दोबारा विधानसभा ने ज्यों का त्यों पारित करके राज्यपाल के पास भेजा है।
- कर्नाटक की कांग्रेस सरकार भी, ऐसा ही विधेयक विधानसभा में पारित कराना चाहती है। कर्नाटक की सरकार ''नीट'' परीक्षा में पेपर लीक के मामले का उपयोग करना चाहती है, कर्नाटक विधानसभा में नीट विरोधी विधेयक पारित कराने के लिए।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं के.पी.सी.सी. अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार कह चुके हैं कि सरकार नीट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## केजरीवाल रिहा होने ही वाले थे, हाई कोर्ट ने रोक लगा दी

### ई.डी. की याचिका पर हाई कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर रिहाई, याचिका पर सुनवाई होने तक रोक दी है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। अरविन्द केजरीवाल को तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा होने की उम्मीद थी, लेकिन एन्फोर्समैन्ट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) द्वारा त्वरित रुप से दायर एक याचिका के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी रिहाई पर रोक लगा दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की तय मानी जा रही रिहाई से ठीक पहले कोर्ट ने कहा कि जब तक वह ई.डी. की याचिका पर सुनवाई नहीं कर लेती केजरीवाल तब तक जेल में रहेंगे क्योंकि इस प्रक्रिया में दो से तीन दिन का समय लग सकता है।

एक निचली अदालत ने गुरुवार को दिए अपने निर्णय में दिल्ली की रद्द कर दी गई आबकारी नीति से सम्बंधित मनी लांड्रिंग के एक केस में केजरीवाल की जमानत मंजूर कर ली थी।

एडीशनल सॉलीसिटर जनरल एस.वी. राजू ने ई.डी. का प्रतिनिधित्व करते हुए निचली अदालत द्वारा केजरीवाल की जमानत मंजूर किए जाने के विरोध में तर्क प्रस्तुत किए। उन्होंने इसे अनुचित बताते हुए गंभीर प्रक्रियागत त्रुटियों की ओर ध्यान दिलाया। राजू ने जस्टिस सुधीर कुमार जैन और जस्टिस रविन्दर दुडेजा की बैंच को बताया कि ''हमने साक्ष्य प्रस्तुत किए, लेकिन उन्हें नकार दिया गया। यदि प्रासंगिक तथ्यों की अनदेखी की जाती है अथवा अप्रासंगिक तथ्यों पर विचार किया जाता है तो दी गई जमानत को वापस लिया जा सकता है।''

वर्ष 2021-22 के लिए बनाई गई दिल्ली की आबकारी नीति से संबंधित मनी लॉण्डरिंग के आरोपों को लेकर ई.डी. ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। दिल्ली के लैफ्टिनैंट गवर्नर की आपत्तियों के बाद उक्त नीति रद्द कर दी गई थी। ई.डी. का आरोप है कि शराब

- राउज़ एवेन्यु कोर्ट ने गुरुवार को केजरीवाल को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए थे।
- ई.डी. ने आनन-फानन में इस आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।
- हाई कोर्ट में ई.डी. की याचिका पर सुनवाई के लिए 2-3 दिन लग सकते हैं, तब तक तो केजरीवाल को जेल में ही रहना होगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हज यात्रियों के लिए हैल्थ केयर पोर्टल

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने जेद्दा से कॉन्सुलेट जनरल ऑफ इण्डिया, मोहम्मद शाहिद आलम के साथ सहयोग में एक दस्तावेज जारी किया, जिसका शीर्षक है- ''मैडिकल केयर अरेन्जमैंट्स फॉर हज पिलग्रिम्स'' (हज यात्रियों के लिए चिकित्सा सेवा व्यवस्थाएं)।

- भारत सरकार ने हज यात्रा पर गए 1.75 लाख हज यात्रियों की हैल्थ केयर के लिए विशेष प्रयास किए हैं। मक्का-मदीना में पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों के मरने की खबरों को देखते हुए भारत सरकार ने ये कदम उठाए हैं।

यह दूसरा वर्ष है जब केन्द्रीय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कैनडा की संसद में आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर को एक मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजलि दी गई

### भारत ने कैनडा के रूख पर गंभीर आपत्ति जताई

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। कैनडा की संसद के, खालिस्तानी आतंकवादी, हरदीप सिंह निज्जर की स्मृति में एक मिनट का मौन रखने के निर्णय के बाद से, भारत और कैनडा के बीच राजनयिक गतिरोध और बढ़ गया है। वैंकूवर स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने, वर्ष 1985 में एयर इंडिया कनिष्क उड़ान में, खालिस्तानियों द्वारा किए गए बम विस्फोट में मारे गए 329 लोगों की याद में एक स्मारक सेवा की घोषणा की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक संदेश में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा, ''भारत आतंकवाद की समस्या से निपटने में सबसे आगे है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है। एयर इंडिया विमान 182 (कनिष्क) पर कायरतापूर्ण आतंकवादी बमबारी की 23 जून को 39 वीं वर्ष गांठ है, जिसमें 86 बच्चों सहित 329 निर्दोष लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी।'' एयर इंडिया विमान, जो मॉन्ट्रियल से लंदन जा रहा था, में जमीन से 31000 फीट ऊपर कैनडा में रहने वाले सिख आतंकवादियों द्वारा लगाए गए बम में विस्फोट हो गया था। मारे गए 329 यात्रियों में 268 कैनेडियन, 27 ब्रिटिश और 24 भारतीय नागरिक थे।

कैनेडियन संसद ने हाल ही में, निज्जर की स्मृति के सम्मान में 1 मिनट का मौन रखा था, जिसकी गत वर्ष ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने आरोप लगाया था कि, भारतीय सरकार के एजेंट इस हत्या में लिप्त हो सकते हैं। भारतीय सरकार ने इन आरोपों को बेतुका और मनगढ़न्त बताते हुए खारिज कर दिया था।

यह घटनाक्रम, मोदी और ट्रूडो की जी-7 सम्मेलन में, बैठक के कुछ दिनों के अंदर हुआ है। ट्रूडो ने उस समय कहा था कि भारत के साथ कई बड़े मुद्दों पर सहमति है और वह भारत की नई सरकार के साथ बातचीत का अवसर देख रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी, ट्रूडो के साथ हाथ मिलाते हुए एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसके साथ एक पंक्ति लिखी थी, ''जी-7 सम्मेलन में कैनेडियन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात।'' गत वर्ष निज्जर की हत्या में भारतीय संल्पितता के प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों के बाद, रिश्तों में आए तनावों के बाद, दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक थी। भारत का हमेशा से एक ही

- कैनडा सरकार के इस फैसले से दोनों देशों में फिर से तनाव बढ़ गया है।
- कैनडा में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 23 जून को खालिस्तानी आतंकवादियों के बम धमाके से हुए कनिष्क विमान हादसे में मारे गए 329 लोगों की स्मृति में 23 जून को कार्यक्रम करने की घोषणा की।
- ज्ञातव्य है कि, भारत सरकार हमेशा से कैनडा पर खालिस्तानी आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगाती रही है।
- यह भी उल्लेखनीय है कि, निज्जर की गत वर्ष ब्रिटिश कोलम्बिया में, गुरूद्वारे के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कैनडा के प्रधानमंत्री ने इस हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नई राजनीतिक परिस्थितियों में आज जी.एस.टी. काउन्सिल की बैठक अधिक प्रोडक्टिव होगी?

### कुछ तो लिहाज में, कुछ दबाव में जी.एस.टी. काउन्सिल में राज्य सरकारें कुछ ''इफैक्टिव'' (प्रभावशाली) भूमिका नहीं निभा पा रही थीं

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। जी.एस.टी. काउन्सिल की कल होने वाली मीटिंग देश की बदली हुई राजनीतिक स्थिति के कारण पहले हुई मीटिंग्स से थोड़ी अलग होगी। प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के प्रथम कार्यकाल के दौरान अस्तित्व में लाए गए जी.एस.टी. के बाद से विपक्ष बैकफुट पर रहता आया है, लेकिन अब विपक्ष के पुर्नजीवित होने और केन्द्र में एक गठबंधन सरकार होने के कारण विभिन्न राजनीतिक पार्टियों की राज्य सरकारों की आवाज इस मामले में बुलंद हो सकती है।

लेकिन वास्तव में स्थिति इसमें अलग होनी चाहिए थी। क्योंकि टैक्स के जी.एस.टी. सिस्टम की अवधारणा डॉ. मनमोहन सिंह के अधीन यू.पी.ए. सरकार में बनाई गई थी और विस्तृत गुड्स एण्ड सर्विसेज़ टैक्स पर पहला मसौदा भी तभी प्रस्तुत किया गया था, हालांकि यह रिपोर्ट कभी लागू नहीं की गई।

वर्ष 2004 से 2014 तक यू.पी.ए. का निर्बाध शासन रहा, लेकिन इस दीर्घ अवधि के दौरान सरकार देश को एक सिंगल मार्केट बनाने को लेकर एक एकीकृत टैक्स सिस्टम के फायदों पर तो काफी कुछ कहती रही, लेकिन उसने इस एकीकृत टैक्स सिस्टम को लागू करने की गंभीरता कभी नहीं दिखाई।

इस प्रकार के टैक्स सिस्टम की आधिकारिक शुरुआत करने के लिए समूचे बैक आफिस वर्क को तैयार किया गया, चूंकि जी.एस.टी. सिस्टम के इन्फ्रास्ट्रक्चर को थोड़ा-बहुत विकसित कर लिया गया था, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली पहली सरकार इसे धूम-धड़ाके से शुरु कर सकी।

जी.एस.टी. सिस्टम के विरोध में कुछ ही राज्य सरकारें तर्कसंगत आलोचनाएं कर सकीं, लेकिन उनका समाधान कर लिया गया। जी.एस.टी. की अवधारणा सबसे पहले डॉ. विजय केलकर ने प्रस्तुत की थी और कांग्रेस पार्टी इस अवधारणा की प्रमुख समर्थक थी कि राज्य सरकारें, वास्तव में इसे अस्वीकार नहीं कर सकती थीं।

भाजपा के एक प्रमुख नेता ने मुख्यमंत्री रहते जी.एस.टी. का कड़ा विरोध किया था, लेकिन फिर भी भाजपा ने कांग्रेस की इस अवधारणा को पूर्ण रूप से अपना लिया। सिर्फ दो राज्य- केरल और पश्चिम बंगाल इसे लेकर आलोचना करते थे, लेकिन पश्चिम बंगाल को, उसके वित्त मंत्री को प्रधान मध्यस्थ बनाकर अन्ततः राजी कर लिया गया।

परिणामतः जी.एस.टी. के वर्तमान सिस्टम का उद्भव कुछ इस तरह से हुआ कि जैसा इसके मूल प्रस्तावकों ने इस बारे में सोचा भी नहीं होगा। वर्तमान जी.एस.टी. सिस्टम की मूल कमी है- इसमें बहुत सी दरों का होना। जी.एस.टी. की मूल रिपोर्ट में विभिन्न राज्य सरकारों की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की विविध दरें प्रस्तावित थीं। इससे पहले तक केन्द्र सरकार की भी कई वस्तुओं पर कई दरें और

- और, इससे कुछ त्रुटियाँ आ गई थीं जी.एस.टी. व्यवस्था में।
- एक बड़ी त्रुटि तो यह थी कि, जी.एस.टी. व्यवस्था में केवल तीन ''स्लैब'' होने थे, टैक्स की दृष्टि से। पर, अब धीरे-धीरे आज टैक्स के छः स्लैब हो गये हैं। दूसरी खामी यह थी कि, टैक्स की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण सामग्रियों, पैट्रोलियम, तम्बाकू व शराब को जी.एस.टी. काउन्सिल के अधिकार क्षेत्र से बाहर रखा गया है।
- अभी दोनों सरकारें, केन्द्रीय सरकार व राज्य सरकार इन तीनों चीज़ों पर टैक्स लगा सकते हैं। अतः इन तीनों सामग्रियों पर टैक्स बहुत ज्यादा ही हो गया है, इसी कारण से उदाहरण के लिये राज्य शराब पर, अपना-अपना टैक्स लगाते गये।
- क्योंकि कोई भी बातचीत खुलकर नहीं होती थी, अतः मसला अभी तक पूर्णरूप से सुलझा नहीं है।
- पर, अब अगर नये वातारवण में खुलकर बातचीत होती है, तो राजनीतिक सौदेबाजी के बाद, इस जी.एस.टी. व्यवस्था में आयी फण्डामैंटल कमियां दूर करने में प्रगति होगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मतदाता सूची की संशोधन प्रक्रिया 25 जून से

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 जून। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्य 25 जून से शुरु होगा, तथा एक जुलाई को 18 साल पूरे करने वाले युवा इसमें अपना नाम जुड़वा सकेंगे।

- चुनाव आयोग ने बताया कि, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड तथा जम्मू कश्मीर, जहां वर्षान्त तक चुनाव होने हैं, में मतदाता सूची की संशोधन प्रक्रिया 24 जुलाई तक पूरी की ली जाएगी।

हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी

# नए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2027 तक दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

केन्द्र सरकार द्वारा आगामी खरीफ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा से यह साफ हो जाता है कि सरकार दलहन और तिलहन के उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सही व योजनावद्ध तरीके से कदम बढ़ा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में इस हद तक आत्म निर्भर हो जाए कि विदेशों से एक दाना भी दाल का आयात नहीं करना पड़े। एक मोटे अनुमान के अनुसार दुनिया भर में कुल उत्पादित दालों अर्थात दलहनी फसलों में भारत की भागीदारी 25 प्रतिशत के लगभग है। 2027 तक यह लक्ष्य अर्जित करने के लिए हमें 28 फीसदी का आंकड़ा छूना होगा।

देश के कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के संयुक्त प्रयास से देश में कृषि उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सरकार द्वारा भी इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है और जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं वे निश्चित रुप से सकारात्मक और उत्साहवर्द्धक है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों में लगातार बढ़ोतरी और तिलहनी दलहनी फसलों की खरीद के आश्वासन से किसानों का दलहन–तिलहन के प्रति रुझान बढ़ा है। केन्द्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बडी राहत दी है। केन्द्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार सर्वाधिक बढ़ोतरी नाइजरसीड यानी कि राम तिल पर की गई है तो दालों में अरहर/तुअर की दाल के एमएसपी में भी 550 रु. की बढ़ोतरी की गई है। वैसे सरकार द्वारा खरीफ की सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उल्लेखनीय और किसानों को प्रोत्साहित करने वाली गढ़ोतरी की है।

न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा के पीछे उद्देश्य यह रहा है कि किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके। देश में पहली बार 1966–67 में केवल गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। इसके बाद सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है। मुख्यतौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केन्द्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है तो हरियाणा सरकार भी केरल की तरह हरियाणा सरकार भी सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ाये है। किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है। एमएस स्वामीनाथन आयोग ने 2004 में अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फार्मूला सुझाते हुए सुझाव दिया कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए। हांलाकि सरकार का दावा है कि खरीफ 2024 के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2018–19 की बजट घोषणा के अनुरुप अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय किया गया है। सरकारी दावों की बात की जाए तो बाजरा की उत्पादन लागत पर 77 प्रतिशत तो तुअर पर 59 प्रतिशत, मक्का पर 54 प्रतिशत, उड़द पर 52 प्रतिशत तो बाकी अन्य फसलों पर भी उत्पादन लागत पर 50 प्रतिशत मार्जिन होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

**न्यूनतम समर्थन मूल्यों में लगातार बढ़ोतरी और तिलहनी दलहनी फसलों की खरीद के आश्वासन से किसानों का दलहन-तिलहन के प्रति रुझान बढ़ा है। केन्द्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है।**

दरअसल देश में तिलहन और दलहन उत्पादन के लिए सरकारें गंभीर रही है। 1986 में सेम पित्रोदा की अध्यक्षता में टीएमओ यानी कि तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन का गठन किया गया था। इस मिशन के माध्यम से देश में तिलहनों के उत्पादन को बढ़ाना था। राजस्थान सहित देश के प्रमुख उत्पादक राज्यों में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के समन्वित प्रयास किये गये। राजस्थान मे ंतो सहकारी क्षेत्र में तेल मिलें भी लगाई गई और तिलहन सोसायटियां गठित कर उनका संघ भी बनाया गया। तेल मिलों का संचालन भी इसी संघ को दिया गया पर कालांतर में तिलम संघ की तेल मिलें तो बंद हो गई वहीं तिलम संघ अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए आज भी जूझ रहा है।

कमोबेस यही स्थिति अन्य प्रदेशों में भी रही है। खैर यह विषयांतर हो गया पर 1990 में दलहन को भी इस तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन के दायरें में लाया गया। इसके बाद 1992–93 और 95–96 में पाम ऑयल और मक्का को भी इस तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन के दायरें में लाकर इनके उत्पादन को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। 2021 से मिशन पॉम ऑयल भी सकारात्मक दिशा में बढ़ता कदम माना जा सकता है। इसके माध्यम से सरकार ने 15 राज्यों में पॉम ऑयल के उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस मिशन के तहत 2025–26 में पूर्वोत्तर राज्यों में 3.28 लाख हैक्टेयर में और पूर्वोत्तर के इतर राज्यों में 3.22 लाख हैक्टेयर में पॉम ऑयल की खेती का रकबा पहुंचाने का लक्ष्य रख कर सरकार चल रही है।

खैर दो बातें साफ हो जानी चाहिए कि देश को तिलहन और दलहन की पैदावार में बढ़ोतरी कर आत्म निर्भर बनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाना और समयपूर्व एमएसपी घोषित करना सही दिशा में बढ़ता प्रयास है तो दूसरी और न्यूनतम घोषित दर तो किसानों को मिले ही यह सुनिश्चित करना भी जरुरी है। इसके लिए खरीद व्यवस्था को चाकचोबंद और खरीद तंत्र को मजबूत बनाना होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# छात्र अपने ज्ञान का उपयोग देश की समृद्धि और संपन्नता के लिए करें : राज्यपाल



दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने सत्र 2022 की 52 हजार डिग्रियों का अनुमोदन किया।

**■ जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय का 20 वां दीक्षांत समारोह आयोजित**

**जोधपुर,** (कासं)। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालय श्रेष्ठ छात्र ही नही अपितु भावी नागरिक भी समाज को दे, जो अपने ज्ञान का उपयोग देश की समृद्धि और संपन्नता के लिए करें। उन्होंने कहा की विद्यार्थी विशाल हृदयी बनें। और संकल्प ले की वे स्वयं अपने लिए ही नहीं प्राणी मात्र के लिए भी कार्य करेंगे। उन्होंने संविधान को सर्वोच्च बताते हुए अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के इस दौर में विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर विज्ञान, अभियान्त्रिकी कला, साहित्य, संस्कृति, मीडिया एवं तकनीकी विषयों में विशेष ज्ञान प्राप्त करें।

राज्यपाल मिश्र जोधपुर स्थित जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के 20 वें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय उत्कृष्ट और सर्वोच्च ज्ञान के केन्द्र बनें। जीवन में असली ज्ञान तत्व, आपकी सतत प्रगति, मेहनत और प्रतिबद्धत्ता में ही निहित है, जो जितना तपेगा उतना ही निखरेगा। साथ ही, उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के ऐसे केंद्र बने, जहां जीवन व्यवहार की शिक्षा मिलें। जिससे जीवन आलोक पथ पर निरंतर अठासर रहे।

मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय का यह दीक्षांत समारोह महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका आयोजन आज अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि योग भारत की वह महान परम्परा है, जिसने हमारे देश को कभी विश्वगुरू के रूप में पहचान दिलाई थी। आदर्श जीवन शैली के लिए यह आज भी महत्वपूर्ण है क्योंकि योग द्वारा हम स्वस्थ तन और स्वस्थ मन की ओर अठासर होते हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पुस्तकीय ज्ञान के साथ ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में व्यावसायिक एवं जीवन कौशल शिक्षा के व्यावहारिक पाठ्यक्रमों पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति केन्द्रित जीवन मूल्यों से जुड़ी यह शिक्षा नीति भारत के सुनहरे भविष्य की राह है, इसलिए सभी विश्वविद्यालय इसे पूरी तरह से लागू करने के साथ इसमें निहित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कार्य करे। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम ऐसे हो जिसमें भारतीय ज्ञान एवं संस्कृति का समावेश हो, ताकि शिक्षा प्राप्ति के बाद हम मानवता के कल्याण के लिए काम कर सकें।

उन्होंने कहा कि युवा भारत का भविष्य है। उन्हें परम्परागत शिक्षा के साथ–साथ रोजगारपरक शिक्षा मिले। ताकि शिक्षा प्राप्त करने के बाद युवा अधिकाधिक आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 100 करोड रूपये की अनुदान राशि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। साथ ही, उन्होंने कहा कि इस राशि का उपयोग गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के तहत शैक्षिक प्रविधियों एवं अन्य सुविधाओं के विकास के लिए शिक्षा के उन्नयन में किया जाए।

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने सत्र 2022 की 52 हजार डिग्रियों का अनुमोदन किया। मिश्र ने कला, वाणिज्य, विधि, इंजीनियरिंग एवं विज्ञान संकाय के स्नातकोत्तर के 4838 छात्र–छात्राओं, स्नातक में कला संकाय के 35 हजार 240, वाणिज्य के 4594, विधि के 1033, इंजीनियरिंग के 583 और विज्ञान संकाय के 5544, पीएचडी की 168 उपाधियां और टॉपर 73 छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इन स्वर्ण पदकों में से 69 विश्वविद्यालय पदक, एक कुलाधिपति पदक एवं तीन डोनर पदक शामिल है। आरंभ में सभी को उन्होंने संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

समारोह में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. एल. श्रीवास्तव विभिन्न संकायों अधिष्ठाता, निदेशक, सिंडीकेट एवं सीनेट के सदस्य, दीक्षांत समारोह के संयोजक, शिक्षक, अधिकारी, उपाधि एवं पदक प्राप्त विद्यार्थी सहित उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

# प्रेस सेवा पोर्टल की जटिलताओं का दूर करने की मांग




राष्ट्रीय परिषद की बैठक असम राज्य के गुवाहाटी के पलटन बाजार में आयोजित की गई।

**■ छोटे व मझोले अखबारों का उत्पीडन बन्द करे केन्द्र सरकारः चंदोला**

**■ अखबार प्रकाशन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जी. एस. टी. मुक्त की जाये : श्याम सिंह पंवार**

**गुवाहाटी।** एसोसियेशन ऑफ स्माल एण्ड मीडियम न्यूजपेपर्स ऑफ इण्डिया की राष्ट्रीय परिषद् (नेशनल काउंसिल) की बैठक असम राज्य के गुवाहाटी के पलटन बाजार स्थित होटल स्टार लाइन में आयोजित की गई।

बैठक में छोटे व मझोले वर्ग के अखबारों को प्रभावित करने वाली नीतियों व उनकी समस्याओं का निराकरण करने की मांग की गई। अनेक राज्यों से पधारे प्रकाशकों ने आरोप लगाया कि केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीनस्थ आर. एन. आई. कार्यालय व सी. बी. सी. कार्यालय के अधिकारियों की मनमानी के चलते छोटे व मझोले वर्ग के अखबार मालिक परेशान हैं। इन दिनों नया प्रेस सेवा पोर्टल परेशानी का एक बड़ा कारण बना हुआ है जिसके चलते अखबारों के प्रकाशकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और प्रकाशकगण अपने–अपने अखबारों का वार्षिक विवरण नहीं भर पा रहे हैं। अतः प्रेस सेवा पोर्टल की जटिलताओं को दूर करने के साथ–साथ वार्षिक विवरण भरने का समय अगस्त 2024 तक बढ़ाया जाये। वहीं सी. बी. सी. की विज्ञापन पालिसी के चलते छोटे व मझोले अखबारों की विज्ञापन की हिस्सेदारी प्रभावित हो रही है और उनका हक मारा जा रहा है। अतः विज्ञापन नीति में संशोधन किया जाये ताकि छोटे व मझोले अखबारों की विकासदर प्रभावित ना हो। अखबार मालिकों ने यह माँग भी रखी कि अखबारों के मालिकों का परिचय पत्र भी आर. एन. आई. द्वारा जारी किया जाये। मुख्य अतिथि रहे प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पूर्वोत्तर जोन) के डायरेक्टर जनरल के. सतीश नम्बूदरीपद् ने प्रकाशकगणों की अनेक समस्याओं को सुनकर आश्वासन दिया कि आर. एन. आई. व सी. बी. सी. के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर छोटे व मझोले अखबारों की जटिल समस्याओं का निस्तारण अवश्य करवायेंगे और जहाँ जिस तरह की जरूरत होगी, उसमें परिवर्तन व संशोधन करवायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नई–नई तकनीकों का सामना करने के लिये तैयारी करने की जरूरत है अन्यथा पिछड़ जाओगे। लेकिन मैं अपने स्तर से यही प्रयास करूंगा कि प्रकाशकों की हर समस्या का समाधान हो जाये।

बैठक में एसोसियेशन की कोषाध्यक्ष भगवती चंदोला, उत्तर प्रदेश राज्य इकाई के अध्यक्ष श्याम सिंह पंवार, अखिलेश सिंह, असम इकाई अध्यक्ष गिरिन्द्र कुमार कार्जी, किरि रांगहेंग, उत्तराखण्ड इकाई अध्यक्ष अतुल दीक्षित, मध्य प्रदेश से अकरम खान, सबरूनिशा, आन्ध्र प्रदेश से एस. कोण्डलाराव, के. वेंकटेश रेड्डी, राजस्थान से गोपाल गुप्ता, तरूण कुमार जैन, धर्मेन्द्र सोनी, अन्जू लता सोनी, कर्नाटक से वेनुगोपाल के. नाइक सहित अनेक प्रकाशक मौजूद रहे।

# गोडावण के चूजों को सम से रामदेवरा में स्थित प्रजनन एवं संरक्षण केन्द्र में स्थानान्तरित किया

**■ भारतीय वन्य जीव संस्थान के केन्द्रीय मंत्रालय के निर्देशन में राज्य सरकार ने गोड़ावण संरक्षण के प्रयास शुरू किये**

**जालोर,** (का.सं.)। प्रदेश में लुप्त हो रहे राज्य पक्षी गोड़ावण को बचाने के लिए भारतीय वन्य जीव संस्थान के केन्द्रीय मंत्रालय के निर्देशन में राज्य सरकार ने प्रयास शुरू किये है। इसके लिए ग्रेट इंडियन बस्टर्ड चूजों को सम से रामदेवरा स्थित प्रजनन एवं संरक्षण केन्द्र में स्थानान्तरित किया गया है। रामदेवरा के केन्द्र में वर्तमान में छह व पहले से तेरह चूजों को रखा गया है। तथा वहां उनको उनके भौतिक वातावरण के अनुसार संरक्षित किया जा रहा है। पूरे भारत में अगस्त 2023 तक 150 ग्रेड इंडियन बस्टर्ड थे। जिसमें से 128 राजस्थान में है। लेकिन अब धीरे धीरे अनदेखी के चलते राज्य पक्षी का अस्तित्व खत्म होता नजर आ रहे है। जिनको बचाने के लिए सरकार प्रयासरत है।

राजस्थान के राज्य पक्षी गोड़ावण को बचाने के लिए जैसलमेर के सम केन्द्र से संरक्षण व प्रजनन केन्द्र रामदेवरा व पोकरण के बीच स्थित गोमट में स्थानान्तरित किया जा रहा है। वर्तमान में सम सेंटर से गोडावण के छह बच्चे जो उम्र में बड़े हैं, उन्हे रामदेवरा सेंटर में स्थानान्तरित किया गया है। उनकी मैटिंग कराने के बाद वे अण्डे देने लगेगे। जिससे लुप्त हो रहे गोडावण की संख्या को बढाया जा सके। इसके बाद उन्हे छोडा जायेगा है। रामदेवरा प्रजनन केन्द्र में वर्तमान में 19 चूजों को रखा गया है तथा उनकी पूरी देखभाल करने के साथ खाने में पेलेट न्यूट्रार्स व कीडे मकोडे दिये जाते है। अभी हाल में छह चूजो को सम सेंटर से रामदेवरा लगाया है। तथा उनको वर्तमान में पूर्ण वातारण के अनुकुल तरीके से संरक्षण व प्रजनन की प्रकिया अपनाई जा रही है। जिससे लुप्त हो रहे राजस्थान के राज्य पक्षी गोडावण के वंश को बचाया जा सके।

राजस्थान के पश्शिमी रेगिस्तान शुष्क व अर्ध शुष्क घासभूमियों वाले इलाके में राज्य पक्षी गोडावण पक्षी पाया जाता है। गोडावण को भारतीय तिलोर, जिसे गुरायिन , माल मोरडी, हुकना पक्षी, सोहन चिडिया भी कहते है। जिसका वैज्ञानिक नाम नवीन चर्खिया है। वही उडने वाले पक्षियों में

यह सबसे वजनी पक्षी है। भारत में यह पक्षी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उतर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, ओडिसा व तमिलनाडू राज्य में पाया जाता था। लेकिन अगस्त 2023 सर्वे के अनुसार 150 ग्रेड इंडियन बस्टर्ड में से अब यह पक्षी राजस्थान में 128 व गुजरात, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक प्रत्येक राज्य में 10 से कम पक्षी है। आईयूसीएन की संकटग्रस्त प्रजातियो पर प्रकाशित होने वाली लाल डाटा पुस्तिका में इसे गंभीर रूप में संकटग्रस्त श्रेणी में तथा भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची प्रथम में रखा गया है। गोडावण का अस्तित्व वर्तमान में खतरे में है तथा इसकी बहुत ही कम संख्या बची है। धीरे धीरे यह प्रजाति विलुप्ति होने के कगार पर है। गोडावण को बचाने के लिए राष्ट्रीय मरू पार्क में आगामी प्रजनन काल मे सुरक्षा के समुचित प्रबंध किये गये है। गोडावण को बचाने के लिए जैसलमेर के सम में अस्थाई केन्द्र व रामदेवरा में स्थाई केन्द्र खोला गया है। वही केन्द्र सरकार भी गोडावण को बचाने के लिए 8 करोड की लागत से टनल बना रही है। जिससे गोडावण को बचाया जा सके।

संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र रामदेवरा के प्रभारी अधिकारी मोहिबदीन ने बताया कि सम सेटर से वर्तमान में गोडावण के छह चूजो को रामदेवरा लाया गया है। रामदेवरा प्रजनन केन्द्र में उनकी पूर्ण देखभाल की जा रही है। जहां यह चूजे मैटिंग करने के बाद अण्डे देने लगेगे तथा उसके बाद गोडावण के बच्चे निकलने पर उनको संरक्षण कर छोडा जायेगा।

वन अधिकारी जैसलमेर आशीष व्यास ने बताया कि गोडावण को बचाने के लिए दो सेंटर सम व रामदवेरा बनाये गये है। सम सेंटर में गोडावण का चूजा एक माह होने पर संरक्षित करने के लिए रामेदवरा संरक्षण व प्रजनन केन्द्र भेजा जाता है। चूजा के बडा होने के बाद उसे स्थाानान्तरण नही किया जा सकता है। इसलिए गोडावण को बचाने के लिए एक माह चूजा रामदेवरा में स्थानान्तरित किया जा रहा है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 22 जून, 2024**

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, शनिवार, विक्रम संवत 2081, मूल नक्षत्र सांय 5:54 तक, शुक्ल योग सांय 6:45 तक, बव करण प्रातः 6:38 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–धनु, मंगल–मेष, बुध–मिथुन, गुरू–वृष, शुक्र–मिथुन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज ज्वालामुखी योग प्रातः 6:38 से सांय 5:54 तक है। आज ज्येष्ठी पूर्णिमा, सत्यव्रत, संत कबीर जयन्ती है। आज से राष्ट्रीय आषाढ़ मास आरम्भ होगा। आज प्रतिपदा तिथि का क्षय हुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:20 से 9:03 तक, चर 12:28 से 4:11 तक, लाभ–अमृत 2:11 से 5:37 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:38, सूर्यास्त 7:19

**मेष**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिजनों के सहयोग से समस्या का समाधान हो सकता है।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**कन्या**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**वृश्चिक**
परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**धनु**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**मकर**
घर–गृहस्थी पर धन खर्च हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनावश्यक समय खराब होगा।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। घर–परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से मनोबल बढ़ेगा। व्यक्तिगत प्रयासों से महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

# सिर-हाथ कटी महिला की लाश नाले में मिली

## बीकानेर पुलिस ने हत्या के आरोप में एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**जोधपुर/बीकानेर,** (कासं)। जोधपुर में आज सुबह 10:30 बजे नाले में महिला का सिर और हाथ मिले। इससे 6 दिन पहले बीकानेर में महिला की सिर कटी लाश मिली थी। बीकानेर पुलिस ने हत्या के आरोप में एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, जिस महिला की हत्या हुई है, वह नागपुर की रहने वाली मुस्कान है। उसकी हत्या जोधपुर निवासी विकास मान और उसकी लिव-इन पार्टनर संगीता ने मिलकर की थी। इन्होंने मुस्कान की हत्या के बाद शव के टुकड़े अलग-अलग शहरों में फेंके थे। बीकानेर पुलिस महिला के अन्य बॉडी पार्ट्स की तलाश कर रही थी। इसी सिलसिले में शुक्रवार को बीकानेर पुलिस जोधपुर पहुंची। जोधपुर में रातानाडा थाना पुलिस के सहयोग से पांच बत्ती इलाके में नाले में सर्च अभियान चलाया गया। नाले की सफाई के लिए नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी से सफाई के दौरान एक कट्टे में सिर और दोनों हाथ मिले।

- हत्या के बाद शव के टुकड़े अलग-अलग शहरों में फेंके

दरअसल 15 जून को शाम बीकानेर में जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में पवनपुरी के अंडरब्रिज के पास सड़क किनारे कचरे में महिला की बिना सिर के लाश मिली थी। महिला के हाथ भी कटे हुए थे। शव से दुर्गंध आ रही थी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी तब पुलिस मौके पर पहुंची और मामले के खुलासे में जुट गई। बीकानेर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया- मामले में आरोपी विकास मान (37) निवासी जोधपुर और उसकी प्रेमिका संगीता (35) निवासी हनुमानगढ़ को पकड़ा गया। दोनों लिव-इन-रिलेशनशिप में रहते थे। संगीता ने प्रेमी के साथ मिलकर अपनी सहेली मुस्कान (34) निवासी पाली की हत्या की है। मुस्कान मूल रूप से नागपुर की रहने वाली थी।

पुलिस ने बताया ने कि 15 जून को जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में घड़सीसर के पास स्थित अंडरपास के कुछ आगे कचरे के ढेर में महिला का सिर कटा शव मिला था। शव 2 से 3 दिन पुराना था। महिला की पहचान पाली की रहने वाली मुस्कान के रूप में हुई थी। मामले की जांच करते हुए विकास और संगीता तक पहुंचे। पूछताछ करने पर दोनों ने हत्या करना कबूल किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि संगीता हनुमानगढ़ से जोधपुर गई थी। यहां उसकी मुलाकात मुस्कान से हो गई। दोनों अच्छी सहेली हो गई। संगीता ने उसे बताया कि वह जोधपुर में विकास नाम के लड़के के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रहती है। इसके तीनों का मिलना-जुलना होता रहा।

इस बीच मुस्कान ने संगीता को विकास के साथ लिव-इन में नहीं रहने के लिए कहा। वह संगीता को लगातार मना करती रही। इसके बाद भी उसने विकास को नहीं छोड़ा। मुस्कान के बर्ताव से दोनों उससे नाराज रहने लगे। तब दोनों ने उसकी हत्या का प्लान बनाया। प्लानिंग के तहत उसे घर बदलने के बहाने कार में साथ लेकर गए और हत्या कर दी। इसके बाद कार से ही जोधपुर बाइपास होते हुए बीकानेर के घड़सीसर लेकर आए। यहां गंडासे से उसके हाथ और सिर काट दिया। सिर और हाथ अपने साथ ले गए और बाकी का हिस्सा बीकानेर में ही फेंक दिया। इसके बाद दोनों जोधपुर आ गए और सिर व हाथ पांचबत्ती नाले के पास फेंक दिया।

पूछताछ में आरोपियों ने दोनों हाथ काटने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि मुस्कान के दोनों हाथ में टैटू बने हुए थे। एक हाथ में बाजू तक टैटू था, इस कारण पूरा हाथ काट दिया। दूसरे हाथ में कोहनी तक टैटू था इसलिए उसे कोहनी तक काट दिया। टैटू के कारण पहचान का डर था। बीकानेर से प्रशिक्षु आईपीएस रमेश पुलिस की टीम के साथ दोनों आरोपियों को लेकर आज सुबह करीब जोधपुर पहुंचे थे। आरोपियों की निशानदेही पर पांच बत्ती इलाके में नाले में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान कट्टे में मुस्कान का सिर और दोनों हाथ मिल गए। इसके बाद टीम बीकानेर रवाना हो गई।

## आसाराम की देर रात तबीयत बिगड़ी

**जोधपुर।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की देर रात तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल एम्स में भर्ती कराया गया किया। उन्हें आधीरात को सीने में दर्द उठा था। इसकी शिकायत पर एम्स ले जाया गया। शुक्रवार सुबह नार्मल रिपोर्ट आने के बाद वापस जेल भेजा गया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वा.अभि.विभाग खण्ड सांचौर**
एन.एच. पी.एच.ई.डी. कैम्पस सांचौर (जालौर)

Te. Pho.No. 02979-283624 E-mail.: eephedscr@gmail.com
क्रमांक-अ.अ./जन स्वा./सॉ/निविदा/2022-23/689 दिनांक-18.06.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या-02/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सांचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम व स्थान | अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सांचौर |
| निविदा का कार्य | शहरी जल योजना सांचौर में पाईप लाईन आपूर्ति कर जोडने एवं बिछाने का कार्य, लिकेज मरम्मत आदि कार्य के लिये किये गये गड्डों को भरना एवं विभिन्न जलयोजनाओं पर स्लुस वाल्व आपूर्ति कर लगाने का कार्य |
| निविदा की कुल लागत (राशि लाखों में) | कुल निविदा 03 रू. 35 लाख |
| निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक | 20.06.2024 से 01.07.2024 को 13.00 बजे तक |
| निविदाएं खोलने की तिथी व समय | 02.07.2024 को 15.00 बजे से |
| UBN NO. | PHE2425WSOB01797, PHE2425WSOB01798, PHE2425WSOB01799 |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड पर ही अपलोड किये जायेंगे।

(पृथ्वीसिंह) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड सांचौर
DIPR/C/4654/2024


# जयसिंहपुरा सरपंच सहित चार लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज पर खेली ताश

**कोटपूतली,** (निसं)। जिले के पनियाला थाना क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुरा में स्वयं सरपंच देवकरण मान अपने साथियों के साथ तिरंगे को खटीया पर पैरों में बिछाकर ताश खेल रहे है। यह विडियो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

इस सम्बंध में पनियाला थाने में सरपंच देवकरण मान सहित चार अन्य के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला भी दर्ज करवाया गया है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण रामवीर मान पुत्र विजय सिंह जाट, कृष्ण पुत्र फूलसिंह जाट, संदीप आर्य पुत्र बाबूलाल, सुरेन्द्र पुत्र बसंताराम, दिलीप पुत्र भगवानाराम, अविनाश पुत्र देशराम, उमराव व अशोक सभी निवासी जयसिंहपुरा ने मामला दर्ज करवाया कि विगत 9 जून को दोपहर करीब 2-3 बजे सरपंच देवकरण मान सहित अन्य दो-तीन जने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को बिछाकर जुआ खेल रहे थे। ये सभी आये दिन इसी प्रकार राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते रहते है। इस बाबत जब रोकने का प्रयास किया तो सरपंच ने गालियां देते हुये धमकी दी कि जो करना है कर लो, पुलिस व कानून को अपने जूतों की नोक पर रखता हूं।



चारपाई पर पैरों के नीचे तिरंगा रख कर ताश खलते सरपंच व अन्य।

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, सरपंच सहित चार लोगों पर मामला दर्ज
- रोकने का प्रयास किया तो सरपंच ने गालियां देते हुये धमकी दी

अगर नहीं माने तो तुम्हे जान से खत्म कर दूंगा। बहरहाल पनियाला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# फ्रेंडशिप के जाल में फंसा कर सगी बहनों से दुष्कर्म

**कोटा,** (निसं)। शहर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर दो सगी नाबालिग बहनों से दुष्कर्म करने का आरोप है। वहीं पुलिस इस मामले में फरार चल रहे दो अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

- दो गिरफ्तार और अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है

साथ ही पुलिस की ओर से कहा गया कि फरार चल रहे दोनों आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि आरोपियों ने पहले नाबालिग बच्चियों को फ्रेंडशिप के जाल में फंसाया और फिर उन्हें अलग-अलग जगह ले जाकर उनके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। एसपी ने बताया कि 17 जून को एक परिवादी ने शिकायत की थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उनकी दो बेटियां हैं जिनमें से एक की उम्र 15 साल और दूसरे की उम्र 16 साल है। दोनों को अलग-अलग जगहों पर ले जाकर चार लड़कों ने दुष्कर्म किया। इस संबंध में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। साथ ही इस मामले में फिलहाल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दो अन्य आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

मामले में गुमानपुरा थाना अधिकारी भूरी सिंह ने बताया कि आरोपियों ने दोनों बच्चियों को फ्रेंडशिप के जाल में फंसाया था। उसके बाद कोटा के अलग-अलग एरिया में ले जाकर उनके साथ दुष्कर्म किया। खास बात यह है कि आरोपी एक-दूसरे को नहीं जानते हैं लेकिन आरोपियों ने लड़कियों को अपने चंगुल में फंसाया और उसके बाद उनके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।


**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान**
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी0ए0डी0 सर्किल, कोटा
Website : www.kotamc.org, Email : nnksouth@gmail.com

क्रमांकः– ननि (दक्षिण) को/आयुक्त/2024/4550–60 दिनांकः– 20.06.2024

**–:: ई–निविदा सूचना ::–**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा निम्न उद्यानों के बाहर निर्धारित स्थानों पर वार्षिक ठेका से प्रवेश शुल्क व पार्किंग शुल्क संग्रहण राजस्व वसूली हेतु (कार्यादेश से एक वर्ष तक) के लिये 2 Bid 2 Stage (पद्धति) के माध्यम से ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फीस | धरोहर राशि | ठेका आरक्षित राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चम्बल उद्यान, हाड़ौती उद्यान प्रवेश शुल्क संग्रहण | 2000 | 500 | 44400 | 22,19,550/– |
| 2 | चम्बल उद्यान, हाड़ौती उद्यान के बाहर वाहन पार्किंग शुल्क संग्रहण | 1500 | 500 | 17100 | 8,54,550/– |

इस हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ऐजेन्सी निविदा प्रपत्र एवं शर्ते नगर निगम की वेब साईट https://urban.rajasthan.gov.in/content/raj/udh/nagar-nigam-kota-south/en/home.html एवं http://sppp.rajasthan.gov.in तथा https://eproc.rajasthan.gov.in/ से देख एवं डाउनलोड कर सकते है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र मिलने एवं ऑनलाईन निविदा जमा कराने की दिनांक | बिन्दु सं. 1 से 2 तक दिनांक 21.06.2024 से 30.06.2024 तक समय 6:00 बजे |
| अपेक्षित डी0डी0 जमा कराने की दिनांक | बिन्दु सं. 1 से 2 तक दिनांक 01.07.2024 समय 4:00 बजे |
| ऑनलाईन निविदा की तकनिकी बिड खोलने की दिनांक | बिन्दु सं. 1 से 2 तक दिनांक 02.07.2024 समय प्रातः 11:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | तकनीकी बिड पर प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत खोली जावेगी। |

उपरोक्त कार्य के लिये निर्धारित निविदा शुल्क व उनके सामने अंकित धरोहर राषि के डी.डी. आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण के नाम तथा सभी पृथक–पृथक कार्य के लिये प्रोसेसिंग फीस का डी0डी0 "मैनेजिंग डायरेक्टर" आर0आई0एस0एल0 जयपुर के नाम निर्धारित दिनांक 01.07.2024 को सांय 4.00 बजे तक राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा दक्षिण के "ए" ब्लॉक प्रथम तल पर कमरा नं0 238 में पहुंच जाना चाहिये। उक्त निविदायें नियत तिथि को ऑनलाईन खोली जावेगी। स्वीकृत ठेका राशि पर 18% GST एंव किसी भी प्रकार का प्रचलित कर सफल संवेदक स्वयं को वहन करना होगा। निविदादाता व्यक्ति/फर्म के नाम से तैयार डी.डी. जमा कराना जाना अनिवार्य होगा।

नोटः–
1. उक्त राशि एक वर्ष हेतु निर्धारित है जिसके लिये संवेदक को सम्बन्धित कार्य की एक मुश्त राशि निविदा स्वीकृति से 07 दिवस के अन्दर जमा करानी होगी। तत्पश्चात् ही कार्य की अनुमति प्रदान की जावेगी, अन्यथा निविदा निरस्त करते हुए पुनः निविदा जारी कर दी जावेगी जिसके लिए किसी तरह का कोई अभ्यावेदन/आपत्ति स्वीकार नही होगी।
2. केन्द्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी निकायों/निगम/बोर्ड/सार्वजनिक उपक्रम का बकायादार एवं ब्लैक लिस्टेड फर्म/संवेदक निविदा में भाग लेता है तो उसे तकनिकी रूप से असफल माना जावेगा।

UBN No.:-DLB2425SLOB00998
आयुक्त
नगर निगम कोटा (दक्षिण)
राज.संवाद/सी/24/1107



**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**निविदा सूचना**

विश्वविद्यालय द्वारा साफ सफाई कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा जारी की गयी है, जिसके यूबीएन GSU2425SLRC00005 है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी http://www.sppp.rajasthan.gov.in, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/1081 कुलसचिव


# बड़ी सादड़ी-नीमच ब्राडगेज रेल परियोजना के लिए भूमि आवंटन की मंजूरी

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बड़ी सादड़ी - नीमच ब्राडगेज रेल परियोजना के लिए प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी तहसील में 38.3649 हैक्टेयर भूमि रेलवे विभाग को आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की है। आगामी मंत्रिमण्डल की बैठक में भूमि आवंटन के इस प्रकरण को अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017-18 में रेल बजट में स्वीकृत हुई यह 48.35 किलोमीटर लम्बी रेल परियोजना 495.18 करोड़ रुपये की लागत से जून 2026 तक पूर्ण होगी।

नीमच मार्ग पर औद्योगिक ईकाइयां अधिक हैं। नये रेल मार्ग से उदयपुर सहित अन्य स्थानों पर भी मालभाड़ा परिवहन में सुविधा मिलेगी। इस परियोजना में बडी सादड़ी से नीमच के बीच 5 स्टेशनों का निर्माण होगा। जिनमें चैनपुरिया, जलोदा जागीर, बरवाड़ा गुजर, छोटी सादड़ी और नारायणी रेलवे स्टेशन प्रमुख हैं। यह परियोजना मावली से बडी सादड़ी तक की रेल लाइन का विस्तार है। पुराने मार्ग पर 2 ट्रेनें ही संचालित हो रही थी, इस रेल मार्ग के विस्तृत होने से यह मध्यप्रदेश के नीमच से जुड़ पायेगा। साथ ही उदयपुर से रतलाम के लिए नया वैकल्पिक रेल मार्ग बनने से ट्रेनों के फेरो में वृद्धि होगी।


**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001, दूरभाष सं. :- 0294-2421255, 2420013,
Helpline No. 0294-2426262, वेबसाइट - www-udaipurmc.org

क्रमांक :- निविजा/2024-25/ई-02 दिनांक :- 20/06/2024

**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 02/2024-25**

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु. 108.27 लाख के कुल 07 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 21.06.2024 एवं अंतिम तिथि 01.07.2024 तथा निविदा खुलने की तिथी 02.07.2024 रहेगी। निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। UBN No.: UNP2425WSOB00016

अधीक्षण अभियन्ता
नगर निगम, उदयपुर
राज.संवाद/सी/24/1071



**कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)**
E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106

क्रमांक : नपबा/निर्माण/2024/3035–38 दिनांक : 19.06.2024

**ई–टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 04/2024–25**

नगर परिषद बारां द्वारा नगर परिषद में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत एवं अन्य अभियांत्रिकी विभागो में "B" श्रेणी या उच्च श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखें। कार्यो की लागत 8.28 लाख रूपये से 45.00 लाख रूपये तक है तथा UBN No. निम्नानुसार है :–
1. DLB2425WSOB00948, 2. DLB2425WSOB00949, 3. DLB2425WSOB00950, 4. DLB2425WSOB00951, 5. DLB2425WSOB00952, 6. DLB2425WSOB00953, 7. DLB2425WSOB00955, 8. DLB2425WSOB00956, 9. DLB2425WSOB00957, 10. DLB2425WSOB00958

आयुक्त
नगर परिषद बारां
राज.संवाद/सी/24/1136



राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**
क्रमांक-निदे/अ.ख.अ./निलामी (ERCC IX) /2024/ई-06939

**ई-नीलामी विज्ञप्ति संख्या-ERCC (IX)/2024**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली,2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञप्ति से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों/क्वारी लाईसेंसो व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क/अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रीमियम शुल्क डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 29 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेट फार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे- ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

(भगवती प्रसाद) IAS
निदेशक
DIPR/C/4652/2024



**जयपुर विकास प्राधिकरण**
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः जविप्रा/व.उ.वि./2024–25/डी–274 दिनांकः 20.06.2024

**बिड आमंत्रण सूचना**
**बिड संख्याः व.उ.वि./2024–25/02**

जयपुर विकास प्राधिकरण वरिष्ठ उद्यानविज्ञ में "One time plantation in various Govt. premises like Police thana, Schools, Hospitals, Residential Schemes and Plants distribution to public in H-zone-II during the mansoon season (July to October) 2024" कार्य जिसकी लागतः ₹155.94 लाख के लिए दिनांक 01.07.2024 दोपहर 3:00 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण, जो कि निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है, अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा राजस्थान सरकार के उपापन पोर्टल www.sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.urban.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। (UBN No-JDA2425WSOB00041)

**निविदादाता को निविदा में भाग लेने हेतु आवश्यक है किः–**
1. जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.urban.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो। निविदा शुल्क व आर. आई. एस. एल. प्रक्रिया शुल्क केवल ऑनलाईन ही देय होगी। बोली प्रतिभूति ऑनलाईन अथवा बैंक गारंटी के द्वारा दी जा सकती है।
2. ऑनलाईन निविदा में भाग लेने हेतु राजस्थान सरकार के पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो।

राज.संवाद/सी/24/1154 वरिष्ठ उद्यानविज्ञ


# कोटा में डेढ़ इंच बारिश, कई इलाकों में जलभराव

## मौसम में राहत, किसानों के लिए भी फायदेमंद बारिश



कोटा में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है।

**कोटा,** (निसं)। कोटा में शुक्रवार को जमकर मूसलाधार बारिश गिरी और करीब 45 मिनट में 1.59 इंच यानी करीब 40.4 मिली मीटर बारिश हुई। करीब 11.40 बजे शुरू हुई बारिश ने राहत बरसाई। इसके बाद भी छुटपुट बारिश का क्रम लगातार जारी रहा।

इस तेज बारिश से गर्मी और उमस से तो फिलहाल लोगों को निजात मिली है लेकिन शहर के बाजारों और सड़कों के हाल बेहाल हो गए। कई निचली बस्तियों में लबालब पानी भर गया। गुरुवार को बारिश होने के चलते अधिकतम तापमान में 5.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस था जिसमें 2.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। जिसके बाद तापमान आज का 28.8 डिग्री सेल्सियस रहा। आज का अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री सेल्सियस रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता भारतरत्न गौड़ ने बताया कि चंबल नदी में पानी की आवक हुई है। जवाहर सागर बांध का जलस्तर उठ गया और वहां से मशीन के जरिए पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। 3500 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है उसी को देखते हुए कोटा बैराज से भी चंबल नदी में एक गेट खोलकर 3799 क्यूसेक पानी की निकासी की गई है ताकि बैराज के जलस्तर को 853 पर मेंटेन किया जा सके। दूसरी तरफ किसानों को यह बारिश काफी फायदा करने वाली है। उन्हें बुवाई के पहले अपने खेतों में पानी देने की जरूरत नहीं होगी। वर्तमान में किसान खरीफ की फसल के लिए खेतों को तैयार कर रहे हैं। जिसमें यह बारिश मदद करेगी।

**नालों की सफाई व्यवस्था की खुली पोल :-** तेज बारिश ने नगर निगम कोटा उत्तर और दक्षिण की सफाई व्यवस्था और करोड़ों रुपए से हुई नालों की सफाई की पोल खोल दी। बारिश के बाद चश्मे की बावड़ी, जवाहर नगर व मोहन टॉकीज रोड सहित कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। यहां से गुजर रहे वाहन भी पानी में बंद हो गए जिसके चलते वाहन चालकों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी भराव होने की स्थिति में नालियों में जमा गंदा पानी और कीचड़ भी दुकानों और मकान तक पहुंच गया। बारिश के बाद बिजली की व्यवस्था भी गड़बड़ा गई। बारिश शुरू होने के साथ ही लाइनों में फाल्ट होना शुरू हुआ कई इलाकों में एक से दो घंटे तक बिजली नहीं आई।

**पेड़ गिरने से वाहनों को नुकसान :-** इस बारिश के पहले काफी तेज आंधी का दौर भी 20 से 25 मिनट तक चला। कलेक्ट्रेट परिसर की पार्किंग में भी पेड़ की शाखा टूट कर गिर गए। जिसकी चपेट में पार्किंग में खड़े कुछ दुपहिया वाहन आ गए। मेडिकल कॉलेज के एमबीएस अस्पताल में भी बारिश के चलते मरीजों और तीमारदारों को खासी परेशानी हुई। अचानक हुई तेज बारिश से अस्पताल में जगह-जगह पर पानी टपकने लगा।

**चूरू में देर रात तक चलता रहा बारिश का दौर :-** चूरू में पिछले लंबे समय से भीषण गर्मी के कहर से गत रात को आयी झमाझम बारिश ने राहत प्रदान की। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को यहां का अधिकतम 31.4 व न्यूनतम 24.4 डिग्री सेल्सियस तापमान तथा गत रात से सुबह साढ़े आठ बजे तक 12.6 व आज सुबह साढ़े आठ से लेकर शाम तक 0.9 एम.एम बारिश दर्ज की गई। गत रात से लेकर अब तक 13.5 एम.एम बारिश हो चुकी है। यहां पर गत दिवस अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस चल रहा था जो कि प्री-मानसून की बारिश के बाद एकाएक 9.6 डिग्री सेल्सियस नीचे आ जाने से आमजन के साथ जीव जंतुओं को भीषण गर्मी से निजात मिल गयी।


**राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर- 302005, फोन-0141-2227751,4593201
ई-मेल-riico@riico.co.in वेबसाईट- www.riico.co.in

**निविदा सूचना**

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीलबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, दौसा | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र दौसा मे स्ट्रीट लाइटों के संचालन एवं संधारण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00320 | 1.19 |
| 1.2 | औद्योगिक क्षेत्र बापी मे स्ट्रीट लाइटों के संचालन एवं संधारण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00319 | 1.44 |
| 1.3 | औद्योगिक क्षेत्र लालसोट मे स्ट्रीट लाइटों के संचालन एवं संधारण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00318 | 1.90 |
| 2. | इकाई प्रभारी, जयपुर (दक्षिण) | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र बगरू छितरौली, जयपुर मे जल प्रदाय योजना के सुधारीकरण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00359 | 1.97 |
| 3. | इकाई प्रभारी, ईपीआईपी–सीतापुरा (जयपुर) | |
| 3.1 | औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा प्रथम व द्वितीय चरण में सूट्स के निर्माण व मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00395 | 1.90 |

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं (लागत रूपये 2 लाख या उससे अधिक) निर्धारित प्रपत्र में eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, किशनगढ़ | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र काचरिया में सर्वेक्षण कार्य एवं बाहरी सीमा स्तंभ के निर्माण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00321 | 58.32 |
| 2. | इकाई प्रभारी, जयपुर(दक्षिण) | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र मानसरोवर, जयपुर मे वर्षा जल संरक्षण संरचना के निर्माण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00329 | 11.76 |
| 2.2 | औद्योगिक क्षेत्र मालवीया, जयपुर मे सडकों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनः डामरीकरण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00330 | 110.99 |
| 2.3 | औद्योगिक क्षेत्र हीरावाला, जयपुर में अग्निशमन केन्द्र की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00331 | 3.05 |
| 2.4 | औद्योगिक क्षेत्र मानसरोवर, जयपुर मे सडकों के सुदृढीकरण एंव पुन डामरीकरण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00332 | 142.99 |
| 2.5 | औद्योगिक क्षेत्र बस्सी एवं बस्सी (विस्तार), जयपुर मे जल प्रदाय योजना (मय सामान) के संचालन एवं संधारण का कार्य। UBN-RDC2425WSRC00356 | 2.81 |
| 2.6 | औद्योगिक क्षेत्र हीरावाला एवं हीरावाला (विस्तार), जयपुर मे जल प्रदाय योजना (मय सामान) के संचालन एवं संधारण का कार्य। UBN-RDC2425WSRC00358 | 2.52 |
| 2.7 | औद्योगिक क्षेत्र अपैरल पार्क, जयपुर मे जल प्रदाय योजना (मय सामान) के संचालन एवं संधारण का कार्य। UBN-RDC2425WSRC00355 | 2.04 |
| 3. | इकाई प्रभारी, ईपीआईपी–सीतापुरा (जयपुर) | |
| 3.1 | इकाई कार्यालय ईपीआईपी सीतापुरा के अन्तर्गत विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र स्थित कम क्षमता वाले ट्यूबबैल के रिपलेसमेन्ट का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00387 | 38.38 |
| 3.2 | औद्योगिक क्षेत्र संस्थानिक क्षेत्र सीतापुरा, जयपुर में शेष सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00388 | 59.16 |
| 3.3 | इकाई कार्यालय ईपीआईपी सीतापुरा के अन्तर्गत विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र में एसआर व सीडब्ल्यूआर की मैकेनिकल द्वारा सफाई का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00389 | 8.47 |
| 3.4 | औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा तृतीय चरण में स्थित आवासीय कॉलोनी में नाली की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00390 | 5.21 |
| 3.5 | औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा प्रथम व द्वितीय चरण में ईन्टरलॉकिंग टाईल्स रिफिक्सिंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00391 | 17.87 |
| 3.6 | औद्योगिक क्षेत्र रामचन्द्रपुरा में नाली की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00392 | 6.71 |
| 3.7 | औद्योगिक क्षेत्र रामचन्द्रपुरा में सी एण्ड डी वेस्ट मलबा उठाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00393 | 2.50 |
| 3.8 | औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा तृतीय चरण में स्थित आवासीय कॉलोनी में पार्क की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00394 | 3.65 |
| 4. | इकाई प्रभारी, जयपुर(उत्तर) | |
| 4.1 | औद्योगिक क्षेत्र विश्वकर्मा, जयपुर में 05 वर्ष के रखरखाव सहित पौधारोपण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00363 | 12.08 |
| 4.2 | औद्योगिक क्षेत्र जैतपुरा, जयपुर में पार्क के विकास का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00364 | 66.91 |
| 4.3 | औद्योगिक क्षेत्र झोटवाड़ा विस्तार–प्रथम एवं द्वितीय चरण, जयपुर में स्ट्रीट लाईट के उन्नयन का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00365 | 14.02 |
| 4.4 | औद्योगिक क्षेत्र झोटवाड़ा विस्तार–द्वितीय चरण, जयपुर में पार्क रखरखाव एवं पौधारोपण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00366 | 18.12 |
| 5. | इकाई प्रभारी, अजमेर | |
| 5.1 | औद्योगिक क्षेत्र सावर में सड़कों की रिकार्पेटिंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00323 | 57.27 |
| 5.2 | औद्योगिक क्षेत्र सरवाड़ में सी.सी. रोड़ का निर्माण का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00322 | 50.14 |
| 5.3 | औद्योगिक क्षेत्र पालरा में सी.सी. सड़क और रिकार्पेटिंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00324 | 338.00 |
| 5.4 | औद्योगिक क्षेत्र गोहाना में नाली रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00373 | 2.42 |
| 6. | इकाई प्रभारी, उदयपुर | |
| 6.1 | औद्योगिक क्षेत्र कलड़वास एक्सटेंशन उदयपुर में नई पत्थर की चिनाई वाली नालियों और संपर्क मार्गों का निर्माण कार्य। UBN-RDC2425WLOB00339 | 561.87 |
| 6.2 | औद्योगिक क्षेत्र कलड़वास (विस्तार) उदयपुर में ओएचएसआर, जीएलएसआर, पंप हाउस और चारदीवारी का निर्माण का कार्य UBN-RDC2425WSOB00340 | 122.85 |
| 7. | इकाई प्रभारी, झालावाड़ | |
| 7.1 | औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेन्टर झालावाड़ में हाई मास्ट लाईट उपलब्ध कराने एवं लगाने का कार्य UBN-RDC2425WSOB00341 | 5.90 |
| 7.2 | औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेन्टर झालावाड़ में सीमेन्ट कंक्रीट सड़क का निर्माण कार्य। UBN-RDC2425WSOB00362 | 294.23 |
| 8. | इकाई प्रभारी, भिवाड़ी–प्रथम | |
| 8.1 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी में फेज तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम में नाली सफाई एवं रखरखाव का वार्षिक कार्य। UBN-RDC2425WSOB00357 | 60.08 |
| 8.2 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी के गेस्ट हाउस में मासिक आधार पर हाउस कीपिंग और केटरिंग सेवाओं हेतु वार्षिक कार्य। UBN-RDC2425WSOB00360 | 48.36 |
| 8.3 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी के विभिन्न स्थानों पर एसआर /सीडब्ल्यूआर की सफाई एवं कीटाणु शोधन का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00361 | 7.88 |
| 8.4 | औद्योगिक क्षेत्र, भिवाडी में रीको रेस्ट हाउस (हिल टॉप) में रेस्टोरेन्ट एवं खान–पान सेवा के संचालन एवं रख–रखाव के कार्य बाबत्। UBN-RDC2425SSOB00374 | 2.85 |
| 8.5 | औद्योगिक क्षेत्र भिवाड़ी के नवीन गेस्ट हाउस में नये डीजी सेट की आपूर्ति स्थापना परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00377 | 18.07 |
| 9. | इकाई प्रभारी, भिवाड़ी–द्वितीय | |
| 9.1 | औद्योगिक क्षेत्र सलारपुर में बचे हुए भाग में यू.पी.वी.सी. पाईप लाईन की आपूर्ति, बिछाने व जोड़ने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00410 | 79.64 |
| 9.2 | इकाई कार्यालय–द्वितीय के अन्तर्गत भूखण्ड डिमार्केशन के लिए दीवार बनाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00411 | 35.95 |
| 9.3 | औद्योगिक क्षेत्र कारोली में बाउंड्री वॉल की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00412 | 12.11 |
| 9.4 | औद्योगिक क्षेत्र कारोली में बाउंड्री वॉल की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00413 | 20.24 |
| 9.5 | औद्योगिक क्षेत्र खुशखेड़ा में विभिन्न स्थानों पर बाउंड्री वॉल की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00414 | 27.25 |
| 9.6 | औद्योगिक क्षेत्र खुशखेड़ा में अंदर की सड़कों पर नालियों की ऊंचाई व मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00415 | 62.29 |
| 9.7 | औद्योगिक क्षेत्र चौपानकी में प्लॉट नम्बरिंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00416 | 6.70 |
| 9.8 | औद्योगिक क्षेत्र आई.आई.डी. खुशखेड़ा में प्लॉट नम्बरिंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00417 | 2.51 |
| 9.9 | औद्योगिक क्षेत्र खुशखेड़ा में प्लॉट नम्बरिंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00418 | 6.70 |
| 10. | इकाई प्रभारी, सवाई माधोपुर | |
| 10.1 | औद्योगिक क्षेत्र गंगापुर सिटी में अनावृत क्षेत्र में रख–रखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00327 | 24.69 |
| 10.2 | औद्योगिक क्षेत्र कारौली में पत्थर की नाली बनाने एवं इंटरलॉकिंग टाईल की आपूर्ति व लगाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB00328 | 6.37 |
| 11. | सलाहकार (ए.एण्ड.एम), रीको, उद्योग भवन, जयपुर | |
| 11.1 | निगम मुख्यालय में तौलिये, बैडशीट, कार के सीट कवर, सौफा कवर इत्यादि की धुलाई एवं ड्राईक्लिन का कार्य। UBN-RDC2425SSOB00314 | 2.00 |
| 11.2 | उद्योग भवन, जयपुर में कम्प्यूटर्स आदि का वार्षिक रखरखाव। UBN-RDC2425SSOB00317 | 3.60 |

निविदा का विस्तृत विवरण, नियम इत्यादि एवं भविष्य में निविदा में किसी प्रकार के संशोधन/तिथि बढ़ने की जानकारी हेतु वेबसाइट www.riico.co.in व www.eproc.rajasthan.gov.in को देखें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: महाप्रबंधक (सिविल), फोन –0141–4593243

Raj.Samwad/C/24/1120

## जयपुर में दूसरे दिन बारिश का दौर जारी रहा

**जयपुर।** राजस्थान में प्री मानसून की गतिविधियां शुरू होने से जयपुर समेत प्रदेशभर में दूसरे दिन शुक्रवार को भी मौसम का मिजाज बदलने से आमजन को गर्मी से राहत मिली। पश्चिमी विक्षोभ के असर से बादलों की आवाजाही और तेज हवाओं के बीच मेघ मेहरबान हुए। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। दोपहर बाद मौसम पूरी तरह से सभी जगहों पर बदला गया। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया।

जयपुर सहित करीब एक दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। जयपुर में लगातार दूसरे दिन रूक-रूक कर बारिश का दौर रात तक चलता रहा। मौसम विभाग के अनुसार कोटा, उदयपुर संभाग व आसपास के क्षेत्र में 22-23 जून को मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां जारी रहने तथा दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 24 जून से बारिश में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# जमीनों पर कब्जा व फिरौती मांगने वाली गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया

## पुलिस ने दोनों बदमाशों को चूरू से पकड़ा है

- **जांच में सामने आया है कि इसी गैंग से जुड़ा एक बदमाश कपिल खत्री साउथ अफ्रीका में है।**

**जयपुर।** राजधानी की चित्रकूट थाना पुलिस ने जमीनों पर कब्जा और मारने की धमकी देकर फिरौती मांगने वाली गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों बदमाशों को चूरू से पकड़ा है।

जेल में बंद गैंगस्टर कॉल कर फिरौती मांगते, उनके आदेश पर गैंग के सदस्य रुपयों की वसूली कर पहुंचाते थे। इस गैंग के एक सक्रिय बदमाश के साउथ अफ्रीका में होने का पता चला है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जमीनों पर कब्जा और फिरौती मांगने वाली गैंग के बदमाश याकूब सब्जी फिरौश (41) पुत्र आमीन और शाहीद खान (35) पुत्र महबूब खान निवासी सरदार शहर चूरू को गिरफ्तार किया गया है। चित्रकूट थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई कर दोनों बदमाशों को चूरू में दबिश देकर पकड़ा है।

पिछले दिनों संगठित आपराधिक गैंग के जमीनों पर कब्जा और हत्या करने की धमकी देकर फिरौती मांगने के मामले बढ़े थे। इन अपराधों को रोकने के लिए पुलिस की एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने इससे जुड़े गैंगस्टर सहित बदमाशों पर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने 2 जेल प्रहरी सहित 12 बदमाशों को मामले में अरेस्ट किया था। उनके कब्जे से जेल में पहुंचाने के लिए 2 कीपेड मोबाइल और हथियार बरामद किए गए थे।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश चन्द विश्नोई ने बताया कि गैंग से जुड़े बदमाशों की भूमिका की जांच की गई। जांच में सामने आया कि अजमेर जेल में बदमाश अरसद निवासी सरदार शहर चूरू बंद है। वह पहले पंजाब जेल में हत्या के मामले में बंद रह चुका है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकाण्ड में कपिल पंडित का सहयोगी भी है। जेल में बंद बदमाश अरसद के आदेश पर सरदार शहर में एक जमीन पर कब्जा करने को लेकर गिरफ्तार किए दोनों बदमाश याकूब सब्जी फिरौश और शाहीद खान से संपर्क में थे।

गैंग से जुड़े अवैध धंधों में संचालित और जेल के नेटवर्क में जुड़े होने पर भूमिका संदिग्ध मिलने पर दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। जांच में सामने आया है कि इसी गैंग से जुड़ा एक बदमाश कपिल खत्री साउथ अफ्रीका में है। उसकी भी भूमिका सक्रिय मिली है। साउथ अफ्रीका में बैठे बदमाश कपिल खत्री के गैंगस्टर रितिक बॉक्सर का सहयोगी होने का भी इनपुट मिले है।

## युवक से मारपीट कर सोने की घड़ी व अन्य सामान छीना

**जयपुर।** शिप्रापथ थाना इलाके में तीन बदमाश एक युवक से मारपीट कर सोने की घड़ी, अंगूठी सहित अन्य सामान छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार अग्रवाल फार्म निवासी अंकित जैन ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपनी मां को छोड़कर वापस आ रहा था। रास्ते में वह कुछ समय शिप्रापथ नाले पर रुका।

इसी दौरान गौरव खत्री और उसके कुछ साथी वहां पर आए और उससे शराब के लिए रुपए मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उससे मारपीट की और उसकी सोने की घड़ी, सोने की अंगूठी, गाडी की चाबी सहित अन्य सामान छीनकर ले गए। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। मानसरोवर थाना इलाके में कार सवार बदमाश एक होमगार्ड के जवान से मारपीट कर 72 हजार रुपए छीनकर ले गए। मालपुरा टोंक निवासी हेमराज ने मामला दर्ज करवाया।

## गणगौरी अस्पताल के टॉयलेट में मिली युवक की लाश

- **सफाई के दौरान युवक गिरा मिला, डॉक्टर को दिखाने आया था**

**जयपुर।** शहर के गणगौर हॉस्पिटल के टॉयलेट में शुक्रवार सुबह एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सफाई के दौरान कर्मचारी को ओपीडी टॉयलेट में युवक का शव पड़ा मिला। कोतवाली थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल के मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि बीमार होने के चलते वह हॉस्पिटल में डॉक्टर के पास दिखाने आया था।

पुलिस ने बताया कि त्रिपोलिया बाजार में स्थित गणगौरी हॉस्पिटल के टॉयलेट में युवक की लाश मिली है। टॉयलेट में युवक की लाश मिलने का पता चलने पर हॉस्पिटल में मौजूद लोगों में सनसनी फैल गई। सुबह करीब 9 बजे हॉस्पिटल प्रशासन ने टॉयलेट में लाश मिलने की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी।

पुलिस के पहुंचने पर हॉस्पिटल की ओपीडी के टॉयलेट में युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सबूत जुटाए। मृतक की पहचान बनवारी (40) निवासी लक्ष्मणगढ़ अलवर के रूप में हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को हॉस्पिटल के मुर्दाघर भिजवाया। पुलिस ने बताया कि पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में आया है कि मृतक बनवारी जयपुर में एक ठेकेदार के पास मजदूरी का काम करता था। वह पिछले काफी समय से बीमार चल रहा था। शुक्रवार सुबह बनवारी बीमारी के चलते डॉक्टर को दिखाने हॉस्पिटल की ओपीडी में आया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक को साइलेंट अटैक आया था और उस वजह से मौत हुई।

# आर.ओ.बी. सिविल लाईन्स के लिये 70 प्रतिशत सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूरा

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा यातायात सुधारीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य करवाये जा रहे है। जिससे आमजन की राह सुगम हो रही है।

जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि जेडीए द्वारा यातायात सुधारीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य के तहत जयपुर-दिल्ली एवं जयपुर-सवाई माधोपुर रेलमार्ग पर आर.ओ.बी सिविल लाईन्स का निर्माण करवाया जा रहा है।

जेडीसी ने बताया कि जमनालाल बजाज मार्ग पर गर्डर लाँचिंग चल रही है एवं शीध्र ही स्लैब का कार्य शुरू किया जायेगा। साथ ही रेलवे पोर्शन में पाईल का कार्य प्रगतिरत है।

जैकब रोड पर 70 प्रतिशत सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं आर.ई.वॉल का कार्य प्रगति पर है। जेडीए द्वारा कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के प्रयास किये जा रहे है।



**जयपुर-दिल्ली एवं जयपुर-सवाई माधोपुर रेलमार्ग पर आर.ओ.बी. सिविल लाईन्स का निर्माण करवाया जा रहा है।**

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जेडीसी मंजू राजपाल द्वारा निरंतर बैठक एवं मॉनिटरिंग करते हुए प्रोजेक्ट का कार्य तीव्रगति से निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाने हेतु प्रयास किये जा रहे है।

आर.ओ.बी की चौड़ाई 17.10 मी. एवं लम्बाई 706.00 मी. प्रस्तावित है। आर.ओ.बी में वायाडक्ट की लम्बाई 381.28 मीटर होगी, जिसमें 17 स्पान होंगे। रेलवे स्पान की लम्बाई 34.78 मी. तथा अन्य स्पान की लम्बाई 25.00 मी. होगी। साथ ही दोनों ओर 5.50 मी. सर्विस रोड़ का निर्माण कराया जायेगा।

इस आर.ओ.बी के निर्माण से जैकब रोड़ से जमनालाल बजाज मार्ग से यातायात का निर्बाध रूप से आवागमन होता रहेगा। जिससे एल.सी. बंद होने की स्थिति में जैकब रोड़, जमनालाल बजाज मार्ग, परिवहन मार्ग एवं सवाई प्रताप मार्ग पर जाम होने वाला यातायात सुगम हो जायेगा।

## नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर।** श्याम नगर थाना इलाके में फ्रेंडशिप कर एक युवती से रेप का मामला सामने आया है। होटल में मिलने बुलाकर आरोपी ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म किया। शादी करने का झांसा देकर लगातार देहशोषण करता रहा। मामले की जांच थानाधिकारी कैलाश चन्द कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि बारां निवासी 31 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह वैशाली नगर इलाके में रहकर एक कंपनी में जॉब करती है। अप्रैल-2022 में फोन कॉल के जरिए उसकी बातचीत नादिर हुसैन उर्फ अरहान खान से हुई थी। मना करने के बाद भी आरोपी नादिर उसे बार-बार कॉल करने लगा। बातचीत कर आरोपी नादिर ने उससे फ्रेंडशिप कर ली। करीब तीन महीने बाद मिलने के बहाने श्याम नगर इलाके में स्थित होटल में बुलाया। मिलने जाने पर आरोपी ने उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई। बेहोशी की हालत में उससे रेप किया। होश आने पर विरोध करने पर आरोपी नादिर ने शादी करने का वादा किया।

अपने घरवालों से मिलवाकर उसको विश्वास तक दिलाया। शादी करने का झांसा देकर लगातार देहशोषण करता रहा। पीड़िता के शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी ने मना कर दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने श्याम नगर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

वहीं दूसरी ओर विधायकपुरी इलाके में एक ऑफिस में युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। परिचित युवक ने नशा मिलाकर युवती को पिलाया था। बेहोशी की हालत का फायदा उठाकर दूसरे किसी व्यक्ति ने छेड़छाड़ की। बेहोशी टूटने पर युवती से वहां से भागकर अपनी आबरू बचाई। मामले की जांच एएसआई हरि सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि राजापार्क निवासी 22 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह विधायकपुरी स्थित एक ऑफिस में जॉब करती है। मंगलवार सुबह ऑफिस पहुंचने पर उसने कॉफी-नमकीन खाई। कुछ ही देर बाद तबीयत खराब होने पर भी ध्यान नहीं देकर वह अपने काम में लगी रही।

## सार-समाचार

### योग से पर्यावरण बचाने का संदेश



**जयपुर।** योग दिवस पर फील एंड फिट योगा सेंटर, प्रिंस रोड, विधुत नगर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को योगासनों के जरिए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। फील एंड फिट के प्रबंधक एवं योगा टीचर रीना शर्मा के द्वारा योगा करवाया साथ ही पिंकी खंडेलवाल, नीरू अग्रवाल, सुनीता शर्मा, कांता अग्रवाल, शिवानी को पर्यावरण बचाने की शपथ दिलवाई।

### सीएचओ भर्ती में 767 पद और बढ़ाए

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा आधारित की जा रही भर्ती में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पदों में 767 पद बढ़ाकर अब कुल 5261 पदों पर भर्ती की जाएगी। इससे अधिक संख्या में युवाओं को चिकित्सा सेवा में आने का अवसर प्राप्त होगा एवं यह राज्य सरकार की अधिकाधिक रोजगार प्रदान करने की नीति में एक बड़ा कदम होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि आयुष्यान आरोग्य मंदिर पर पदस्थापित करने के लिए चिकित्सा विभाग द्वारा पूर्व में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के 3531 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी। इसके बाद 963 पद और बढ़ाए गए थे। अब इन पदों में 767 पद और बढ़ाकर 5261 कर दिया गया है। इस संबंध में संशोधित विज्ञप्ति जारी किए जाने के लिए प्रस्ताव राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को प्रेषित कर दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के वर्तमान कुल भर्ती किए जाने वाले पदों में 770 पद अनुसूचित क्षेत्र के तथा 4491 पद गैर-अनुसूचित क्षेत्र के शामिल हैं। इस प्रकार वर्तमान सरकार ने विज्ञापित पदों में कुल 1730 पदों की वृद्धि कर अतिरिक्त रोजगार सृजन की ओर कार्य किया है।

### जिला परिषद की साधारण सभा आज

**जयपुर, (का.सं.)।** जिला परिषद सभागार में 22 जून को विशेष साधारण सभा की बैठक होगी। जिला प्रमुख रमादेवी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बैठक में बिजली, पानी, सड़क सहित आमजन से जुड़े अन्य अहम बिन्दुओं पर चर्चा होगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन, महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024-25 का अनुमोदन, पट्टा पत्रावलियों का अनुमोदन किया जाएगा। बैठक में जिला परिषद के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### बदमाश युवक से मोबाइल छीन ले गया

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक के हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर ले गया। पुलिस के अनुसार दृष्टा नगर निवासी विकास सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह 19 जून की रात करीब नौ बजे घर के बाहर टहल रहा था। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश आया और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर उसका आईफोन छीनकर ले गया। इस अप्रत्याशित घटना में वह कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राजस्थान जनजाति परामर्शदात्री परिषद् में 15 सदस्य मनोनीत

**जयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने इसी क्रम में राजस्थान जनजाति परामर्शदात्री परिषद् में सदस्यों का मनोनयन किया है। इस परिषद में राजस्थान विधानसभा में निर्वाचित अनुसूचित जनजाति के 14 विधायकगण सदस्य बने हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास हेतु परिषद् महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे अनुसूचित जनजातियों एवं अनुसूचित क्षेत्र (टीएसपी) का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि परिषद् द्वारा राज्य की अनुसूचित जनजाति के कल्याण और उन्नति से संबंधित ऐसे विषयों पर भी सलाह दी जाती है जो राज्यपाल द्वारा निर्दिष्ट किए जाएं। राजस्थान जनजाति परामर्शदात्री परिषद् में मुख्यमंत्री द्वारा विधायक महेन्द्रपाल मीणा, हंसराज मीणा, राजेन्द्र मीणा, रामबिलास, समाराम, प्रतापलाल भील, फूल सिंह मीणा, अमृत लाल मीणा, महेश मीणा, शंकर लाल डेचा, कैलाश चन्द्र मीणा, हेमन्त मीणा, गोपीचन्द मीणा, ललित मीणा का मनोनयन किया गया है। साथ ही परिषद् में एक गैर सरकारी सदस्य के पद पर पुष्कर तेली का मनोनयन भी किया गया है।

## जे.एम.ए. में डॉक्टर्स ने योग किया

जयपुर। जयपुर मेडिकल एसोसिएशन की ओर से जेएमए प्रांगण में 21 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान एसोसिएशन से जुड़े डॉक्टर्स ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगाभ्यास किया।

जेएमए अध्यक्ष डॉ तरुण ओझा और सचिव डॉ अनुराग शर्मा ने बताया कि जेएमए प्रांगण में शुक्रवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. शर्मा ने बताया की दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस योगाभ्यास का संयोजन डॉ. महेश पोद्दार ने किया।

## कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा तिथि स्थगित

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) विद्यार्थियों के व्यापक हित को दृष्टिगत रखते हुए फीटर, इलेक्ट्रीशियन तथा रेफ्रीजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग ट्रेड कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा की तिथि स्थगित करने का निर्णय लिया है।

कौशल, नियोजन एवं उद्यिमता विभाग ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को इस संबंध में अवगत कराते हुए आगामी अक्टूबर-नवम्बर माह में यह भर्ती परीक्षा आयोजित करवाने का आग्रह किया है।

शासन सचिव पीसी किशन ने बताया कि यह निर्णय राजस्थान तकनीकी प्रशिक्षण अधीनस्थ सेवा नियम 1975 (संशोधित) में क्राफ्ट्समैन इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सीआईटीएस) पाठ्यक्रम अनिवार्य करने के फलस्वरूप लिया गया है। उन्होंने बताया कि सीआईटीएस की परीक्षा जुलाई महीने में होगी और अक्टूबर में परिणाम घोषित होना प्रस्तावित है।

# चिकित्सा मंत्री ने आरयूएचएस परिसर में योगाभ्यास किया

**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित योग शिविर में भाग लिया। खींवसर ने यहां योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न योग क्रियाएं कीं।

खींवसर ने इस दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि योग दुनिया को भारत की अमूल्य देन है। हमारे देश में ऋषि-मुनियों ने योग क्रियाओं के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से पूरी दुनिया ने योग के महत्व को समझा है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि प्राणायाम, ध्यान, योग एवं आसन आदि से हमारी आंतरिक शक्ति मजबूत होती है और ऊर्जा का संचार होता है। हर व्यक्ति को स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. धनंजय अग्रवाल,



**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित योग शिविर में भाग लिया।**

कुलसचिव हरफूल पंकज, आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद जोशी, आरयूएचएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह सहित आरयूएचएस से संबद्ध अस्पतालों के चिकित्साधिकारी, चिकित्साकर्मी एवं मेडिकल छात्र उपस्थित थे।

चिकित्सा मंत्री ने इस दौरान आरयूएचएस परिसर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और निर्देश दिए कि कॉम्पलेक्स में ज्यादा से ज्यादा खेल सुविधाएं विकसित की जाएं। इसे और बेहतर बनाया जाए, ताकि इसका अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित हो। उन्होंने यहां बारिश के मौसम में पौधारोपण करने के भी निर्देश दिए।

# पचास हजार के इनामी तस्कर को उदयपुर में पकड़ा

- **तस्कर राज्य स्तर पर टॉप 25 व रेंज स्तर पर टॉप 10 वांटेड की श्रेणी में शामिल है।**

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने कोटा शहर में मकबरा थाने के एनडीपीएस एक्ट के मामले में 4 साल से व गुमानपुरा थाने में 3 साल से वांछित 50 हजार रुपए के इनामी तस्कर मुनव्वर हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन निवासी वक्फ नगर थाना दादाबाड़ी कोटा को उदयपुर के सूरजपोल इलाके से पकड़ा है। पकड़ा गया तस्कर राज्य स्तर पर टॉप 25 एवं रेंज स्तर पर टॉप 10 वांटेड की श्रेणी में शामिल है।



**एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने तस्कर को उदयपुर से गिरफ्तार किया।**

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि पकड़े गए तस्कर मुनव्वर हुसैन के विरुद्ध कोटा शहर के मकबरा व गुमानपुरा थाने में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। इन दोनों प्रकरणों से पहले भी आरोपी एनडीपीएस एक्ट के मामले में 10 वर्ष की जेल काट चुका है। लंबे समय से वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गत वर्ष 3 अगस्त को कोटा रेंज आईजी द्वारा 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया।

प्रदेश में सक्रिय गैंगस्टर, हार्डकोर बदमाश, हिस्ट्रीशीटर, तस्करों आदि के बारे में आसूचना संकलन के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीमों को अलग-अलग शहरों में भेजा गया है। इसी दौरान डीआईजी क्राइम योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मलिक के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य कांस्टेबल मोहनलाल को फरार तस्कर के बारे में पुख्ता आसूचना प्राप्त हुई।

इस पर एडिशनल एसपी राजेश मलिक के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल महेंद्र कुमार, कृष्ण गोपाल, करणी सिंह एवं कांस्टेबल सोहन देव व मोहनलाल की एक टीम गठित कर सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई के लिए उदयपुर रवाना की गई। टीम द्वारा विषम परिस्थितियों में वेश बदलकर अपनी पहचान छुपाते हुए शुक्रवार को सूरजपोल थाना क्षेत्र से आरोपी तस्कर मुनव्वर हुसैन को डिटेन कर लिया।

## माइंड्री ने भारत भर में योग दिवस मनाया

**जयपुर।** जयपुर में मुख्यालय और मेहुल जैन द्वारा स्थापित, माइंड्री, एक प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य और वेलनेस कंपनी, ने 2024 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत के 51 स्थानों में योग सत्र आयोजित करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया। इस राष्ट्रव्यापी पहल में बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई, पुणे, चेन्नई, इंदौर, वडोदरा और कोयंबटूर जैसे प्रमुख शहरों से उत्साही भागीदारी देखी गई, जिससे आज की व्यस्त दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य और सचेतन के महत्व पर जोर दिया गया।

योग सत्रों को न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए बल्कि प्रतिभागियों के बीच समग्र स्वास्थ्य और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया था। विविध पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को एक साथ लाकर, माइंडरी ने एक एकीकृत भलाई और शांति का वातावरण बनाने का प्रयास किया।

हम मानसिक स्वास्थ्य की गहरी क्षमता को पूरी तरह से अपनाते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हमारे योग सत्रों की अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया हमारी प्रेरणा को प्रज्वलित करती है और हर कोने में मानसिक स्वास्थ्य में क्रांति लाने के हमारे संकल्प को गहरा करती है।

# जंतर-मंतर पर ग्रीष्म संक्रांति का हुआ आयोजन

- **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और पुरातत्व व संग्रहालय विभाग के तत्वावधान में हुआ आयोजन**
- **विशेषज्ञों ने जंतर मंतर के उपकरणों की कार्यप्रणाली से करवाया रूबरू**

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर के जंतर-मंतर पर शुक्रवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्रीष्म संक्रांति कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में विशेष विशेषज्ञों ने देशी-विदेशी पर्यटकों, आमजन एवं प्रतिभागियों को 21 जून को सबसे बड़ा दिन एवं सबसे छोटी रात के सिद्धान्त ग्रीष्म संक्रांति के माध्यम से जंतर-मंतर के 17वीं सदी में स्थापित उपकरणों की कार्यप्रणाली से रूबरू करवाया।




**विशेषज्ञों ने 21 जून को सबसे बड़ा दिन एवं सबसे छोटी रात के सिद्धान्त ग्रीष्म संक्रांति के माध्यम से रूबरू करवाया।**

एस्ट्रो नाइट स्काई टूरिज्म कार्यक्रम के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव वी. श्रवण कुमार की मौजूदगी में आयोजित हुए आयोजन में विशेष विशेषज्ञों द्वारा ग्रीष्म संक्रांति खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए घटना के वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। जंतर मंतर के कन्वेंशन सेंटर में विषय विशेषज्ञों प्रीति वैष्णव एवं गोविंद दाधीच द्वारा ग्रीष्म संक्रांति के विषय में प्रेजेंटेशन के माध्यम से पर्यटकों को विस्तृत जानकारी दी गई।

क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र एवं साइंस पार्क के उपनिदेशक कैलाश मिश्रा ने बताया कि जब सूर्य अपने चरम ऊंचाई पर था तब कार्यक्रम में षषटाश यंत्र एवं दक्षिणावर्ती यंत्र पर सूर्य का एल्टीट्यूड मापा गया। कार्यक्रम में जंतर मंतर की अधीक्षक प्रतिभा यादव ने भी शिरकत की।



## World Rainforest Day

The rainforests are keeping our planet alive. They're home to half of the world's animal species, they provide us with freshwater, and are essential for keeping our climate stable. Yet every second, one and a half hectares is lost, while each year, 78 million hectares of precious rainforest are destroyed. That's why *World Rainforest Day* has been created to take decisive action to combat deforestation, reduce the effects of climate change, and protect our rainforests for future generations. Donate or volunteer your time to helping or raising awareness about how we can save the rainforests, and keep these crucial ecosystems alive.



#JOB-HUNT

# A Thank You Email

You've updated your resume, written your cover letter, and prepared for your interview. Now, it's time for your *thank you note* to seal the deal.



You've just finished an interview for a job opportunity that you're really excited about. You know you should send a *thank you note* to your interviewers, but you're not sure what to write. How much detail should you include? Should you send an email to every person you interviewed with? And what's really the best way to follow up? Here's some advice on what to say and not to say in your message. Let's start with what to write in your note.

## How to Write a Thank You Email

Your email should be short, sincere, and sent within 24 hours of your interview.

1. Address the email to the person who interviewed you and make sure you spell their name correctly. If their name is Christopher and they asked you to call them Chris in the interview, address them as such in your follow-up. If you interviewed with multiple people, it's a good practice to send each person a brief message as well.
2. Thank the person for their time and consideration.
3. Briefly highlight your draw to the organization. Candidates should call out an aspect of the conversation that was particularly interesting or share a helpful hook to help them remember what you spoke about.
4. Express your continued interest in the job opportunity.
5. Offer to answer any questions.

Lourdes Olvera-Marshall, who teaches networking and career management courses at NYU, recommends jotting down quick notes when you're interviewing. Write down your interviewer's name, what you discuss, and a few key words to trigger your memory, so that you can make your follow-up message more meaningful. As she told me, "The thank you note starts during the interview."







## What to Avoid in Your Thank You Email

If you don't want to leave the interviewers with a bad impression, avoid these three common mistakes.

1. **Adding too much detail**
   Remember that the intention of the message is to say thank you, not to pick up where your interview left off. Your follow-up is not the place to add all the things you wish you had highlighted in your interview. When you do, you run the risk of appearing desperate or like you weren't prepared for the interview.
2. **Making requests**
   People are busy. Avoid requesting anything that creates additional work. You want to show your interviewer that you're easy to work with.
3. **Typos**
   And of course, don't forget to review your email for grammar and spelling before sending. This is an example of your communication.



# ...Eating Order Changeth!



Economic Protectionism: Jean-Baptiste Colbert, the Finance Minister, sought to increase French economic prosperity by keeping imports as low as possible and exports as high as possible. Joan DeJean underscores Louis XIV's goal to take over luxury trade. In particular, he wanted to overshadow the country he contemptuously referred to as 'that nation of shopkeepers,' the Dutch, then Europe's greatest mercantile and shipping power. The King resolved that France would become a 'mercantile superpower' and that it would achieve this status fully on its own terms. In such a climate, Colbert's bottom line was plain, first, to make sure that all the goods Louis XIV considered essential to the promotion of his image, as the wealthiest, the most sophisticated, and the most powerful monarch in Europe, would be produced in France and by French workers, and second, to make certain that as many people as possible would be slavishly following the Sun King's dictates and buying only the same French-made luxury goods that the King features at Versailles.




Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

Today, when we think of international meals using the freshest local produce available, we automatically think of chefs like Alice Waters. Food *gurus* like Alice Waters merely helped popularize a way of cooking that stems back to 17th-century France. 17th-century food writers like Nicholas de Bonnefons encouraged cooks to use the freshest and simplest ingredients from their gardens. In *Le Jardinier français* (1651) and *Les Délices de la campagne* (1654), Bonnefons helped to create a revolutionary vision of cuisine by persuading aristocrats all over France to cultivate their gardens. He believed that the flavours should never be diluted. In other words, a pea soup should capture the essence of peas, a cabbage soup must be completely infused with the essence of cabbage, a turnip soup with turnip.

To me, it's most shocking that in the European world, it wasn't until 1683 that a doctor finally declared fruits and vegetables as healthy foods. In *The Essence of Style* (2005), Joan DeJean states that Dr. Nicolas Venette was the first medical authority to affirm that vegetables and fruits were healthy. DeJean explains, "In the Middle Ages, vegetables were thought to be indigestible, coarse fare fit for peasants." This view on vegetables clearly changed drastically during the 17th century. In fact, Louis XIV was apparently obsessed with his garden, the famous *potager du roi*. And, Versailles went insane for the freshest green peas coming out of Louis XIV's garden. DeJean describes a 'craze for fine fruit' and 'young tender vegetables being the rage.' She exclaims, 'The second half of the seventeenth century was a golden age for fruits and vegetables. Many more varieties than ever before began to be cultivated. Sixty kinds of pears were available in France at the beginning of the seventeenth century, but nearly four hundred in Bonnefon's day. *Asparagus*, *artichokes*, and *spinach* originally became important in French cuisine. The strawberry was mentioned, for the first time in a cookbook, in *The French Cook* (1651).





#FINE DINING

## Prohibition on Foreign Cheese






This obviously had an effect on the *cheeses* that people were eating and producing at the time. I think that it is worth stressing that the king had two agendas in this regard.

**1. *Economic Protectionism*:** Jean-Baptiste Colbert, the Finance Minister, sought to increase French economic prosperity by keeping imports as low as possible and exports as high as possible. Joan DeJean underscores Louis XIV's goal to take over luxury trade. In particular, he wanted to overshadow the country he contemptuously referred to as 'that nation of shopkeepers,' the Dutch, then Europe's greatest mercantile and shipping power. The King resolved that France would become a 'mercantile superpower' and that it would achieve this status fully on its own terms. In such a climate, Colbert's bottom line was plain, first, to make sure that all the goods Louis XIV considered essential to the promotion of his image, as the wealthiest, the most sophisticated, and the most powerful monarch in Europe, would be produced in France and by French workers, and second, to make certain that as many people as possible would be slavishly following the Sun King's dictates and buying only the same French-made luxury goods that the King features at Versailles.


**2. *Centralization of France*:** Although, France existed as a unified entity, it was separated by different regional customs, and, perhaps, more importantly, it was divided by aristocracy in each region. Louis XIV broke down peoples' loyalty to their lord and increased their loyalty towards him. If they wanted to be influential in any way, aristocrats had to leave their homes and head for Versailles.

## You can't import, but make perfectly

Regions of France along the borders were culturally affected by the King's agenda. For example, in northeastern France, Flanders (now, part of Belgium), people ate Dutch food. Their diet consisted of foods imported from Holland. In the city of Lille, *Edam* was probably the most common cheese, the most popular at the time. However, in response to laws forbidding importing Edam, French, living by Flanders, created their own Edam-like cheese, *Mimolette*. The cheese is produced in the same way as Edam. As a result, many believe it originated in Holland.



I first came across this cheese during my year-abroad in Paris. I entered one of the many cheese shops on *Rue Mouffetard* with the intention of buying my usual, *Saint Nectaire* and *Comté or Beaufort*. But, as I walked into the shop, it was as though all my senses were drawing me closer to this large bright orange cheese with the size of a bowling ball. I was intrigued by its shape and colour. The appearance was breathtaking. It didn't matter why I originally came to the shop. Nothing mattered but the cheese, that I had to try. It was surprisingly sweet, it tasted of butterscotch.




## Louis XIV made Cheese popular

During the 17th-century, Paris and Versailles were the places where food, clothing, décor, hair styles, and more became 'trendy.' *Henri de La Ferté-Saint-Nectaire*, *Maréchal de France,* brought Saint-Nectaire to Louis XIV. Louis XIV had a love affair with soft-ripened cheeses, it's no wonder this cheese became such a hit.

Of course, the origins of Saint Nectaire are not limited to 17th-century France. In fact, the history of Saint Nectaire probably goes back well before the Romans discovered the high quality cheeses of the Auvergne, the region where *Saint Nectaire* is produced. Throughout the Middle Ages, the cheese sat on rye straw, known as '*gléo,*' to ripen. During the Middle Ages, this '*gléo cheese*' became a form of currency. Peasants paid their lords with the cheese. It was not until *Henri de La Ferté-Saint-Nectaire* presented a wheel of the cheese to the 'Sun King' that the cheese was named *Saint Nectaire*, named after the man that introduced it to the court.

This cheese is exquisite with its creaminess and delicacy. The rich complex flavour is due to the *Dore Mountains'* pastures, where the cows graze. The Auvergne region has over 2,500 species of flowers and is home to 100 rare protected plants. The non-active volcanoes in the region have left volcanic ash, deep into the soil that has produced an incredibly rich geography, an accessible Garden of Eden. Saint Nectaire is not the only cheese that was brought to Louis XIV court. *Roquefort* and *Cantal* also became trendy cheeses. In *Savinien d'Alquié's* book *Les Délices de la France*, he lays out the best places to buy these cheeses.

## The Art of Presentation





Could the French have created fine dining without the extravagance at Louis XIV's court? No.

One rarely reads 17th-century French references about food at court that do not emphasize the extravagant festivals and shows (entertainment) that encompassed each meal. In January 1700, *Madame la Chancelière* gave a ball in honour of the Duchesse de Bourgogne. Joan DeJean explains the evening's 'dinner theater component, five of the kinds of stands at which fairgoers paused for refreshment while shopping the *Foire Saint-Germain,* had been faithfully reconstructed.' *Mme la Chancelière* recreated *Parisian* food shops. She even had an actor at each store front façade, who played the role of its owner.

In 1674, a professional chef wrote *L'Art de bien traiter* (The Art of Fine Entertaining). The anonymous L.S.R. outlined methods for hosting the most fabulous feasts. The book is more of a manual for the *maître d'hotel* than a cookbook. He paid an incredible amount of attention to the presentation of food, everything from the arrangement of food on the plate and on the table to the process of serving each meal. He outlined a report on the elaborate way of serving a meal, known as '*service à la française*.' In French service, platters are spread out in the middle of the table and guests serve themselves. You're able to try several different dishes. In *The Essence of Style*, Joan DeJean describes French service, "*French service* was an orchestrated ritual, that dictated with absolute precision both, the order in which courses were served and the symmetrical arrangement on the table of the dishes, that composed each course. The banquet's quality was judged both, by the way in which all the different dishes in each course, as well as those in all the different courses, worked together, and by the geometrical pattern formed by the arrangement of dishes on the table."

Fine dining and fine service is still the same, west over. The best finishing schools teach it. It could have been a turnaround for the economy. And the French killed their King who brought them that glory.

rajeshsharma1049@gmail.com

#LIFE-SKILL

# Benefits of Pet Parenting for Children

Being a pet parent offers a number of benefits for both, children and adults. From improving mental health to promoting valuable life skills, a pet can enrich your child's life and help create a lasting bond.



*Pet parenting* is a growing trend in the modern days. It is more than just providing food and shelter to a pet. It's about understanding their needs, offering emotional support, and creating lasting memories together. Although, pet parenthood comes with responsibilities, challenges, and sacrifices, the unconditional love, joy and good health that they bring make it all worth it.

Raising a pet can also have unique benefits for children. While it's well known that pets can teach children responsibility, empathy, and compassion, a study by the Centres for Disease Control and Prevention (CDC) found that children who grow up with pets, especially dogs, have a lower risk of developing allergies and asthma. Alongside, pets can also help children develop social skills and improve their self-esteem.

Moreover, studies from the Human-Animal Bond Research Institute (HABRI) reveal that pet ownership offers a multitude of health benefits, including increased happiness, reduced loneliness, and decreased stress. This growing recognition underscores the importance of pets in promoting emotional well-being. In India, urbanisation and increased spending power have led to a surge in pet adoptions. Before getting a pet for their children, parents should consider factors such as lifestyle, living space, and time commitment required for proper pet care. Certain dog breeds, like *Labrador Retrievers* and *Golden Retrievers*, are often recommended for families due to their gentle temperaments. When children grow up with a pet, they do not face loneliness and anxiety. Also, caring for a pet helps children develop valuable life skills. By adhering to feeding schedules, exercising, and grooming their pets, children learn responsibility and discipline that extends beyond pet care.

## Here are some health benefits of pet parenting for children.

### Keeps stress away

**Playing** with a pet releases *oxytocin*, a hormone associated with bonding and relaxation, which contributes to improved mental health. Additionally, studies have shown that interacting with pets can lower *cortisol* levels, the body's primary stress hormone, leading to reduced stress and anxiety in children.

### No more sedentary life

**Children,** who have pets, are more likely to engage in regular physical activity, such as walking or playing with their pets. This increased activity level helps maintain healthy weight, improves cardiovascular health, and enhances their physical fitness.

### Greater communication skills

**If** your child grows up with a pet, he/she tends to have better social skills and higher levels of empathy compared to those without pets. Caring for a pet requires understanding and interpreting non-verbal cues, which promotes empathy and communication skills in children.

### Problem solving skills

Interacting with pets has been shown to stimulate cognitive development in children. Pets offer opportunities for learning and problem-solving, as children must interpret the needs and behaviours of their pets. This hands-on experience improves critical thinking skills, decision-making abilities, and emotional intelligence.





### Reduces allergy risk

**Contrary** to common belief, exposure to pets during childhood has been linked to a reduced risk of developing allergies and asthma. Research suggests that early exposure to *pet dander* and other allergens helps strengthen the immune system and reduce the likelihood of allergic reactions later in life.



### Emotional well-being


**Multiple** studies have highlighted the positive impact of pet ownership on emotional well-being. Pets provide companionship, unconditional love, and a sense of security, which can help reduce feelings of loneliness, depression, and stress in children.



### Promotes self-esteem


**When** a child is responsible for pet care tasks, such as feeding, grooming, and training, he/she develops a sense of competence and confidence in his/her abilities. Successfully meeting the needs of their pets can boost self-esteem and foster a sense of accomplishment in children.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# शिकार के लिए बाड़े में घुसे पैंथर की हथियारों से की हत्या

## पेंथर को भगाने की कोशिश में तीन ग्रामीण घायल हुए

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के कोलाडा गांव के एक बाड़े में भूख से व्याकुल पैंथर ने शिकार करने के लिए बछड़े पर हमला कर दिया। मवेशियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर बाड़े का मालिक लाडफूल मीणा मौके पर आया एवं पैंथर को भगाने का प्रयास किया। इस दौरान पैंथर ने उस पर हमला कर दिया। उसकी आवाज सुनकर उसके पड़ोसी हंसराज मीणा व पप्पू खान भी मौके पर पहुंच गये। तीनों ने मिलकर पैंथर को भगाने की कोशिश जिसमें तीनों घायल हो गए। तीनों घायलों को बौंली चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद सवाईमाधोपुर जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

बौंली रेंज के वनपाल भूपेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि कोलाडा के ग्रामीणों द्वारा गुरुवार शाम को करीब 6:15 पर दूरभाष पर क्षेत्रीय वन अधिकारी कविता बाई जाट को एक पैंथर द्वारा मवेशियों पर हमला करने एवं ग्रामीणों द्वारा पैंथर पर पथराव करने की सूचना मिली जिस पर वन विभाग की टीम राजकीय वाहन के साथ शाम 6:45 कोलाडा गांव मौके पर पहुंची तो पैंथर मृत अवस्था में पाया गया। उसके ऊपर 10 से 15 किलो के भारी पत्थर पड़े थे। मौके पर पैंथर का वीडियो व फोटोग्राफी कराई गई पैंथर अनुसूची प्रथम का वन्य जीव होने के कारण ग्रामीणों द्वारा पैंथर को मारने पर उपवन संरक्षक श्रवण कुमार रेड्डी के निर्देश पर अज्ञात लोगों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं में वन विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है। सूचना के बाद बौंली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश यादव, पुलिस उपाधीक्षक अंगद शर्मा एवं सर्किल इंस्पेक्टर अवतार सिंह भी मय बल के मौके पर पहुंचे।



पेंथर के शव को वन विभाग की टीम ने भारी पत्थरों के बीच में से निकाला।

फिलहाल पैंथर के शव को वन विभाग की कस्टडी में संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग सवाई माधोपुर प्रथम श्रेणी चिकित्सालय ले जाया गया है जहां पोस्टमार्टम के बाद पैंथर का दाह संस्कार किया जाएगा। बौंली रेंज के वनपाल भूपेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि पैंथर के बाडे में घुसकर बछडी का शिकार करने के प्रयास के दौरान बाडे का मालिक लाडफूल मीना, हंसराज व पप्पू खांने पैंथर को खदेडना चाहे जिस पर पैंथर ने शायद उन पर हमला कर दिया। पैंथर के पैरों में चोट आने के कारण वह बाडे के पास सकरी गली में घुस गया तो लोगों ने ऊपर छत पर चढ कर पैंथर के ऊपर भारी पत्थर मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद मौके पर वन विभाग की टीम में कैलाश यादव, हीरालाल, राजेंद्र गुर्जर, प्रह्लाद सिंह व नवल किशोर मौजूद रहे।

# भीषण कार दुर्घटना में चार की मौत, तीन घायल

## परिवार के सदस्य चित्तौड़गढ़ घूमकर वापस अपने गांव चिला चोकडी नीमकाथाना लौट रहे थे



भीषण कार दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार।

**बिजयनगर,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित वकील कॉलोनी के समीप गुरुवार रात्रि एक कार आगे चल रहे ट्रेलर से टकराने से कार सवार दंपती व उसके दो वर्ष के मासूम पुत्र सहित 4 की दर्दनाक मृत्यु हो गई। कार मे सवार तीन जने गंभीर रूप से घायल हो गए।

कार दुर्घटना की जानकारी मिलने पर थानाअधिकारी करण सिंह खंगारोत पुलिस, जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने कडी मशक्कत करते हुये घायलों को कार से बाहर निकालकर जरीए एम्बुलेंस राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया। पुलिस ने दुर्घटना की जानकारी परिजनों को दी प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार के सदस्य अपने मित्र के साथ चित्तौड़गढ़ घूमकर वापस अपने गाव चिला चोकडी नीम का थाना लौट रहे थे।


पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार बिजयनगर से नसीराबाद को ओर जा रही थी। इसी दौरान कार ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार नीम का थाना के समीप स्थित चिला चौकड़ी निवासी दिनेश, सोनू पत्नी दिनेश, दो वर्षीय भानु पुत्र दिनेश, प्रदीप की हादसे मे मोत हो गयी ।कार में सवार संदीप सेन, प्रियांशु तन्नू गंभीर घायल हो गए। जिन्हे राजकीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के पश्चात अजमेर रेफर किया गया। शुक्रवार को पुलिस ने मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सोपा।

# 50 फीट गहरी खाई में गिरी कार, चालक की मौत

## असंतुलित होकर शिवपुरा घाटे में खाई में गिरी कार

**मसूदा,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के शिवपुरा घाटे में शुक्रवार शाम को एक कार असंतुलित होकर 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बडी संखया में आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए।

ग्रामीणों की मदद से शव को कार से बाहर निकालकर 108 एंबुलैंस की मदद से राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय की मोरचरी पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार गोविन्दपुरा निवासी 25 वर्षीय भूपेन्द्रसिंह पुत्र चेतनसिंह रावत अपनी कार में सवार होकर रामगढ़ से ब्यावर की और आ रहा था। बताया जा रहा है कि शिवपुरा घाटे में अचानक कार असंतुलित होकर 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार चालक भूपेन्द्रसिंह की मौत हो गई। उधर मृतक का शव एकेएच मोरचरी पहुंचने पर उसके परिजन, ईष्टमित्र तथा अन्य की भीड़ एकत्रित हो गई। मृतक के शव का एकेएच मोरचरी में सुरक्षित रखवा दिया है।



हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

# पाली में मवेशियों के सिर कटे हुए मिले, हंगामा हुआ

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर में गुरुवार देर रात मवेशियों के कटे सिर मिलने के बाद हंगामा हो गया। मामला इतना बढ्ढ गया कि मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और रास्ता बंद कर दिया। पुलिस को लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ना पड़ा। मामला पाली शहर के कोतवाली के मस्तान बाबा का है। यहां रात करीब 10:15 बजे बांडी नदी की रपट पर मवेशियों के अवशेष की सूचना मिली थी। जैसे ही शहर के लोगों को इसके बारे में पता चला मौके पर भीड़ जुटना शुरू हो गई और रास्ता बंद कर दिया। इस दौरान पाली शहर से निकलने वाले जयपुर-जोधपुर रास्ते को भी बंद कर दिया है। सूचना मिलने पर एएसपी विपिन शर्मा, सीओ सिटी जितेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। चार से ज्यादा सिर मिले चार से ज्यादा सिर मिले हैं। हिंदू संगठनों का कहना है कि ये गोवंशों के अवशेष हैं। जबकि एएसपी विपिन कुमार शर्मा का कहना है कि जांच के बाद में पता चलेगा कि ये सिर गाय के है या भैंस के या फिर किसी अन्य जानवर के।

# अंधड़ व बारिश में गिरे मकान तो उड़ी सौर उर्जा की प्लेट व टीनशेड

**मालपुरा,** (निसं)। शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी दोपहर बाद मौसम में हुये बदलाव के बाद चली तेज हवाओं के वेग से मकान धराशाही हो गये तो कई जगह टीनशेड व अन्य सामान हवा के साथ उड गये।

शुक्रवार को चली तेज हवाओं में बृजलाल नगर निवासी रामनिवास शर्मा के मकान की ईंटो की दिवार धराशाही हो गई। गनीमत रही कि इस दौरान दिवार के आसपास किसी के नहीं होने से बडा हादसा टल गया। हवा के वेग से टीनशेड दूर जा गिरे। औधोगिक क्षेत्र मे एक इंडस्ट्री मे लगी सौलर प्लेटे व टीनशेड उड गये। इंडस्ट्री मालिक को लाखो रूपयो का नुकसान हुआ। कई जगह पेड उखड बीच सडक पर आ गिरे। तेज बरसात से बाजार मे सडके जलमग्न हो गई तो नीचे के ईलाको की आवासीय कॉलोनियो मे बरसात का पानी भर जाने से आमजन घरो मे कैद हो गये। आपदा राहत के नाम पर पालिका प्रशासन व उपखण्ड प्रशासन द्वारा ठोस प्रबंधन नही किये जाने का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है।



तेज बारिश व अधंड़ से ईंटों की दीवार गिर गई।

मुख्य सड़क किनारे उगे भारी भरकम पेड़ों के वर्षों पुराने हो जाने से कई पेड हवा के वेग से उखड़ कर धराशाही हो गये। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सडक सीमा मे उगे प्राचीन पेडो की समय पर सुध नही लेने तथा सुखे पेडो को सडक सीमा से नही हटवाने की लापरवाही का खामियाजा आमजन भुगत रहा है। गुरूवार को पंचायत समिति के बाहर जयपुर भीलवाडा स्टेट हाईवे के किनारे गिरे विशाल नीम के पेड को 24 घंटे बाद भी सडक सीमा से नही हटवाने के चलते आमजन व वाहन चालको को भारी समस्याओं का सामना करना पड रहा है।

# पारिवारिक विवाद में चाचा भतीजे की हत्या

**कोटा,** (निसं)। जिले के सांगोद इलाके में दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। यह घटनाक्रम सांगोद के माल बावड़ी के नजदीक हुआ है। यहां रिश्ते में चाचा-भतीजे मृत अवस्था में मिले। दोनों शव पर चोटों के निशान है। सूचना पर मौके पर पहुंची सांगोद थाने की टीम ने एफएसएल, एमओबी व डॉग स्क्वाड को बुलाया है। पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है।

कोटा ग्रामीण के एसपी करण शर्मा ने बताया कि दोनों मृतक सांगोद निवासी अशोक कुमावत और रवि कुमावत है। कुमावत परिवार का आपस में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इस पारिवारिक विवाद के चलते ही चाचा और भतीजे अशोक और रवि पर उनके ही परिवार के दूसरे भाइयों और भतीजों ने हमला कर दिया। उस समय दोनों चाचा-भतीजे अपने खेत पर जा रहे थे। खेत पर जाते समय दोनों पर लाठियों और कुल्हाड़ी से हमला किया गया। मौके पर कुल्हाड़ी भी मिली है। इसके चलते रवि और अशोक की मौत हो गई। इस मामले में सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद जांच-पड़ताल की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ परिजनों ने शिकायत दी है। इस पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इनमें से चार आरोपियों को पुलिस ने डिटेन कर लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। दूसरी तरफ दोनों के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर सांगोद अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया।

# युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र के सुवाणा इलाके में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी के फंदे पर झूल आत्महत्या कर ली। सदर थाने के हेड कांस्टेबल गुड्डू सिंह ने बताया की सुवाणा क्षेत्र में रहने वाले 18 वर्षीय किशोर विशाल पिता जगदीश कस्वा 12वी कक्षा का छात्र था। अपने ही घर पर अज्ञात कारणों के चलते आज उसे साफी से फंदा बना के फांसी लगा ली। मां ने उसे जब कड़े से झूलता देखा तो पैरो तले जमीन खिसक गई। चीख पुकार सुन के अन्य परिजन मौके की और दौड़े और विशाल को फंदे से उतार कर एमजी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# महिला से सामूहिक दुष्कर्म, मामला दर्ज

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। तीन-चार जनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार शाम 4 बजे पुलिस को यहां डाई नदी क्षेत्र में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने की सूचना मिली थाना प्रभारी सत्यवान सिंह मीणा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे।

यहां बदहवास हालत में मिली महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उसका उपचार शुरु किया गया सरवाड़ पहुंचे पुलिस के उच्च अधिकारी घटना की जानकारी मिलने पर नदी की पुलिया पर लोग एकत्र हो गए। जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र सिंह, पुलिस उप अधीक्षक हर्षित शर्मा पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच - पड़ताल की पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया दुष्कर्म का है। घटना में लिप्त लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है इस मामले में सरवाड़ पुलिस ने आरोपी शंकर सांवरा एवं शंकर निवासी सरवाड़ को गिरफ्तार किया है।

# महिला तस्कर के अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

**सूरतगढ़,** (निसं)। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू के निर्देशों पर सिटी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त एक महिला आरोपी के अतिक्रमण पर बुलडोजर चलवा कर सरकारी भूमि को मुक्त करवाया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर प्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार व श्रीगंगानगर जिला प्रशासन व जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे ऑपरेशन सीमा संकल्प के अन्तर्गत सूरतगढ़ सिटी पुलिस ने नशा तस्कर महिला के अवैध कब्जे पर नगरपालिका प्रशासन की मदद से कार्रवाई की गई। एएसपी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों की सूचना संकलन के दौरान संज्ञान में आया कि आरोपी सोहनी देवी पत्नी स्वर्गीय शंकरलाल सांसी निवासी वार्ड 37 सूरतगढ़ , अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में संलिप्त है। आरोपी महिला के खिलाफ पूर्व में भी सिटी पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत कई प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी सोहनी देवी ने रेलवे अंडरब्रिज के पास बड़ोपल रोड पर आम गली में अतिक्रमण कर अस्थाई खोखा (दुकान) बना रखा था। जिस पर कार्रवाई करते हुए सिटी पुलिस ने नगरपालिका जाब्ते की मदद से अस्थाई खोखा (दुकान) बनाकर किए अतिक्रमण को ध्वस्त कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया। कार्रवाई के दौरान सिटी पुलिस थाना प्रभारी सुरेश कस्वां, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा सहित पुलिस जाब्ता व पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

सिटी पुलिस की ओर से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त आरोपियों की सम्पत्ति पर यह तीसरी कार्रवाई है। इससे पूर्व सिटी पुलिस चूना रोड पर नशा तस्कर के घर पर बुलडोजर चलाने तथा गांव राजपुरा पीपेरन में एक नशा तस्कर की तस्करी से अर्जित सम्पत्ति को फ्रीज करने की कार्रवाई कर चुकी है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर वाहन चोर



पुलिस ने चोर के कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद की।

**अजमेर,** (कासं)। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शुक्रवार को कार्यवाही करते हुए शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छह चोरी की मोटर साइकिलें बरामद की है। पकड़े गए युवक से कई ओर वारदातें खुलने की संभावना है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी छोटे लाल ने बताया कि न्यू चन्द्र नगर ब्यावर रोड निवासी परिवादी दीपक मंगल पुत्र रूपचंद 10 जून को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। दीपक ने पुलिस को बताया कि बस स्टैंड स्थित पीएनबी एटीएम के सामने से 7 जून को उसकी मोटर साइकिल चोरी हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात चोरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्गसिंह राजपुरोहित, सीओ उत्तर रूद्र प्रकाश शर्मा के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभय कमाण्ड सेंटर से सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर संदिग्ध आरोपी गोदियाना किशनगढ़ शहर निवासी कान सिंह पुत्र भरत सिंह को गिरफ्तार किया।

# दलित युवक का अपहरण कर मारपीट, पेशाब पिलाने की कोशिश

**आसीन्द,** (निसं)। आसींद पुलिस के अनुसार घर के बाहर बैठे युवक को एक वाहन से आये लोगों ने अगवा करने के बाद इधर-उधर घूमाते हुये मारपीट की। बाद में उसे बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा और बर्बरतापूर्वक संडासी से हाथ के नाखून तक तोड़ दिये। इतना ही नहीं, पीडित् युवक को जबरन पेशाब पिलाने की कोशिश भी की गई।

पुलिस ने युवक को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त करवाते हुये उसका मेडिकल व प्राथमिक उपचार करवाया। साथ ही 13 नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इनमें एक ऐसा शख्स भी है, जो खुद को पत्रकार बताता है। उधर, 2 आरोपितों को पुलिस ने डिटेन कर लिया, जिनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सुराज निवासी अशोक 20 पुत्र रतनलाल खटीक ने 13 नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी कि 20 जून की रात साढ़े दस से ग्यारह बजे के बीच वह घर के बाहर बैठकर मोबाइल चला रहा था, तभी सामने से एक कार आई, जो घर के बाहर रुकी। वह, कुछ समझ पाता, इससे पहले ही कार से आरोपित किशोर सिंह व उसके साथी ने उसका मुंह दबा दिया और कार में डालकर अगवा कर लिया। कार में जसवंत सिंह व उसके साथी परिवादी अशोक के उपर बैठ गये और गाली-गलौच करते हुये 5 आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। रात 1 बजे तक उसे इधर-उधर घुमाते रहे । इसके बाद परिवादी अशोक को ये लोग, किशोर सिंह के घर के बेसमेंट में ले गये और बंधक बनाकर लाठी-डंडों और सरियों से बेरहमी से मारपीट की। जसवंत सिंह ने अशोक का मुंह दबा कर उसे पेशाब पिलाने की कोशिश की। इसके बाद जसवंत सिंह ने संडासी से अशोक के हाथों के नाखून तोड़ दिए

- **पुलिस ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से कराया मुक्त**

। फोन और जेब में रखे 5000 रुपये निकाल लिये। उसका गला दबा दिया। बेसमेंट में होने से उसकी आवाज कोई नहीं सुन सका। जसवत सिंह ने उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया और मुंह पर पैर रख कर जातिगत गाली देते हुये कहा कि तेरा यह हाल करुंगा कि तेरे परिवार, रिस्तेदार और पुलिस भी नहीं ढूंढ पायेगी ।

अशोक के पास एक प्लॉट है, जिस पर 40 साल से उसी का कब्जा है। आरोपितों ने 10-12 दिन पहले जसवंत सिंह के साथ मिलकर इस प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश कर गाली-गलौच की। इसे लेकर परिवादी अशोक खटीक द्वारा आसींद थाने में केस दर्ज करवाया था। इसी का बदला लेने के लिए आरोपित तिलोक सिंह, सुरेन्द्र सिंह और जसवंत सिंह मिलकर परिवादी पक्ष पर मुकदमा उठाने के लिए लगातार दबाव बना धमकियां दे रहे थे। जसवंत सिंह बार-बार अशोक को बोल रहा था कि मुकदमा उठा ले वरना में पत्रकार हुं। तेरे पर कुछ भी कार्रवाही करवा सकता हूँ । मेरी पहुंच उपर तक है । इनके साथी तिलोक सिंह, सुरेन्द्र सिंह ने परिवादी, उसके पिता व भाई को जातिगत अपमानित कर रिपोर्ट उठा लेने के लिए कहा। साथ ही धमकी दी कि अगर ऐसा नहीं किया तो गांव से बाहर निकाल देंगे। मकान हड़प लेंगे।

डीएसपी ने शुरु की जांच, दो आरोपित डिटेन आसींद पुलिस का कहना है कि अशोक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध धारा 341, 323, 342, 365. 379 आईपीसी व एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। इसकी जांच डीएसपी आसींद हेमंत कुमार ने शुरु की है। दो आरोपितों को डिटेन किया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज पीडित् अशोक की रिपोर्ट पर पुलिस ने जसवंत सिंह रावत निवासी बुलिया का कुआ, सुराज, जीवन सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह रावत सुराज, तिलोक सिंह पुत्र प्रताप सिंह रावत सुराज, सुरेन्द्र सिंह पुत्र प्रताप सिंह रावत निवासी सुराज, कुशाल सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह रावत सुराज, गैरु सिंह पुत्र चेन सिंह रावत सुराज, संतु सिंह पुत्र प्रेम सिंह रावत रुणारेल, माधु सिंह पुत्र जीवण रावत रुणारेल, किशोर सिंह पुत्र दीप सिंह रावत रुणारेल, जसवंत सिंह रावत लालपूरा कार मालिक, मनीषा देवी रावत लालपूरा, इंद्रा रावत लालपूरा, चम्पा देवी पत्नी भंवर सिंह रावत निवासी लालपूरा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## संक्षिप्त

### गुमशुदगी का मामला दर्ज

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाने में कस्बे के बानसूर रोड बडाबास मौहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने अपने चाचा के गुमशुदा हो जाने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार राकेश कुमार गुर्जर पुत्र लालचन्द गुर्जर ने रिपोर्ट में बताया है कि उसका चाचा धंशीराम पुत्र हरिराम गुर्जर उम्र 40 वर्ष विगत 13 जून 2024 सुबह 11 बजे से लापता है। जिसने पीले कलर की सर्ट और हल्के काले कलर की पेंट पहन रखी है। जो मानसिक रूप से कमजोर है जिसकी लम्बाई 5 फिट 6 इंच है। काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


गुमशुदा धंशीराम

### समस्याओं का निराकरण किया

**अलवर, (निसं)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को अपने निवास 201, रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में पेयजल, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवेदना के निस्तारण की सूचना फरियादियों को दी जाए। यदि परिवेदना का निराकरण उनके स्तर पर संभव नहीं है तो उसकी पूरी जानकारी फरियादी को दी जाए। फरियादियों ने सहज भाव से मंत्राी द्वारा परिवेदनाओं को सुनने एवं संबंधित अधिकारियों को तुरन्त निर्देशित करने पर संतुष्टि जाहिर की। इस दौरान नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, पं. जलेसिंह सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति, बडी संख्या में फरियादी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**सिरस, (निसं)।** श्री केशव क्रिकेट क्लब सिरस के तत्वावधान में गुरुवार की नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच करेडा व महापुरा की टीम के बीच हुआ। जिसमें महापुरा की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विष्णु गुप्ता व अध्यक्षता कर रहे सरपंच शिवजीराम जाट ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पुलिस चौकी इंचार्ज कुलदीप सिंह, राजू जायसवाल, लालचंद वर्मा, रवि प्रकाश पारीक, हनुमान बेनीवाल, शाहिद खान, शिवराज गुर्जर, धर्मराज जाखड, शिवचरण योगी, रामजस मीणा व शिवप्रकाश आदि मौजूद थे।

### ढाई घंटे बिजली बंद रहेगी आज

**निवाई, (निसं)।** रेलवे स्टेशन 33/11 जीएसएस पर शनिवार को रख रखाव एवं मरम्मत कार्य के चलते बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि शनिवार को फीडर पर रख रखाव कार्य होगा। इस दौरान शहर, रिको झिलाय रोड, जससिंहपुरा, भांवता, भांवती, झांपडी, रूपवास, झुझारपुरा, चोरपुरा व गोविन्दपुरा के आस-पास के क्षेत्र में सुबह 8 से 10:30 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

# कोटपूतली में एसडीएम ने ज्यूस पिलाकर धरना स्थगित कराया

- सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर दिया जा रहा था धरना
- आरएसआरडीसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर बाबूलाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य हुआ लिखित समझौता

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली-सीकर स्टेट हाईवे पर ग्राम नारेहडा में सडक की मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा विगत 05 दिनों से दिया जा रहा धरना शुक्रवार को लिखित समझौता के बाद स्थगित कर दिया गया।

शुक्रवार को आरएसआरडीसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर बाबूलाल चौधरी, एसडीएम बृजेश चौधरी, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक तहसीलदार सौरभ गुर्जर, सरूण्ड एसएचओ इमरान खान जाप्ते सहित धरना स्थल पहुंचे। इस दौरान एक घंटे तक धरनार्थियों व अधिकारियों के मध्य वार्ता के बाद समझाईश से लिखित समझौता हुआ। धरनार्थियों को एसडीएम बृजेश चौधरी ने ज्यूस पिलाकर धरना स्थगित कराया। स्टेट हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने लिखित में दिया कि सडक फोर लेन बनने का प्रस्तावित टेंडर अप्रूवल के लिए सरकार के पास भेजा हुआ है।

जिसकी मंजूरी मिलते ही सबसे पहले नारेहडा में ही कार्य शुरू किया जायेगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो 10 दिन में 01 जुलाई से टु लाईन मरम्मत का काम शुरू कर दिया जायेगा। धरना संयोजक राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि सडक में गड्ढे होने से दुकानदार, राहगीर, आमजन सहित आसपास के लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। यहां दमा, श्वांस, सिलिकोसिस, चर्म रोग, एलर्जी जैसी प्राणघातक बिमारियों कि असली वजह यह स्टेट हाइवे है। जब सुनवाई नहीं हुई तो मजबूरन इतनी गर्मी में धरना प्रदर्शन करना पड़ा। धरना शुरू होने के बाद लगातार स्टेट हाईवे पर एम्बुलेंस, सवारी वाहन, खाद्य सामग्री वाहन व रोडवेज बसों के अलावा सभी ट्रकों व भारी वाहनों का संचालन बंद रहा। आसपास के ग्रामीणों व स्थानीय लोगों ने बढ़-चढकर आंदोलन में हिस्सा लिया।

धरने पर ओमसिंह लम्बरदार, छाजू सिंह, पूरण सिंह, विरेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, पूर्व सरपंच जसवंत मांठ, अर्जुन बासनीवाल, सूरजन मीणा, लक्ष्मण यादव, रंगलाल महाराज, पूर्व सरपंच ओमकार सिंह यादव, रूपेश शर्मा, कैलाश यादव, सुन्दर सिंह, बबलू सिंह, सीताराम सैनी, शेरसिंह पी.टी.आई., सरपंच प्रतिनिधि अशोक सिंह, खडब सरपंच मालाराम सूद, जलेसिंह रावत शुक्लावास, हनुमान सिंह शुक्लावास, पवाना अहीर सरपंच पूरण खटीक व पूर्व सरपंच गोकुल आर्य सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


एक घंटे तक धरनार्थियों व अधिकारियों के मध्य वार्ता के बाद समझाइश से लिखित समझौता हुआ।

### महिला के बैग से गहने चोरी

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम टसकोला निवासी महिला के बेग से अज्ञात चोरों ने गहने चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर प्रागपुरा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव टसकोला निवासी महिला सरिता देवी पत्नी सुभाष ने प्रागपुरा पुलिस थाने में शिकायत दी कि 16 जून को वह अपने ससुराल टसकोला से अपने मायके ठाम रैया का बास जा रही थी। उसने पावटा आकर दुकान से सामान खरीदा व सामान बेग मे रखने के लिए बेग खोला तो उसमे रखे गहने तीन जोड़ी कान की सोने की, तीन जोडी चांदी की पायल, एक नाक की सोने की बाली, एक सोने का मंगलसूत्र गले का, एक चांदी चांदी का मंगलसूत्र, एक चांदी की अंगूठी, एक चांदी की तागडी, एक बच्चे की चांदी की तागडी, दो जोड़ी बच्चो के हाथ के कडे, दो जोडी बच्चो के पैर के कडे, एक चांदी का सिक्का गायब मिले। प्रागपुरा थान प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


# विभिन्न आसन एवं प्राणायाम कर योग का महत्व बताया

- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन, बड़ी संख्या में लोगों ने लिया भाग

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली-बहरोड जिले का पहला एवं देश का दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शुक्रवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री विजय सिंह राज्यमंत्री (राजस्व, सैनिक कल्याण एवं उपनिवेशन) व क्षेत्रिय विधायक हंसराज पटेल की मौजूदगी में प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, विधार्थियों समेत बडी संख्या में आमजन ने योग दिवस में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यमंत्री विजय सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने आमजन के साथ योगाभ्यास व विभिन्न आसन एवं प्राणायाम कर लोगों को योग के महत्व के बारे में बताया तथा दैनिक जीवन में योग के निरंतर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। विजय सिंह ने जिलेवासियों को योग दिवस की शुभकामनायें देते हुये सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जिले का प्रभारी मंत्री बनाये जाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले का चहुंमुखी विकास करने में कोई कसर नहीं छोडी जायेगी। सभी विधायकों के साथ मिलकर पीएम मोदी के सबका साथ-सबका विश्वास के ध्येय को साकार कर विकास के नये किर्तिमान स्थापित किये जायेगें। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में 1500 से अधिक लोगों ने योगाभ्यास किया।

इस दौरान एसपी वंदिता राणा, एडीएम योगेश कुमार डागुर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, एएसपी नेम सिंह, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, एसडीएम बृजेश चौधरी, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक, तहसीलदार सौरभ गुर्जर, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, बीसीएमओ डॉ. पूरणचंद गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।


कोटपूतली के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हुआ।

# तन को स्वस्थ और मन को प्रसन्न रखता है योग : टीकमचंद

**सांभरझील, (निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को अनेक जगहों पर सैकडों लोगों ने इसमें उत्साह के साथ भाग लिया। पीएम श्री दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में योग दिवस पर विद्यार्थियों ने योग और प्राणायाम किए। प्रधानाचार्य टीकमचंद मालाकार ने कहा कि योग हिंदुस्तान में प्राचीन काल से चला आ रहा है।

योग और प्राणायाम हमारे ऋषि मुनियों की देन है। योग के माध्यम से आध्यात्मिक का रास्ता भी खुलता है। नियमित योग और प्राणायाम करने से तंत्र स्वस्थ रहता ही है, मन प्रसन्न रहता है तो आत्मा को भी शांति मिलती है। आज के युवाओं को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखनी होगी। योग व प्राणायाम को अपने नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का निवास होता है। स्वस्थ आत्मा ही मनुष्य को प्रगति के पथ पर ले जाती है। बच्चे, बूढे, युवा हर वर्ग के लोगों को नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए। न्यायालय परिसर सांभर में भी वकीलों और न्यायिक अधिकारियों ने भी कपालभाति, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम किया।


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सांभर में अनेक जगह योगाभ्यास हुऐ।

# भामाशाह द्वारा ब्लड टेस्ट मशीन, कैमिकल टेस्ट मशीन भेंट

- सीएचसी लैब में कार्यरत मातादीन की प्रेरणा से भामाशाह द्वारा करवाई गई मशीन

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशिष्ट अतिथि कुलदीप धनकड विधायक विराटनगर, हंसराज पटेल विधायक कोटपुटली के मुख्य आतिथ्य एवं आशीष शेखावत सीएमएचओ कोटपुटली बहरोड की अध्यक्षता व सीएचसी प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. एस के वर्मा, डॉ. अशोक जाट, डॉ. रवि बंसल, कैलाश स्वामी सरपंच भूरी भडाज, हरिद्वारी स्वामी पूर्व पंचायत समिति सदस्य पावटा, मदन यादव पूर्व सरपंच लाडाकाबास, रामकुवार रावत पूर्व सरपंच एवं प्रबुद्ध नागरिकों के विशिष्ट आतिथ्य में गुरुवार को सीएचसी लैब में कार्यरत मातादीन की प्रेरणा से प्रेरित होकर भामाशाह प्रकाश गौरसी निवासी रूपपुरा फतेहपुरा की ओर से उपलब्ध करवाई गई सीबीसी मशीन व कैमिकल टेस्ट मशीन का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को भेंट की गई। इस दौरान कुलदीप धनकड विधायक विराटनगर ने भामाशाह प्रकाश गौरसी निवासी रूपपुरा फतेहपुरा का स्वागत समान करते हुए कहा कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र का जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा दायित्व है कि मैं क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं होने दूंगा तथा मैं इस कर्तव्य का लगातार निर्वहन कर रहा हूँ। इस दायित्व को पूरा करने में यहां के भामाशाह, सामाजिक संगठन भी लगातार कंधे से कंधा मिलाकर मेरा साथ दे रहे है।

## सार-समाचार

### पुंज चौधरी का सम्मान



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा जेईई एडवांस 2024 में देशभर में सातवां और दक्षिण गुजरात में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सूरत प्रवासी पुंज मीनू चौधरी का सम्मान किया गया। रोटरी भवन में आयोजित कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुशील कुमार सैनी, सचिव विजय सैनी, पूर्व प्रांतपाल डॉ. माधव सिंह ने मेघावी छात्र पुंज का प्रशस्ति पत्र उनके दादाजी भवानी शंकर चौधरी को भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गोकुल शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, सीताराम गुर्जर, बनवारी लाल सैनी, तपेंद्र शर्मा, हरी सिंह बिजारणियां, पार्षद राजेश कुमार समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### पानी एवं विद्युत समस्याओं का समाधान

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा के निर्देश पर विभिन्न उपखंडों में पेयजल एवं विद्युत समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है। जिला कलेक्टर द्वारा इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। उपखंड निवाई के ग्राम चैनपुरा में चैनपुरा फाटक के समीप हैंडपंप खराब होने की शिकायत आने पर गुरुवार को हैंडपंप ठीक कराया गया। ग्राम पंचायतों के अन्य हैंडपंपों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी हैंडपंप चालू स्थिति में पाए गये। पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण महिलाओं की शिकायत पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खंड टोंक के अधिशाषी अभियंता प्रकाश चंद मीणा ने बताया कि ग्राम सोरण में उच्च जलाशय से पेयजल सप्लाई कर जांच की गई। इसमें 34 अवैध नल कनेक्शन चिन्हित किये गए है। जल एवं स्वच्छता समिति को 3 दिवस में अवैध नल कनेक्शन हटाने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। पंचायत समिति टोंक के ग्राम सांखना में पेयजल किल्लत की शिकायत का 15 दिवस में निस्तारण कर जलदाय विभाग के अधिकारियों ने पेयजल आपूर्ति शुरू करने के लिए कहा है।

### टूटी पेयजल लाइन ठीक कराई

**कोटपूतली, (निसं)।** पिछले दिनों जिले के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित कोटपूतली शहर में "पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त होने से बहा हजारों लीटर पानी" नाम के शीर्षक से प्रकाशित समाचार को जिला कलक्टर ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए पीएचईडी विभाग से जवाब तलब करते हुए उक्त खबर पर विभाग द्वारा तुरन्त एक्शन लेकर टूटी हुई पेयजल लाईन को शीघ्र ठीक करवाने के निर्देश दिये। इसके प्रभाव में पीएचईडी विभाग द्वारा उक्त पेयजल लाईन को तत्काल प्रभाव से 24 घंटे के अंदर पेयजल लाईन की मरम्मत करते हुए आमजन को राहत प्रदान की गई। वहीं पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त करने वाली कम्पनी को उपखंड अधिकारी कोटपूतली द्वारा उक्त कार्य के लिए नोटिस दिया गया तथा भविष्य में इस प्रकार की गलती नहीं करने के लिए पाबंद भी किया गया।

### अवैध बजरी खनन में दो गिरफ्तार

**दूदू, (निसं)।** स्थानीय थाने की पुलिस ने क्षेत्रीय गांव से अवैध बजरी खनन कर परिवहन करने के दौरान कार्रवाई कर एक ट्रेलर व डंपर सहित दो वाहनों को जप्त कर दो जनों को गिरफ्तार कर लिया। उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिलने के बाद थाना निरीक्षक इंद्र प्रकाश यादव के नेतृत्व में कार्रवाई कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ासोली से गैजी के बीच एक डंपर व ट्रेलर को बजरी सहित जप्त कर चालक राम प्रसाद भील निवासी भीलवाडा क्रिस कुमार निवासी तुंगा को गिरफ्तार कर लिया।

### आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण

**दौसा, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा निर्देशानुसार जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम का आयोजन गुरूवार को पंचायत समिति सिकराय की ग्राम पंचायत पाडली में किया गया। जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने रात्रि चौपाल में जनसुनवाई करते हुए आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण किया। सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल भी रात्रि चौपाल में मौजूद रहे। रात्रि चौपाल में 47 परिवाद प्राप्त हुए। रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने संवेदनशीलता से ग्रामवासियों की समस्याओं एवं परिवादों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को यथासंभव तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में विद्यालय की चार दीवारी एवं शौचालय निर्माण, राशन दुकान खोलने, स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, विद्युत लाइन के ढीले तारों को ठीक करने, सीमाज्ञान, अतिक्रमण हटाने एवं एनएफएसए के तहत नाम जोडने व ई- केवाईसी इत्यादि प्रकार के परिवाद प्राप्त हुए। रात्रि चौपाल में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा, सिकराय उपखंड अधिकारी यशवंत मीणा, विकास अधिकारी, स्थानीय सरपंच अर्चना मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक घनश्याम मीणा, जिला रसद अधिकारी हितेश मीणा, समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक श्यामसुंदर शर्मा, विद्युत विभाग एसई बीएल मीणा, पीएचईडी विभाग एसई रामनिवास मीणा, उद्योग विभाग जीएम मेघराज मीणा, सहायक सूचना एव जनसंपर्क अधिकारी छगनलाल यादव संबंधित विभागों के जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

### योग का महत्व बताया

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा में शुक्रवार को प्रात: जगह जगह पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें स्थानीय पुलिस थाना परिसर सहित अन्य शिक्षण संस्थान मुख्य रहे।

# बालाजी मंदिर से दानपेटी उखाड़ी, ग्रामीण थाना प्रभारी से मिले

- चोरों का पता तथा वारदात पर अंकुश लगाने की मांग

**देवली, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के बीजवाड गांव में गत 19 जून की रात चोरों ने गांव में स्थित बालाजी मंदिर को निशाना बनाने का प्रयास किया। चोरों ने यहां रखी दान पेटी को उखाड लिया लेकिन जाग होने के चलते चोर इसे नहीं ले जा सके।

वहीं वारदात का खुलासा करने तथा चोरों पर लगाम लगाने की मांग को लेकर शुक्रवार को एक दर्जन से अधिक ग्रामीण नासिरदा पुलिस थाना प्रभारी से मिले। इस मौके पर पूर्व सरपंच पदम जैन ने बताया कि गत 19 जून की रात 12 बजे बाद 5 चोर बालाजी मंदिर में पीछे की ओर से घुसे। इस दौरान उन्हें मंदिर परिसर में कैमरे लगे दिखने पर वह सभी वापस गए तथा मुंह पर कपडा व दुपट्टा लगाकर आए। इस दौरान चोरों ने बडी इत्मीनान के साथ पानी पिया व दान पेटी तोडने लग गए। ग्रामीणों ने बताया कि चोर अपने साथ सरिया लेकर आए थे। जिसकी मदद से उन्होंने मंदिर में लगे दान पेटी को उखाड लिया। वहीं इसे ले जाने के लिए चोर लकडिया लेकर आए लेकिन इस दौरान समीप के एक ग्रामीण की उन पर नजर पड गई। ग्रामीण ने शोर मचा दिया। पकडे जाने के भय से पांचों चोर भाग छूटे। ग्रामीणों ने बताया कि इसके बाद बीजवाड से करीब 5 किलोमीटर दूर केकडी थाना क्षेत्र के तश्वारिया गांव में भी चोरी हुई है। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हुई कि उक्त चोरी में इन्हीं बदमाशों का हाथ है। देर रात ग्रामीणों की भीड जमा हो गई। नासिरदा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने रात एवं सुबह मंदिर परिसर आकर सबूत जुटाए।

इधर, शुक्रवार को सरपंच भंवरलाल कुमावत, पूर्व सरपंच पदम जैन, केदार गुर्जर, हेमराज धाकड़, रामलाल धाकड़, भंवरलाल, सूरजमल, शिवराज गुर्जर, आत्माराम वैष्णव समेत लोग नासिरदा थाना प्रभारी से मिले तथा चोरों को पकडने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले समीप की बडला गांव स्थित बालाजी मंदिर में भी गत 18 जून की रात वारदात हुई। चोरों ने यहां रखी दान राशि चुरा ली। अब तक मंदिर में तीन बार वारदात हो चुकी है। वही ग्रामीण व मंदिर पुजारी भी थक चुके हैं लेकिन अभी तक यह चोर पुलिस के हाथ नहीं लगे।

# बिजली, पानी व बिगड़ती कानून व्यवस्था पर किया विरोध प्रदर्शन

- कांग्रेसियों ने कृषि मंडी से एसडीएम कार्यालय तक आक्रोश रैली निकाली

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा क्षेत्र में बिजली, पानी व बिजली तथा कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विधायक मनीष यादव की अगुवाई में भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला और 1 घंटे तक तहसील कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

तहसील कार्यालय के मुख्य गेट पर जब पुलिस व आरएसी के जवानो ने कार्यकर्ताओं को रोका तो कार्यकर्ताओं का गुस्सा उबल पडा। कार्यकर्ताओं के गुस्से को देखते हुए पुलिस व आरएसी बटालियन के जवानों ने कडी मशक्कत कर स्थिति को काबू में किया। विधायक मनीष यादव के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कृषि उपज मंडी से एसडीएम कार्यालय तक आक्रोश रैली निकाली। जिसमें कार्यकर्ताओं ने भजनलाल सरकार को आडे हाथ लिया। कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए विधायक मनीष यादव ने कहा कि वर्तमान में शाहपुरा क्षेत्र में बिजली व पानी की व्यवस्था पूरी तरह बिगडी हुई है। बिजली की कटौती को लेकर आम जन परेशान हैं। गांव में रात को 4 से लेकर 5 घंटे तक कटौती की जा रही है। ऐसे में गर्मी की मार झेल रहे लोगों कोई राहत नहीं मिल रही है। लोगों की रात काटनी मुश्किल हो रही है। पेयजल की स्थिति बदतर है। उपखंड के अधिकांश गांवों में पेयजल व्यवस्था राम भरोसे है।उन्होंने बिजली, पानी के साथ ही बिगडती कानून व्यवस्था पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारी जनता की सेवक हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी कहा कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है वह हर समय उनके साथ हैं। भाजपा के राज में जो अधिकारियों द्वारा दादागिरी की जा रही है उससे जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री से प्रदेश नहीं संभल पा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी की शाहपुरा को ईआरसीपी प्रोजेक्ट में जोडना पडेगा चाहे हमें इसके लिए जान भी देनी पडेगी तो हम देंगे।

प्रधान मंजू शर्मा ने कहा कि पानी व बिजली जैसी मूलभूत सुविधा जनता को उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व है। पूर्व प्रधान नंदलाल गोठवाल ने कहा कि प्रशासन किसी की सुनवाई नहीं कर रहा है। पूर्व में भी पानी की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। आज क्षेत्र में बिजली पानी की विकट स्थिति है।

पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया ने कहा कि पानी के टैंकर जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। अगर शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया तो लोग भूख हडताल भी करेंगे। इस अवसर पर जिला महासचिव जितेंद्र शर्मा, नाथूलाल सैनी, मुकेश खुडानिया, मुकेश गुर्जर, श्री भगवान टेलर,असलम कुरैशी, विपिन बिहारी गजानंद धर्म सिंह, पूर्व सरपंच जीवाराम गुर्जर, मंगल चंद बूनकर खेमचंद विक्रम विजेंद्र, नरपत सिंह अलाउद्दीन खान सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



पुलिस व आरएसी बटालियन के जवानों ने प्रदर्शनकर्ताओं को कड़ी मशक्कत कर काबू किया।

# शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग जरूरी : कन्हैया लाल

**टोंक,** (निसं)। दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से आज विश्व में योग को अपनाया गया है। शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग जरूरी है। योग करने से मन प्रसन्न रहता है और शरीर कई बीमारियों से मुक्त रहता है। इसलिए सभी को योग को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए।

चौधरी ने पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में उपस्थित आमजन को योग करने के लिए प्रेरित किया। योग दिवस समारोह के मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा, पुलिस अधीक्षक संजीव नैन, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। योग प्रशिक्षकों ने नागरिकों को ताडासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन, शवासन आदि योग आसन और अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया। समापन के बाद अल्ट्रा सीमेंट एवं व्यापार महासंघ की ओर से योग टीम को 2100 रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

**निवाई।** कृषि उपजमंडी में उपखंड प्रशासन के तत्वावधान में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। जिसमें हजारों कर्मचारियों एवं जनप्रतिधियों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान दक्ष प्रशिक्षक रामकिशन गुर्जर एवं रमेश घायल ने कपालभाति, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, ग्रीवा चालन, उष्ट्र ासन, शवासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंध आसन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, स्कंद संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, ताडासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, उर्द्धचक्रासन, शशकासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार व ध्यानयोग आसन सहित विभिन्न प्रकार के योग करवाए।

**अलवर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर द्वारा सभी मंडलों में योग दिवस मनाया गया। इसी क्रम में अलवर शहर श्री विवेकानंद मंडल में अध्यक्ष मनोज चौहान की अध्यक्षता में कार्यक्रम भूरा सिद्ध मन्दिर क्षेत्र मे आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री गोवर्धन सिंह सिसोदिया, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, मंडल महामंत्री राकेश यादव, नरेन्द्रसिंह राठौड, उपाध्यक्ष आशीष अरोडा, कोषाध्यक्ष बलबीर सिंह,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, किसान मोर्चा अध्यक्ष रविराज सिंह, महिला मोर्चा पूर्व शहर अध्यक्ष मधु आर्य,रामप्रसाद सैनी, कृष्णा अग्रवाल, कन्हैया लाल शर्मा, रिपुदमन सिंह, सहीत सैकडों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

**चाकसू।** कस्बे के टोंक रोड स्थित गणगौरी मैदान में उपखंड स्तरीय दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग शिक्षिका तरूषी करनानी की देखरेख में लोगों ने विभिन्न योगासन किए। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारीयों सहित क्षेत्र के कई महिला पुरुष मौजूद रहे।



जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में उपस्थित आमजन को योग करने के लिए प्रेरित किया।

- कपालभाति, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, सहित विभिन्न प्रकार के योग करवाए

**पावटा।** उपखंड पावटा में शुक्रवार को 10वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सरकारी व गैर सरकारी संस्थान व संस्थाओं ने पूरे मनोयोग से इसे मनाया और जगह जगह सामूहि योग कार्यक्रम आयोजित किये गये। जहां कई जनप्रतिनिधियों व आमजन ने भााग लिया।

**दूदू ।** जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों महिलाओं एवं पुरुषों व युवाओं ने योग अभ्यास किया।

**श्रीमाधोपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 10वाँ अन्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उपखण्ड स्तर पर प्रातः 7 से 8 बजे तक पी.एम. रा.उ. मा. विधालय स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर में किया गया। योग दिवस के उपलक्ष्य पर झाबर सिंह खर्रा राज्य मंत्री नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा योगासन किया गया। इस अवसर पर मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया एवं सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## संक्षिप्त

### ईओ का चार्ज एसडीएम को सौंपा

**दौसा,** (निसं)। यहां महुवा एवं मण्डावर नगर पालिका के ईओ का अतिरिक्त चार्ज महुवा एसडीएम को सौंपने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर दौसा ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर सुरेन्द्र कुमार मीना, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका महवा एवं मण्डावर का स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण वो अवकाश पर रहेंगे है। ईओ मीणा के अवकाश पर होने के कारण अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका महवा एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मण्डावर का अतिरिक्त चार्ज उपखण्ड अधिकारी महवा लाखन सिंह को देने के निर्देश दिए। साथ जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया कि एसडीएम महुवा अपने कार्य के साथ-साथ अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका महवा एवं मण्डावर के पद के समस्त कार्य आगामी आदेशों तक संपादित करेंगें।

### विद्युत सुरक्षा की दी जानकारी

**निवाई,** (निसं)। जयपुर डिस्कॉम द्वारा शुक्रवार को शिव मंगल गार्डन में सुरक्षा सम्बंधी शिविर लगाया गया। डिस्कॉम के अधिशाषी अभियंता नन्दकिशोर खिंची ने बताया कि एक दिवसीय शिविर की अध्यक्षता अधीक्षण अभियंता युवराज असीवाल ने की। जयपुर डिस्कॉम से अधीशाषी अभियंता रंजना शर्मा, सहायक अभियंता कैलाशचन्द माली, धनराज टाटावत, पंकज शुक्ला व ओमप्रकाश चौधरी सहित समस्त कनिष्ठ अभियंता व तकनिकी कर्मचारियों ने भाग लिया। शिविर में विद्युत सुरक्षा सम्बंधित जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्युत छीजत में सुधार व गुणवत्तापूर्ण विद्युत सप्लाई के उपाय बताए गए।

### एक प्रत्याशी का नामांकन रद्द

**मालपुरा,** (निसं)। पचेवर ग्राम पंचायत सरपंच के लिये होने वाले उप चुनाव के लिये प्राप्त प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच मे दो से अधिक संतान होने के चलते एक महिला प्रत्याशी का हुआ नामांकन रद्द। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पचेवर सरपंच प्रेम देवी गुर्जर के निधन के बाद निर्वाचन विभाग द्वारा घोषित उप चुनाव कार्यक्रम के तहत जनरल महिला सीट पर सरपंच प्रत्याशी के चुनाव के लिये कुल 4 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। शुक्रवार को प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच मे राधा देवी सैनी का नामांकन पत्र दो से अधिक संतान होने के चलते रद्द हो गया। अब चुनावी मैदान में उषा गुर्जर,सुनिता जांगिड व फिरोज बानो के नामांकन शेष है। शनिवार को नाम वापसी का अन्तिम दिन है। दोपहर 2 बजे बाद शेष प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह का आंवटन होगा।

### फुलेरा जंक्शन पर जारी जल सेवा

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा जंक्शन पर दैनिक रेलयात्री महासंघ की ओर से रेल यात्रीयों के लिए पिछले कई दिनों से जारी निशुल्क जल सेवा में माली (सैनी) समाज के अध्यक्ष एवं समाजसेवी तेजकरण सैनी व कार्यकारिणी सहित अन्य लोगों ने जल सेवा में योगदान किया। इस दौरान दैनिक रेलयात्री महासंघ की ओर से समाजसेवी का माला साफा पहनाकर स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष विष्णु कयाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, पार्षद पूजा भाटी, शिक्षाविद् भंवर लाल कुमावत, श्याम लाल सैनी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**निवाई,** (निसं)। कृषि महाविद्यालय झिलाई में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ रामस्वरुप मीना ने बताया कि योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग हैं। आज के व्यस्त और भागदोड भरे जीवन में शरीर को स्वस्थ नहीं रख पा रहे हैं। योग के माध्यम से हम शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ रह सकते हैं। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ.रामजीलाल मीणा व आकाश तंवर ने योग दिवस पर सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाती, भस्त्रिका प्राणायाम, सिंहासन, धनुरासन, तितली आसन व शवासन योग करवाए गये। कार्यक्रम में राजेश एवं अशैक्षणिक कर्मचारी रामलाल मीणा, रमेश गौत्तम, सत्यपालसिंह बलौदा, मनीष शर्मा, सुनील वर्मा, आत्माराम मीणा, सुनीता जाजोरिया, सुश्री नेहा मौर्या, चन्द्रप्रकाश स्वर्णकार, गौरव नेमिया व दिनेश चौधरी सहित सभी विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## योगासन और प्राणायाम कराया

**चाकसू,** (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर चाकसू में योगासन और प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य योगाचार्य पवन कुमार शर्मा और सहायक कजोडमल सैनी ने योग प्राणायाम और आसान करवाएं।विद्यालय स्टाफ ने बड़े मनोयोग से योगासन किए। इस अवसर पर संस्था प्रधान सुमेर सिंह शेखावत ने योग के महत्व और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढती छवि पर प्रकाश डाला। योग करो, निरोग बनो। थीम पर सभी युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य सीमा शर्मा, प्रभारी गणपति सिसोदिया, व्याख्याता रघुनंदन शर्मा सहित सभी वरिष्ठ आचार्य- आचार्या ने भाग लिया। साथ ही भैया /बहनों और अभिभावको ने अपने -अपने घरों पर भी योगासन किए और सभी के उज्जवल भविष्य और मानवता के मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## बकाया राशि जमा नहीं कराने पर दो शराब की दुकान सील की

- लगभग 58 लाख रुपया बकाया चल रहा है दोनों अनुज्ञाधारियों पर

**देवली** (निसं)। यहां आबकारी विभाग ने शराब की दो दुकानों को 3 दिन के लिए निलंबित कर सील कर दी है साथ ही उक्त अनुज्ञाधारियों को चेतावनी दी है कि तीन दिन के भीतर बकाया राशि 57 लाख 58000 रूपये विभाग में समय रहते जमा नहीं करवाए गए तो अग्रिम कार्रवाई सख्ती से की जाएगी। आबकारी विभाग के सर्किल इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पालना में शुक्रवार को दो शराब की दुकानों पर मदिरा उठाव पर बकाया जमा करने के लिए कार्रवाई की गई हैं। साथ ही देसी मदिरा कंपोजिट शराब की दुकानों को तीन दिन के लिए निलंबित किया गया है।

आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार डिडेल ने बताया कि देवली शहर के पेट्रोल पंप चौराहा कोटा रोड स्थित शराब की दुकान संख्या 5 अनुज्ञाधारी दयाराम सिंह मीणा पर शराब उठाव को लेकर 29 लाख 61 हजार 615 रुपए की राशि बकाया चल रही है। जिसे जमा करने के लिए विभाग ने उक्त अनुज्ञाधारी को कई मर्तबा नोटिस दर नोटिस जारी किए परंतु दुकानदार ने समय रहते लाखों रुपए की बकाया राशि जमा नहीं करवाई साथ ही उक्त दुकान में कई अनियमिताएं पाई गई। इस कारण अनुज्ञाधारी के विरुद्ध अभियोग दर्ज किए गए हैं वही जिला आबकारी अधिकारी रामलाल जाट के आदेश पर शुक्रवार को 21 जून से 23 जून तक 3 दिन के लिए दयाराम सिंह मीणा की उक्त शराब की दुकान को निलंबित किया गया है। इसी क्रम में उपखंड क्षेत्र की चांदली ग्राम पंचायत के अनुज्ञाधारी देवराज सिंह मीणा की देसी मदिरा कंपोजिट शराब की दुकान को भी 23 जून तक निलंबित कर सील किया गया है। उक्त अनुज्ञाधारी की दुकान पर जून 2024 तक 27 लाख 96 हजार 685 रुपए का मदिरा उठाव पर विभाग का बकाया कायम है। स्थानीय आबकारी पुलिस एवं विभाग के अधिकारियों ने दोनों दुकानों को सील लगाकर बंद कर दिया गया है।

## निशुल्क सुरक्षा चेकअप अभियान

**देवली** (निसं)। पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देशानुसार स्थानीय भारत गैस के डिस्ट्रीब्यूटर मोहन गैस एजेंसी ने अपने उपभोक्ताओं के लिए निशुल्क सुरक्षा (सेफ्टी) चेकअप अभियान शुरू किया है। जिसके तहत एजेंसी का रिफिल डिलीवरी बॉय घर घर जाकर एलपीजी गैस चूल्हे एवं सिलेंडर से उपभोक्ताओं की सुरक्षा की जांच करेंगे। साथ ही गैस चूल्हा सुरक्षा नली (रबर ट्यूब) इत्यादि की जांच की जाएगी। इस दौरान अगर गैस पाइप खराब हुई तो 190 रुपए कीमत की पाइप मात्र 150 रुपए में रिप्लेस किया जाएगा। एजेंसी मालिक पंकज शर्मा ने बताया कि कंपनी ने यह अभियान सभी उपभोक्ताओं की सुरक्षा को देखते हुए चलाया है। शर्मा ने यह भी बताया कि पहले इसी जांच के उपभोक्ता से 236 रुपए लिए जाते थे लेकिन अभियान के तहत अब यह जांच कंपनी निशुल्क कर रही है।

## योग दिवस पर हुए अनेक कार्यक्रम

**राजगढ,** (निसं)। कस्बे की प्यारेलाल गुप्ता उच्च माध्यमिक विद्यालय में उपखंड स्तरीय योग दिवस सहित अनेक जगह कार्यक्रम आयोजित हुए। कस्बे के तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से न्यायालय परिसर, गवर्नमेंट कॉलेज, हार्ट फुलनेस संस्था एवं राव एजुकेशन एकेडमी कोठी नारायणपुर एवं अन्य स्थानों पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर योग के माध्यम से विभिन्न आसन एवं प्राणायाम के महत्व पर चर्चा हुई। उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान की मौजूदगी में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें लायंस क्लब की भागीदारी भी प्रमुख रही। योग प्रशिक्षक राजेश मीणा ने सभी को योग की मुद्राओं के साथ विभिन्न आसन करवाए। इस दौरान नायब तहसीलदार छोटेलाल मीणा, लायंस क्लब के अध्यक्ष खेम सिंह आर्य, सी बी ई ओ मौसम मीणा, मदन लाल शर्मा, विकास अधिकारी ललित मेहरा, बृजेंद्र सिंह बबेली, डॉ भूपेंद्र मीना, डॉ गोविंद सहाय, उर्मिला मीणा,रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर महेश सैनी ने किया। इधर जैन मंदिर नसिया जी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय की ओर से योग दिवस पर निशा दीदी एवं अजय यादव सहित अन्य प्रतिभागियों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगासन किए। गवर्नमेंट कॉलेज में योग प्रशिक्षक मुकेश शर्मा ने योग कराए एवं प्राचार्य के एल मीना ने आभार जताया।

## गोली लगने से तीन जने घायल

**मालपुरा,** (निसं)। पचेवर थाना क्षेत्र के सीतापुरा गांव निवासी तीन युवकों पर बदमाशों ने चलाई गोली से तीनों युवक घायल हो गये जिन्हे जयपुर रैफर किया गया। मिली जानकारी में सामने आया कि सीतापुरा निवासी राकेश गुर्जर, मेहराम गुर्जर व जीतराम गुर्जर तीनों युवक मोटरसाईकिल पर सवार हो खेत से घर आ रहे थे इसी दौरान नगरी गांव के पास अज्ञात बदमाशों ने टोपीदार बंदूक से फायरिंग कर तीनो युवकों को घायल कर दिया। युवकों को गोली लगने के बाद बदमाश टोपीदार बंदुक को छोड फरार हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने हमलावर को पकडने का प्रयास किया लेकिन वो मौके से भाग छूटा। बंदुक की गोली से घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया।

## शिवाजी फुटबॉल क्लब की टीम रही विजेता

- फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय के खेल मैदान में हिन्दू साम्राज्य दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला शिवाजी फुटबॉल क्लब व प्रताप फुटबॉल क्लब के मध्य हुआ।

जिसमें शिवाजी फुटबॉल क्लब की टीम विजेता रही। विजेता टीम को बजरंग दल की तरफ से एक फुटबाल व सभी खिलाडियों को एक-एक कपडे का बैग दिया गया। मैच रेफरी पूर्व बजरंग दल संयोजक वीरेंद्र सैनी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर दोनों टीमों ने वृक्षारोपण का संकल्प लिया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं के माध्यम से आगामी दिनों में दोनों टीमों को वृक्ष वितरित किये जायेगें। बजरंग दल जिला संयोजक नेमीचंद हिन्दू ने कहा कि डिजिटल युग में खिलाडियों को मैदान तक लाने के लिये समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

इस दौरान प्रखंड संयोजक देवेन्द्र भरगड़, हेमंत, महेंद्र सैनी, अरुण जाट, अमन, गौरव, ऋषभ, संदीप, शेखर, बबलू, अमरजीत सोनी, लक्की, प्रवीण, विपुल, कमल, वासु सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सभी का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरे जीवन की असली पूंजी : रामलाल शर्मा

- रामलाल शर्मा के जन्मदिन पर जन मिलन समारोह में पहुँचे 20 हज़ार से अधिक लोग
- गोशालाओं के लिये पांच चारे की पिकअप की भेंट

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर गुरूवार देर शाम श्री वीर हनुमानजी सामोद में आयोजित जन मिलन समारोह एवं सुंदरकांड पाठ के आयोजन के अवसर पर 20 हज़ार से अधिक कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने शिरकत की। उन्होने कहा कि सभी का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरे जीवन की असली पूंजी है। जन मिलन समारोह एवं सुंदरकाण्ड पाठ में भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने पहुंचकर शुभकामनाएं दी और रामलाल शर्मा के साथ सुंदरकाण्ड पाठ पढते नजर आये।

जन मिलन समारोह में पहुँचे जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, राजस्व मंत्री विजय सिंह, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत, साविनि राज्य मंत्री मंजु बाघमार, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, राजेन्द्र यादव, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विधायक चंद्रभान आक्या, सुभाष मील, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, महेन्द्र पाल मीणा आदि नेताओ ने पूर्व विधायक को पुष्प गुच्छा भेंट कर जन्मदिवस की शुभकामनाएँ दी साथ ही बड़ी संख्या में पधारे कार्यकर्ताओं, आमजन, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, व्यापारीगण, साधु संत समाज आदि ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर युवाओं में पूर्व विधायक शर्मा के साथ सेल्फ़ी का क्रेज़ देखने को मिला। पूर्व विधायक शर्मा ने अपने जन्मदिन पर सवेरे वीर हनुमान जी की खोल सामोद जाकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत महारकला मालेश्वर धाम मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर शिवजी का जलाभिषेक किया साथ ही गो माता के ग्रास के लिए क्षेत्र में संचालित गोशालाओं के लिए 5 चारे की पिकअप दान की। जन मिलन समारोह में पधारे सभी लोगों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी साथ ही सोशल मीडिया के ज़रिये भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर, किरोड़ीलाल मीणा, पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पुनिया, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत आदि जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की शुभकामनाएँ दी।

इस मौके पर गोविन्दगढ पंचायत समिति प्रधान रामवस्वरूप यादव, उपप्रधान कमला चौधरी, बाँसा मण्डल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, गोविंदगढ़ मण्डल कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल डेनवाल, नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, दिनेश गोरा, महेश मीणा, कालाडेरा संरपच अशोक कुमार शर्मा, कालूराम जाट, सुरेश गुलिया, अर्जुन यादव, नान्छी लाल शर्मा, जमनलाल शर्मा, बन्नालाल शर्मा, बाबूलाल गुर्जर, योगेश यादव, मातादीन अग्रवाल, सुनील उप्पल, रमेश शर्मा, पवन चौपडा, जितेन्द्र सिंह, भगवान फ़ोज़ी, लालचंद यादव, वीरेन्द्र सिंह, रामगोपाल मीणा, मुकेश चौपड़ा, गजेन्द्र यादव, बाबूलाल यादव, किशोर गंगवाल, राहुल दुन्दा, मुकेश जांगिड, रामावतार कुलदीप, रामलाल चोपडा, बलवीर शर्मा, शंकर पिंगल आदि युवा उपस्थित रहे।



सांसद राव राजेन्द्र, पूर्व सांसद सुमेधानंद, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल आदि नेताओं ने रामलाल शर्मा को जन्मदिन पर बधाई दी।

## सार-समाचार

### नरेगा कार्यों का निरीक्षण किया



निवाई, (निसं)। विकास अधिकारी सुनीलकुमार वर्मा ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत चैनपुरा सहित कई ग्राम पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्यो का सघन निरीक्षण किया और मनरेगा श्रमिकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उनकी समस्याएं सुनी। इसी प्रकार उन्होंने ग्राम पंचायत सिंदरा, खिडगी व झिलाय में भी संचालित मनरेगा कार्यो का सघन निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक अभियंता मनोहरलाल गौरा, कनिष्ठ अभियंता हनुमान रॉयल व रमन मीना सहित पंचायत समिति की टीम द्वारा मनरेगा श्रमिक से संवाद करके उनकी समस्या सुनी।

### प्रज्ञा प्रजापति को किया सम्मानित



**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पीपली का बास निवासी प्रज्ञा प्रजापति पुत्री डॉ. राजेन्द्र प्रजापति को राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में आयोजित 33वें दीक्षान्त समारोह दौरान मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र ने बैचलर ऑफ़ एजुकेशन (विशेष शिक्षा) में टॉपर रहने पर स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। प्रज्ञा प्रजापति को सम्मानित होने पर उनके परिचितों व रिश्तेदारों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### तेज बारिश से सड़कों पर बहा पानी



**राजगढ,** (निसं)। कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में शुक्रवार साय तेज हवाओं के साथ करीब एक घंटे की तेज बारिश से सडकों पर पानी बह निकला। ग्रामीण क्षेत्र में फसल बुवाई की संभावना बनने से किसानों में खुशी का आलम है। सीजन की पहली तेज बारिश से भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। नीमला मोतीवाडा सकट राजपुर क्षेत्र में किसानों में भी खुशी की लहर दौड़ गई। राजगढ कस्बे में दोपहर में बूंदाबांदी के बाद उमस से आमजन का हाल बेहाल हो गया, मगर सायं करीब छः बजे आई तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया, नाले बहने लगे। वर्षा के कारण स्टेशन मार्ग एवं मेला चौराहे सडक पर पानी भराव से लोगों को पानी से निकलना पड़ा। काली घटाओं के साथ बिजली चमकने से रात्रि को बारिश की संभावना है।

### योग हमे शारीरिक व मानसिक रूप से एकजुट करता है : रत्ना कुमारी

**जयपुर,** (निसं)। मुरलीपुरा के कृष्णा पैराडाइज में 10वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य वक्ता भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा ने बताया की योग संस्कृत शब्द यूज से बना हैं योग का अर्थ है व्यक्तिगत चेतना या आत्मा का सार्वभौमिक चेतना या आत्मा के साथ मिलन। यह 5000 साल पुराना ज्ञान का भारतीय निकाय है। यह आपकी परम प्रकृति को देखने, बढाने और महसूस करने की आपकी क्षमता को बढाने की एक प्रणाली है। उन्होंने बताया की योग एक सम्पूर्ण विधा है जो हमे शारीरिक और मानसिक रूप से एकजुट करता है। योग जीवन के बहुत ही यांत्रिकी का गहन अन्वेषण है। यह मानवता के लिए एक उपहार है। उन्होंने बताया की हम कितने सौभाग्यशाली है की हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत की ओर आज हम इसको मानते आ रहे है। योग को नियमित अभ्यास का हिस्सा बनाएं, यह आपके स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन के लिए अति उत्तम है। इस दौरान दर्जनों लोगों ने योगाभ्यास किया।

### स्वास्थ्य विभाग ने लिये दूध के नमूने

**निवाई,** (निसं)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण इकबाल खॉन एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के निर्देशों की पालना में आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु विशेष अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने निवाई में कार्यवाही की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोककुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने निवाई इण्डस्ट्रीज एरिया आईआईडी सेन्टर में संचालित पायस डेयरी व लोटस डेयरी एवं देव मिल्क फूड्स के दुग्ध वाहनों का औचक निरीक्षण कर अलग-अलग वाहनों से दूध के 8 नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाये गये साथ ही मोबाईल फूड टेंस्टिंग लैब द्वारा सभी दुग्ध वाहनों से दूध के नमूनों की मौके पर जांच की गई जिसमें सभी नमूने मानक स्तर के पाये गये। इसी प्रकार शहर में पुरानी सब्जी मण्डी में स्थित फर्म अस्मीत ट्रैडिंग कम्पनी के झिलाई रोड पर स्थित गोदाम एवं प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर कृष्णा ब्राण्ड व सरस ब्राण्ड घी के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भिजवाये गये। उक्त कार्यवाही में अविनाश साहू, राजेन्द्र सैनी, रामेश्वर व जितेन्द्र मौजूद रहे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। विप्र युवा शक्ति संगम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का आयोजन विप्र सेना श्रीमाधोपुर द्वारा रविवार 23 जून को श्रीगौड विप्र परिषद समिति भवन में प्रातः साढे नौ बजे से किया जायेगा। विप्र सेना अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा व महामंत्री अजय लोकनाथका ने बताया कि सम्मानीय अतिथिगण ओमप्रकाश व्यास, शंकरलाल खेस्तीका भामाशाह , विक्रम जोशी प्रभारी विप्र सेना उत्तर प्रदेश, महेश शर्मा सबलपुरा, दिनेश शर्मा जिला प्रमुख विप्र सेना नीमकाथाना, कौशल दत्त भारद्वाज प्रख्यात शिक्षाविद् व ज्योतिषविद् प्रमोद शर्मा जिला उपाध्यक्ष पेंशनर्स मंच जिला नीमकाथाना, डा मनोहरशरण महंत गोपीनाथजी मंदिर श्रीमाधोपुर, हरीनारायण महंत अध्यक्ष नगरपालिका श्रीमाधोपुर के आतिथ्य में आयोजित समारोह में 10वीं व 12वीं परीक्षा 2024 में 85 प्रतिशत व अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी और उपखंड, जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर 2024 में सम्मानित विप्र प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम समव्यक दिलीप स्वामी प्रभारी पंडित अजय लोकनाथ्का सह प्रभारी पंकज कुमार शर्मा संयोजक चेतन खांडल को मनोनीत किया गया।

### उप कारागृह में योग शिविर आयोजित

**कोटपूतली,** (निसं)। सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा द्वारा 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामसिंहपुरा रोड स्थित उप कारागृह में शुक्रवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य आर्य रमेश चंद द्वारा सूर्य नमस्कार, कपाल भाती, अनुलोम विलोम समेत अनेक योग क्रियायें करवाई गई। आर्य रमेश चंद ने योग के फायदे बताते हुए कहा की योग से तन व मन दोनों शुद्ध होते है। प्रतिदिन 30-40 मिनट अपने शरीर के लिए निकाल कर योग करना चाहिये।




कल्याण चौबे जितनी जल्दी पद छोड़ेंगे, देश में फुटबॉल के भविष्य के लिए उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल उनकी देख-रेख में इस देश में बिल्कुल नहीं बढ़ रहा है। - इगोर स्टिमक

पूर्व भारतीय फुटबॉल कोच, एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे पर टिप्पणी करते हुए।

# खेल जगत


**आज का खिलाड़ी** — पैट कमिंस



ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान पैट कमिंस टी20 की कप्तानी से मुक्त होने के बाद खेल का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं और उन्हें खुशी है कि उनकी टीम टी20 विश्व कप में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर 8 के मैच में हैट्रिक बनाई। उन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट लिए और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। कमिंस ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,''हमने वास्तव में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने शानदार खेल दिखाया जैसे कि आप सुपर 8 चरण में चाहते हैं।''

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

## ऋषभ पंत का बतौर विकेटकीपर कमाल, एक साथ तोड़ा दिग्गजों का कीर्तिमान



नई दिल्ली, 21 जून। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर 8 मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान की टीम को 47 रन से हराया और इस मैच में ऋषभ पंत ने बतौर विकेटकीपर 3 कैच पकड़कर एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया।

भारत और अफगानिस्तान के इस मैच में अफगानिस्तान के सभी 10 खिलाड़ी कैच आउट हुए जिसमें से 3 कैच पंत ने लपके। पंत के अलावा इस मैच में रविंद्र जडेजा ने 3 कैच लपके। पंत के अलावा इस मैच में रविंद्र जडेजा ने 3, रोहित शर्मा ने 2 जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने एक-एख कैच लिए। पंत ने इस मैच में विकेट के पीछे कमाल का काम किया और एक साथ 5 खिलाड़ियों के रिकॉर्ड तोड़ डाले।

पंत ने अफगानिस्तान के 3 खिलाड़ियों का कैच पकड़ा और एक साथ एडम गिलक्रिस्ट, मैथ्यू वेड, जोस बटलर, स्कॉट एडवर्ड्स और दासुन शनाका का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पंत ने टी20 वर्ल्ड कप म2024 के अब तक हुए मैचों में कुल 10 कैच पकड़े हैं और वो अब वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के एक सीजन में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए। पंत से पहले ये कमाल गिलक्रिस्ट ने साल 2007, मैथ्यू वेड ने साल 2021, जोस बटलर ने साल 2022, स्कॉट एडवर्ड्स ने साल 2022 और दासुन शनाका ने साल 2022 में ही बतौर विकेटकीपर 9-9 कैच लिए थे। लेकिन अब पंत ने एक सात इन सभी को पीछे छोड़ दिया।



## ओडिशा सरकार ने हॉकी इंडिया के साथ प्रायोजन करार 2036 तक बढ़ाया

भुवनेश्वर, 21 जून। ओडिशा की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने हॉकी को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए हॉकी इंडिया के साथ अपना प्रायोजन करार 2036 तक बढ़ा दिया है। ओडिशा के लिए वर्ष 2036 विशेष महत्व रखता है, क्योंकि तब उसकी स्थापना के 100 साल पूरे हो जाएंगे। ओडिशा 1936 में स्वतंत्र राज्य बना था। इस साझेदारी को हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, खेल और युवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज, मुख्य सचिव और मुख्य विकास आयुक्त प्रदीप कुमार जेना और आयुक्त-सह-सचिव आर विनील कृष्णा की उपस्थिति में एक उच्च स्तरीय बैठक में मूर्तरूप दिया गया। टिर्की ने बयान में कहा, ''ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और खेल एवं युवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज के साथ हमारी सार्थक बैठक हुई।हमने खेलों के विकास और हमारे प्रिय खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की रणनीतियों पर चर्चा की।'

## श्रीलंका की महिला टीम ने विंडीज को 161 रनों से हराया

हंबनटोटा, 21 जून। कप्तान चमारी अटापट्टू (91), नीलक्षिका सिल्वा (63) और अनुष्का संजीवनी (55) रनों की अर्धशतकीय पारियों और उसके बाद सचिनी निसानसाला के पांच विकेट की दमदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 161 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ ही श्रीलंका ने तीन एकदिवसीय मैचों सीरीज 2-0 से जीत ली है। आज के मैच में 28 रन देकर पांच विकेट लेने वाली सचिनी निसानसाला को प्लेयर ऑफ द मैच तथा 134 रनों की शानदार पारी खेलने वाली विश्मी गुणरत्ने को प्लेयर ऑफ सीरीज से नवाजा गया।

यहां महिंदा राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की विश्मी गुणरत्ने और कप्तान चमारी अटापट्टू की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 93 रन जोड़े। 20वें ओवर में करिश्मा रामहरैक ने विश्मी गुणरत्ने (44) को आउट कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर की छठी गेंद पर करिश्मा रामहरैक ने हर्षिता समरविक्रमा (1) को पगबाधा आउट कर श्रीलंका को दोहरा झटका दिया। 23वें ओवर में हंसिमा करुणारत्ने (1) रनआउट होकर पवेलियन लौट गई। संकट के समय में नीलक्षिका सिल्वा ने चमारी अटापट्टू के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी हुई। 35वें ओवर में एफी फ्लेचर चमारी अटापट्टू (93) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। नीलक्षिका सिल्वा ने (63) और अनुष्का संजीवनी ने 46 गेंदों में 55 रनों की पारी खेली। श्रीलंका की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 275 रनों बनाये।

वेस्टइंडीज की ओर से करिश्मा रामहरैक को दो विकेट मिले। एफी फ्लेचर और कियाना जोसेफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 176 रनों का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पांच रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। रशद विलियम्स (1) और उसके बाद कप्तान शेमाइन कैम्पबेले (शून्य) पर आउट हुई। स्टेफनी टेलर ने चेडियन नेशन के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 20वें ओवर में 62 रन के स्कोर पर स्टेफनी टेलर (16) रन बनाकर आउट हुई। चेडियन नेशन ने (46) रनों की पारी खेली। उन्हें अटापट्टू ने बोल्ड आउट किया। उसके बाद श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे वेस्टइंडीज के विकेट लगातार गिरते चले गये।

जैदा जेम्स (5), चिनेल्ले हेनरी (3), एफी फ्लेचर (शून्य), कियाना जोसेफ (11), करिश्मा रामहरैक रन बनाकर आउट हुई। श्रीलंकाई गेंदबाज सचिनी निसानसाला ने आखिरी विकेट के रुप में नैशर माइल्स (27) को आउटकर वेस्टइंडीज की टीम को 34.5 ओवर में 115 रनों पर समेट कर 161 रन से मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका की ओर से सचिनी निसानसाला ने पांच विकेट लिये। ओशदी रणसिंघे को दो विकेट मिले। चमारी अटापट्टू, काव्या कविंदी और उदेशिका प्रबोधनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## परिवार को साथ ले जाने के लिए पाक खिलाड़ियों की आलोचना

लाहौर, 21 जून। पाकिस्तान के अमेरिका में टी20 विश्व कप अभियान के लिए खिलाड़ियों के खिलाफ नाराजगी भरी प्रतिक्रियायें शुरू हो गई हैं जिनकी अपने परिवार को साथ में ले जाने के लिए आलोचना की जा रही है और विवादों में घिरा क्रिकेट बोर्ड इन 'अपुष्ट दावों और खबरों' से निपटने के लिए एक नये मानहानि नियम का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है। पाकिस्तान न्यूयॉर्क में अपने ग्रुप लीग चरण मैच में भारत और पदार्पण कर रहे अमेरिका से हारकर बाहर हो गया था। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में करीब 34 खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और अधिकारियों के अलावा टीम होटल में 26 से 28 पारिवारिक सदस्य भी मौजूद थे। इन सदस्यों में पत्नियां, बच्चे, माता-पिता और यहां तक कि भाई बहन भी शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार बाबर आजम, हारिस राऊफ, शादाब खान, फखर जमां और मोहम्मद आमिर उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिनके परिवार के सदस्य उनके साथ अमेरिका गये थे। बाबर शादीशुदा नहीं हैं जिससे टीम होटल में उनके माता-पिता और भाई रूके हुए थे। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, ''परिवार को ले जाने से जो अतिरिक्त खर्चा हुआ, उसका भुगतान निश्चित रूप से खिलाड़ियों द्वारा किया गया लेकिन परिवार के सदस्यों के साथ होने से खिलाड़ियों के फोकस पर असर पड़ता है। '' एक रिपोर्ट में कहा गया, ''टीम जहां रूकी थी, वहां टीम के साथ यात्रा कर रहे अन्य लोगों को ठहराने के लिए करीब 60 कमरे बुक किये गये थे। वहां पारिवारिक माहौल था जिसमें कुछ खिलाड़ियों के लिए 'टेक अवे डिनर' और बाहर जाना सामान्य था।

## ओलंपिक से पहले चोटों से मुक्त रहने के लिए प्रतिबद्ध मीराबाई चानू



नई दिल्ली, 21 जून। ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू को लगता है कि पेरिस खेलों में उनकी सफलता उनकी चोटों से मुक्त रहने की क्षमता पर निर्भर करेगी क्योंकि वह इस महासमर की स्नैच स्पर्धा में 90 किग्रा का वजन उठाने का प्रयास करेंगी। चानू 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करती हैं। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को उनकी स्पर्धा तक उनका ध्यान मासंपेशियों को चोटों मुक्त रखने और स्नैच में कम से कम 90 किग्रा का वजन उठाने के लिए तकनीक सुधारने पर लगा है।

चानू ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) मीडिया से कहा, ''मेरे लिए चोटों का प्रबंधन और तनाव मुक्त रहना महत्वपूर्ण होगा। मुझे वही चीजें करनी होंगी जिससे मुझे उबरने में मदद मिली। '' उन्होंने कहा, ''हम खिलाड़ियों के लिए चोटें और दर्द साथी होते हैं। ये कब परेशान करना शुरू कर दें, आपको नहीं पता।

हमें इन पर विजय पानी होगी और पेरिस ओलंपिक से पता चलेगा कि मैं खेल के इन पहलुओं को कितना नियंत्रित करने में कामयाब हुई। चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं।

यह स्टार भारोत्तोलक एशियाड पदक नहीं जीत सकी है। चानू ने कहा, ''एशियाई खेलों की चोट के बाद विश्व कप मेरी पहली प्रतियोगिता थी। मैं निश्चित रूप से और चोट लगने से डरी हुई थी। मैं पेरिस ओलंपिक का मौका खराब नहीं करना चाहती थी। इसलिये चोट का डर था। ''

## गत चैम्पियन इटली को हराकर स्पेन यूरो 2024 के नॉकआउट चरण में



गेलसेनकिरचेन, 21 जून। तीन बार की यूरोपीय चैम्पियन स्पेन ने मौजूदा चैम्पियन इटली को 1.0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किये गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इटली के कोच लूसियानो स्पालेत्ती ने हार के बाद कहा ,'' वे जीत के हकदार थे। हम मैच में कभी थे ही नहीं। प्रदर्शन में काफी अंतर था।'' स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है। वहीं पिछली यूरो चैम्पियनशिप में उसे इटली ने सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हराया था। ग्रुप सी के मैच में इंग्लैंड ने डेनमार्क से 1.1 से ड्रॉ खेला। वहीं सर्बिया और स्लोवेनिया का मैच भी 1.1 से ड्रॉ रहा।

## पाकिस्तान के शान मसूद पहले हुए हिट विकेट

नई दिल्ली, 21 जून। पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद गुरुवार को बेहद ही असमंजस की स्थिति में फंस गए। ये खिलाड़ी नो बॉल पर हिट विकेट हुआ और फिर रनआउट हुआ। इसके बावजूद इस खिलाड़ी को आउट करार नहीं दिया गया। ये सबकुछ हुआ वाइटिलिटी टी20 ब्लास्ट में जहां यॉर्कशायर का सामना लंकाशायर से था।

शान मसूद इस लीग में यॉर्कशायर की तरफ से खेल रहे हैं। मैच में ये टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। जो रूट और मसूद के बीच अच्छी साझेदारी हुई। इसी दौरान 15वें ओवर में जैक ब्लेदरविक गेंदबाजी करने आए। इसी ओवर में ब्लेदरविक ने एख नो बॉल डाली। उनका पैर लाइन से काफी आगे था। मसूद ने स्कूप की कोशिश की लेकिन वह फिट विकेट हो गए। अंपायर ने इसी दौरान गेंद को नो बॉल करार दिया। मसूद के शॉट खेलते ही जो रूट रन लेने के लिए दौड़ पड़े थे। मसूद दूसरी ओर चल पड़े लेकिन उसी दौरान उन्हें रनआउट कर दिया गया। इतना सबकुछ होने के बाद मसूद खड़े होकर अंपायर से बात करने लगे। इसी के बाद अंपायर ने उन्हें नॉट आउट करार दिया। 58 रन बनाकर मसूद वापस क्रीज पर ही बने रहे।

## बांग्लादेश के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन में होगा बदलाव



नई दिल्ली, 21 जून। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में सुपर 8 के पहले मैच में भारतीय टीम ने अफगानिस्तान पर शानदार जीत दर्ज की। वहीं लगातार अपनी जीत की लय को बरकरार रखते हुए भारत ने अब सेमीफाइनल की तरफ अपना पहला कदम बढ़ा दिया है। अब सुपर 8 के दूसरे मैच में टीम इंडिया का सामना बांग्लादेश के साथ सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम, नॉर्थ साउंड, एंटीगुआ में शनिवार को होगा।

इस मैच में अगर टीम इंडिय जीत दर्ज करती है तो सेमीफाइनल में भारतीय टीम की जगह लगभग पक्की हो जाएगी। बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में वैसे तो भारत की प्लेइंग इलेवन में कम ही बदलाव हो सकते हैं। लेकिन इस मैच में अगर शिवम दुबे की जगह संजू सैमसन को मौका दिया जाए तो इसमें कुछ गलत नहीं होगा।

दरअसल, शिवम दुबे ने आईपीएल 2024 में जिस तरह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी वो तारीफ के काबिल थी और इसी प्रदर्शन के दम पर उन्हें भारतीय टीम में टी20 वर्ल्ड कप के लिए जगह मिल भी गई।

अब टी20 वर्ल्ड कप में वो खेलने आए और उन्हें प्लेइंग इलेवन का हिस्सा भी बनाया गया लेकिन पिछले चारों मैचों में उनके प्रदर्शन को देखकर ये लगता नहीं है कि ये वहीं शिवम दुबे हैं जिन्होंने आईपीएल 2024 में विरोधी गेंदबाजों के छक्के छुड़ा दिए थे। इस टूर्नामेंट में अब तक उन्होंने 0,3,31,10 रन की पारी ही खेली है।

## पेरिस ओलंपिक में कोको गॉफ अमेरिका के टेनिस दल की करेगी अगुवाई

वॉशिंगटन, 21 जून। विश्व नंबर दो टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 में 11 सदस्यीय अमेरिकी टेनिस दल की अगुवाई करेंगी। अमेरिका के टेनिस संघ ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए अपनी टीम की घोषणा की। ओलंपिक के लिए 20 वर्षीय गॉफ के साथ पुरुष वर्ग में विश्व नंबर 12 खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को भी टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा चोट के कारण दो महीने कोर्ट से दूर रहने के बाद हाल ही में डब्ल्यूटीए टूर पर लौटी गॉफ की नियमित युगल जोड़ीदार जेसिका पेगुला को भी टीम में जगह दी गई हैं।

**अमेरिका टेनिस संघ के अनुसार, महिला टेनिस टीम में:** कोको गौफ, जेसिका पेगुला, डैनियल कोलिन्स, एम्मा नवारो और डेसिरा क्राव्स्की (युगल) शामिल है।

**वहीं पुरुष टेनिस टीम में:** टेलर फ्रिट्ज, टॉमी पॉल, क्रिस्टोफर यूबैंक, मार्कोस गिरोन, राजीव राम (युगल) और ऑस्टिन क्राजिसेक (युगल) शामिल है।

## बल्लेबाज या गेंदबाज किसकी चमकेगी किस्मत

### सर विवियन रिचड्र्स क्रिकेट स्टेडियम की पिच रिपोर्ट

नई दिल्ली, 21 जून। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में लगातार जीत की लय बरकरार रखे हुए टीम इंडिया अब शनिवार यानी 22 जून को बांग्लादेश के खिलाफ अपना दूसरा सुपर -8 मुकाबला खेलेगी। वहीं इस मुकाबले में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद लगाई जा रही है। दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है। लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया ये बखूबी जानती भी है। इससे पहले जहां भारत को अपने पहले सुपर-8 मुकाबले में अफगानिस्तान के खिलाफ बेहतरीन जीत मिली थी। जबकि बांग्लादेश को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। एंटीगा में सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम की पिच पर बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों की मदद मिलती है। बल्ले और गेंद के बीच एक गजब का कॉन्टेस्ट देखने को मिलता है। तेज गेंदबाजों को यहां शुरुआत में मदद मिलती है। हालांकि, जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता जाता है। वैसे ही स्पिनर्स को इस मैच में मदद मिलनी शुरू हो जाती है। बल्लेबाज इस पिच पर थोड़ा संघर्ष करते हुए नजर आते हैं। उनको पहले पिच पर सेट होना पड़ता है। उसके बाद वह खुलकर रन बना सकते हैं। बल्लेबाजों को भी इस पिच पर मदद मिलती है। लेकिन गेंदबाजों को थोड़ी ज्यादा मिलती है। बल्लेबाजों के लिए यहां अच्छा उछाल देखने को मिलता है।

## वर्षा बाधित मैच ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 28 रनों से हराया

नॉर्थ साउंड, 21 जून। पैट कमिंस की बेहतरीन गेंदबाजी और उसके बाद डेविड वॉर्नर (53) की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा बाधित टी-20 विश्वकप के सुपर आठ ग्रुप एक मुकाबले में डकवर्थ लुईस नियम के तहत बंगलादेश को 28 रनों हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश ने कप्तान नजमुल शान्तो 36 गेंदों में (41) और मो. तौहीद हृदोय 28 गेंदों में (40) रनों की पारियों के दम पर आठ विकेट पर 140 का स्कोर खड़ा किया। लिटन कुमार दास (16) रन बनाकर आउट हुये। तस्किन अहमद सात गेंदों में 13 रन बनाकर नाबाद रहे। पैट कमिंस ओर एडम जम्पा ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए बंगलादेश के बल्लेबाजों बांधे रखा। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने तीन विकेट लिये। एडम जम्पा को दो विकेट मिले।

मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉयनिस और ग्लेन मैक्सवैल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने अच्छी शुरुआत की। डेविड वॉर्नर औरर ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 65 रन जोड़े।

## नोएडा सिटी और एम 2 एम का विजय अभियान जारी

नई दिल्ली, 21 जून। नेहरू स्टेडियम में खेली जा रही डीएसए 'ए' डिवीजन लीग के सुपर सिक्स मुकाबले में एम 2 एम और नोएडा सिटी ने शुक्रवार को अपना-अपना विजय अभियान जारी रखा। कुशाग्र चौधरी ने धमाकेदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए आज के मैच में शानदार हैट्रिक जमाई। बंगदर्शन फुटबाल क्लब के विरुद्ध 3-1 की जीत में कुशाग्र ने तीनों गोल जमा कर एम 2 एम को पूरे अंक दिलाए। एम 2 एम की यह दूसरी जीत है और इसके बाद ही उसके छह अंक हो गये हैं। बंगदर्शन फुटबाल क्लब टीम की ओर से एकमात्र गोल गगन सिंह पवार ने किया। एक अन्य मुकाबले में नोएडा सिटी एफसी ने हॉप्स एफसी को कड़े संघर्ष के चलते 2-1 से हरा कर लगातार दूसरा मैच जीता। विजेता के लिए प्लेयर ऑफ द मैच वाजिद अली और पवन प्रताप सिंह ने गोल दागे। पराजित टीम का गोल विश्वजीत जेना ने पेनल्टी पर किया। नोएडा सिटी और हॉप्स के मध्य खेले गए मैच में रफ टफ खेल के साथ साथ खेल कौशल भी देखने को मिला लेकिन पहले गोल के लिए 75 मिनट तक इंतजार करना पड़ा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को टैगोर इंटरनैशनल स्कूल में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान, के 62वें प्रांतीय अधिवेशन में सम्मिलित हुये। मुख्यमंत्री ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

# सी.एस.आई.आर.-यू.जी.सी. नेट परीक्षा स्थगित की गई

## नैशनल टैस्टिंग एजेन्सी (एन.टी.ए.) ने संसाधनों की कमी के चलते 25, 26, व 27 जून को होने वाली परीक्षा बाद में कराने का फैसला किया

- इस साल, कुल 11.21 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने इस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था।
- गौरतलब है कि, इससे पहले बुधवार को शिक्षा मंत्रालय ने, यूजीसी नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट - यूजीसी-नेट जून 2024, की परीक्षा को भी रद्द कर दिया था। इस साल मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में भी अनियमितताएं देखने को मिली थीं।

नई दिल्ली, 21 जून। नैशनल टैस्ट एजेंसी के द्वारा एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है, जिसमें सी.एस.आई.आर.-यू.जी.सी. नेट की 25, 26, 27 जून को होने वाली परीक्षाएं संसाधनों की कमी के कारण स्थगित करने की बात कही गई है। एग्जाम की नई डेट जल्द ही नेशनल टेस्ट एजेंसी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी की जाएंगी। अधिक जानकारियों के लिए कैंडिडेट्स आधिकारिक साइट पर विजिट कर सकते हैं। गौरतलब है कि सीएसआईआर-यूजीसी नेट जून 2024 कंप्यूटर आधारित परीक्षण (सीबीटी) मोड में 25, 26 और 27 जून को आयोजित की जानी थी। इस साल, कुल 11,21,225 उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था।

सी.एस.आई.आर.-यू.जी.सी. नेट परीक्षा पैर्टन- इस पेपर का माध्यम अंग्रेजी और हिंदी दोनों रहता है। परीक्षा 180 मिनट या तीन घंटे के लिए आयोजित की जाती है और पेपर में मल्टीपल चॉइस प्रकार के प्रश्न शामिल होते हैं। परीक्षा में पांच पेपर होते हैं: रसायन विज्ञान, पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागर और ग्रह विज्ञान, जीवन विज्ञान, गणितीय विज्ञान, भौतिक विज्ञान।

गौरतलब है कि इससे पहले बुधवार को शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट सी यूजीसी-नेट जून 2024 की परीक्षा को भी रद्द कर दिया था। इस साल मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में भी अनियमितताएं देखने को मिली थी।

भारतीय सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के तहत नवंबर 2017 में स्थापित राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) एक स्वायत्त निकाय है जिसे कई प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करने का काम सौंपा गया है। एजेंसी की अध्यक्षता एचआरडी मंत्रालय द्वारा नियुक्त एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् करते हैं, वर्तमान में इसके अध्यक्ष यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार जोशी हैं।एनटीए एनईईटी, जेईई, सीटीईटी, गेट, जीपैट, जीमैट, कैट और यूजीसी-नेट जैसी परीक्षाएं आयोजित करता है।

सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर या जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर की पात्रता के लिए इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

जेआरएफ और असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए पात्रता यूजीसी-नेट के पेपर-1और पेपर- 2 में उम्मीदवार की परफॉर्मेंस के आधार पर तय होती है। जो उम्मीदवार केवल सहायक प्रोफेसर पद के लिए क्वालीफाई करते हैं, उन्हें इसके बाद सहायक प्रोफेसर बनने के लिए संबंधित यूनिवर्सिटी, कॉलेजों या राज्य सरकारों के भर्ती नियमों का पालन करना होता है।

# 'गहलोत सरकार ने संसाधनों के बिना ही कॉलेज खोलने जैसे दिशाहीन फैसले किए'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान, के 62वें प्रांतीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में कहा

- शैक्षिक महासंघ के प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन टैगोर इंटरनैशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया था।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि, अब हमारी सरकार ने इन कॉलेजों की समीक्षा के लिए हाई पावर कमेटी गठित की है। यह कमेटी कॉलेज की फीज़बिलिटी व औचित्य का परीक्षण करेगी।
- मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि, कॉलेज एवं युनिर्वसिटी में रिक्त पद भरने की कार्यवाही जल्दी ही शुरु की जाएगी।
- अधिवेशन को उप मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में आर.एस.एस. के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम मुख्य वक्ता थे।

जयपुर, 21 जून (का.सं.)। मुख्यमंत्री ने कहा है कि, पिछली सरकार ने जल जीवन मिशन, बिजली खरीद और बिना किसी संसाधनों के महाविद्यालय खोलने जैसे दिशाहीन गलत फैसले लिए सरकार उन सभी फैसलों को रिव्यू करेगी। जल जीवन मिशन में जहां पानी के स्रोतों के बिना ही टंकी बना दी गई। वहीं बिजली खरीद में हजारों करोड़ का घाटा किया गया। महाविद्यालय खोलने के संबंध में भी बिना किसी मूलभूत सुविधाओं के अंधाधुंध महाविद्यालय राजसेस के तहत खोल दिए गए। जिनमें कोई स्थाई शिक्षक नहीं लगाया गया। उन्होंने कहा कि अब हमारी सरकार ने राजसेस के अंतर्गत खोले गए इन कॉलेजों की समीक्षा के लिए हाई पावर कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी इन सभी कॉलेजों की फीज़बिलिटी एवं औचित्य का परीक्षण कर आगे कार्यवाही करेगी।

शर्मा शुक्रवार को टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान (उच्च शिक्षा) के 62वें प्रांतीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर कार्य करते हैं तथा उनके विचारों का समाज पर गहरा प्रभाव होता है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ भारतीयता से ओतप्रोत संगठन है, जो कि देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार को स्थापित करने का कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, राज्य सरकार उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रदेशवासियों को शिक्षा का बेहतर वातावरण देने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है।

शर्मा ने कहा कि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही शीघ्र शुरू की जाएगी।

समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि, शिक्षक युवाओं में ज्ञान, कला कौशल में वृद्धि करते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कौशलपरक रोजगार को बढ़ावा देने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा भावी चुनौतियों के अनुरूप प्रावधान किए गए हैं।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि, 350 वर्ष पूर्व ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के दिन एक नए सूर्य का उदय हुआ था। बर्बरता और उत्पीड़न का सामना कर रहे हिंदुओं को अत्याचारों से मुक्त कराने के लिए शिवाजी महाराज ने हिंदू पदपादशाही की स्थापना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिसकी स्थापना 100 वर्ष पूर्व हुई, हिंदुओं का संगठन है। यह संगठन विश्व को शांति के मार्ग पर ले जाने के लिए तत्पर है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक अधिकारी के एन गुप्ता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देश-भक्त संगठन के रूप में विश्व में पहचान की बात कही। कार्यक्रम में भाग संचालक मानसिंह चौहान भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम से पूर्व निंबाराम ने माधव बस्ती स्थित पार्क में 5 पौधे रोपित किए।

इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (ए.बी.आर.एस.एम.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. जे.पी. सिंघल, महामंत्री (राजस्थान) डॉ. सुशील कुमार बिस्सु, अध्यक्ष (राजस्थान) डॉ. दीपक शर्मा, आयोजक सचिव डॉ. कमल किशोर मिश्रा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर, प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राजस्थान प्रांत के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम सहित बड़ी संख्या में संगठन के लोग मौजूद थे।

# चीन के नये राजदूत ने दिल्ली में वामपंथी नेताओं से मुलाकात की

नई दिल्ली, 21 जून। भारत में चीन के नए राजदूत शू फीहोंग ने माकपा महासचिव सीताराम येचुरी और भाकपा नेता डी राजा से मुलाकात की। पिछले महीने भारत में चीन के दूत के रूप में कार्यभार संभालने वाले फीहोंग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दोनों वामपंथी नेताओं के साथ बैठकों की तस्वीरों को साझा किया।

- चीन के नवनियुक्त राजदूत शू फीहोंग ने माकपा महासचिव सीताराम येचुरी और भाकपा नेता डी राजा से मुलाकात की।

फीहोंग ने कहा कि उन्हें दोनों नेताओं से मिलकर खुशी हुई। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के साथ चीन-भारत संबंधों के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई। माकपा और भाकपा के सूत्रों ने इस बैठक को चीनी राजदूत के साथ शिष्टाचार भेंट बताया।

# 'कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहुत जल्द हासिल होगा'

## प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीनगर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि, कश्मीरियों के लिए विधानसभा चुनाव कराने की तैयारियां शुरु हो गई हैं

- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, अब वह दिन दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर के लोग अपनी सरकार चुनने के लिए मतदान करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''वह दिन भी जल्द ही आएगा जब एक राज्य के रूप में जम्मू-कश्मीर अपने लिए बेहतर भविष्य बनाएगा।''

नई दिल्ली, 21 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को श्रीनगर में कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं और जल्द ही केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा वापस दे दिया जाएगा।

श्रीनगर की अपनी दो दिवसीय यात्रा के पहले दिन शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। इस दौरान पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों का भी जिक्र किया और कहा कि शांति के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। वह दिन दूर नहीं जब जम्मू-कश्मीर के लोग अपनी सरकार चुनने के लिए मतदान करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''वह दिन भी जल्द ही आएगा जब एक राज्य के रूप में जम्मू-कश्मीर अपने लिए बेहतर भविष्य बनाएगा।'' प्रधानमंत्री गुरुवार शाम को श्रीनगर पहुंचे और एस.के.आई.सी.सी. गए, जहां उन्होंने विभिन्न स्टार्ट-अप द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में 1,500 करोड़ रुपये की 84 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों में रोजगार पाने वाले 2,000 लोगों को नियुक्ति पत्र भी जारी किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में लोकतंत्र का झंडा बुलंद करने के लिए "लोगों का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद" करने के लिए कश्मीर आए हैं।

उन्होंने कहा, "आज सुबह जब मैं श्रीनगर आने की तैयारी कर रहा था, तो मैं बहुत उत्साहित था। जब मैंने सोचा कि मैं इतना उत्साहित क्यों हूं, तो मेरे दिमाग में दो कारण आए - एक तीसरा कारण भी है, जो यह है कि मैंने यहां लंबे समय तक काम किया है और बहुत से लोगों से मेरा परिचय हुआ है। एक कारण जम्मू-कश्मीर की विकास परियोजनाएं थीं और दूसरा यह कि संसदीय चुनावों के बाद यह मेरी आपसे पहली बातचीत थी। आपने लोकतंत्र को जीत दिलाई। आपने पिछले 35-40 सालों के सभी (मतदान के) रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह दर्शाता है कि यहां के युवाओं का लोकतंत्र में गहरा विश्वास है। मैं लोगों को धन्यवाद देने के लिए कश्मीर घाटी आना चाहता था।

## भारी हड़कम्प...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लेना चाहते हैं। इससे पता चलता है कि, प्रधानमंत्री मोदी से कांग्रेस के प्रति कितनी ज्यादा कटुता और असहयोग की भावना है और इससे स्पष्ट है कि विपक्षी दलो के प्रति प्रतिशोध की भावना कायम रहेगी।

प्रधानमंत्री स्पीकर की पोस्ट भाजपा के पास ही रखेंगे और डिप्टी स्पीकर का पद किसी सहयोगी दल को दे देंगे। वे विपक्ष को कुछ भी देना नहीं चाहते है।

अठारहवीं लोकसभा सहजता से काम नहीं कर पाएगी क्योंकि अब विपक्ष की सीटें बढ़ गई हैं और वह भाजपा को मनमाने तरीके से काम नहीं करने देगा, जैसा कि अब तक होता रहा है। सबसे वरिष्ठ सांसद को प्रोटैम स्पीकर बनाने की परम्परा का पालन 1956 में नहीं किया गया था तब सरदार हुकुम सिंह को प्रोटैम स्पीकर बनाया गया था। सन् 1977 में डी.एन. तिवारी को प्रोटैम स्पीकर बनाया गया था, वह भी वरिष्ठतम सांसद नहीं थे।

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरु होगा और 24 व 25 जून नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। स्पीकर का चुनाव 26 जून को होगा।

# बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत आईं

नई दिल्ली, 21 जून (वार्ता)। बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार शाम यहां पहुंचीं। शेख हसीना की यह एक माह में नयी दिल्ली की दूसरी यात्रा है। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगी और दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। वह कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। प्रधानमंत्री शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बंगलादेश की प्रधानमंत्री का नयी दिल्ली के इंदिरागांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया। भारत में बंगलादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी प्रधानमंत्री हसीना का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।

मंत्रालय ने कहा, बंगलादेश भारत का एक प्रमुख साझेदार और भरोसेमंद पड़ोसी है। शेख हसीना की इस यात्रा से इस प्रतिष्ठित द्विपक्षीय साझेदारी को और बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में कई आमंत्रित गणमान्य विदेशी नेताओं के साथ हसीना भी गत नौ जून को दिल्ली आयी थीं।

## हज यात्रियों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्वास्थ्य मंत्रालय को स्वास्थ्य सेवा की जिम्मेवारियाँ दी गई हैं। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि, करीब 1,75,025 लोग हज के लिए गए, जिनमें से 40,000 लोग 60 वर्ष के ऊपर के बुजुर्ग शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि, इस वर्ष के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य संबंधी बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

उन्होंने आगे कहा "हम लगातार मॉनिटर कर रहे हैं और इससे हमें अपनी सेवाओं को बेहतर करने में मदद मिलेगी।''

उन्होंने बताया कि एक लाइव पोर्टल डवलप किया गया है जिसमें उन यात्रियों का रियल टाइम डेटा व विश्लेषण मिलता रहता है जिन्हें मैडिकल केयर की ज़रूरत है।

## कैनडा की..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहना है कि, कैनडा, अलगाववादियों और भारत-विरोधी तत्वों का गढ़ बन रहा है।

# बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने पद से इस्तीफा दिया

नई दिल्ली, 21 जून। बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा हो गया है। लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को बंगाल में एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। खुद अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर लोकसभा सीट से हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें टी.एम.सी. कैंडिडेट युसूफ पठान के हाथों हार झेलनी पड़ी थी, जो पूर्व में क्रिकेटर रहे हैं। कांग्रेस की बंगाल यूनिट ने शुक्रवार को एक मीटिंग भी बुलाई। इस मीटिंग में चुनाव नतीजों को लेकर बात हुई।

- चर्चा है कि, अधीर रंजन के कहने पर ही कांग्रेस-सी.पी.एम. गठबंधन हुआ था, जिसे पार्टी नेता बंगाल में कांग्रेस की हार का प्रमुख कारण मान रहे हैं।

एक सवाल यह भी उठा कि वामपंथी दलों के साथ गठजोड़ करने का फैसला ऊपर से थोपा गया। इसके लिए जमीनी स्तर के नेताओं और राज्य के बड़े नेताओं को भी भरोसे में नहीं लिया गया। चुनाव नतीजों की समीक्षा वाली मीटिंग में जिलाध्यक्षों ने गठबंधन को लेकर चिंता जताई और कहा कि इसके लिए राय नहीं ली गई। बता दें कि अधीर रंजन चौधरी खुद सीपीएम के साथ गठबंधन के पक्ष में रहे हैं। कहा जाता है कि वह उत्तर बंगाल और खुद अपने जिले में कांग्रेस की स्थिति मजबूत रखने के लिए सीपीएम का सहारा लेते हैं। इस मीटिंग में केंद्रीय पर्यवेक्षक गुलाम अहमद मीर से राज्य के नेताओं ने अपनी चिंताएं जाहिर की। उन्होंने कहा कि सीपीएम के साथ गठजोड़ में दक्षिण बंगाल का ध्यान नहीं रखा गया। जिलाध्यक्षों की बात को भी नहीं सुना गया। इन नेताओं का कहना था कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं में सी.पी.एम. (कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी) के साथ गठजोड़ को लेकर नाराजगी है।

## केजरीवाल रिहा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वैण्डर्स से प्राप्त फण्ड्स का उपयोग गोवा में आम आदमी पार्टी (आप) के चुनाव प्रचार अभियान को फायनैंस करने में किया गया। केजरीवाल गोवा चुनाव के संयोजक थे।

राजू ने जोर देकर कहा कि निचली अदालत का निर्णय गलत तथ्यों और तिथियों पर आधारित है जिसमें दुर्भावना प्रकट होती है। उन्होंने वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए एक महत्वपूर्ण निर्णय का जिक्र किया जिसमें कहा गया था कि जमानत मंजूर किए जाने के निर्णय सभी प्रासंगिक तथ्यों के विस्तृत मूल्यांकन पर आधारित होने चाहिए।

अरविन्द केजरीवाल की पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट विक्रम चौधरी ने ई.डी. की चुनौती पर पलटवार करते हुए कहा कि "ये तर्क सही नहीं है। विस्तृत बहस हुई है, क्या सात घंटे की जिरह पर्याप्त नहीं है? किसी चीज़ को सम्मानपूर्वक स्वीकार करना चाहिए।"

केजरीवाल को ई.डी. ने दिल्ली की आबकारी नीति 2021-22 के तहत हुए मनी लाँण्डरिंग के केस में गिरफ्तार किया था। यह नीति दिल्ली के उपराज्यपाल की आपत्ति के बाद रद्द कर दी गई थी।

## फॉरैंसिक लैब ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अधिसूचना जारी कर प्रावधान किया था कि जो अभ्यर्थी 31 दिसंबर, 2020 को आयु सीमा के भीतर थे, उन्हें 31 दिसंबर, 2024 तक आयु सीमा में माना जाएगा। याचिका में कहा गया कि, राज्य सरकार की इस अधिसूचना के बावजूद भी इस भर्ती में याचिकाकर्ता को ऊपरी आयु सीमा में छूट नहीं दी गई है। आयु सीमा के अलावा याचिकाकर्ता भर्ती में नियुक्त होने की सभी पात्रता पूरी करता है। ऐसे में उसे कार्मिक विभाग की अधिसूचना के तहत आयु सीमा में छूट दिलाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए याचिकाकर्ता को चयन प्रक्रिया में शामिल करने और भर्ती को याचिका में होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन रखा है।

# तमिलनाडू की भांति ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को खत्म करने पर विचार कर रही है।

"हम तमिलनाडू सरकार की राह पर चलने पर विचार कर रहे हैं। हम नीट का विरोध कर रहे हैं जो एक बहुत बड़ा घोटाला है।

हमारे लोगों ने प्रदेश में संस्थानों का निर्माण किया है परन्तु वे अपने समुदाय से संबद्ध विद्यार्थियों को इनमें सीटें उपलब्ध कराने में असमर्थ हैं। हमें इस मामले पर राष्ट्रीय स्तर पर विचार करने की जरूरत है।''

पहले राज्य सरकार को अधिकार था या कहें कि वह मैडिकल कॉलेज में एडमीशन में राज्य सरकार की चलती थी। परन्तु जब से नीट लागू हुई है यह विशेषाधिकार राज्य सरकार से छीन लिया गया है, खासकर तब सरकार चिकित्सा शिक्षा संस्थानों को चला रही है और कुछ मैडिकल कॉलेज निजी क्षेत्र में भी हैं।

कर्नाटक भी इस मुद्दे पर पुनर्विचार करना चाहता है और खासतौर से नीट परीक्षा के प्रश्न पत्रों के लीक होने के व परीक्षा प्रक्रिया के आयोजन में गड़बड़ियों के आरोप लगने के बाद नीट के खिलाफ देशव्यापी उपजे सख्त आक्रोश का फायदा उठाना चाहती है। बिहार पुलिस पहले ही परीक्षा सम्पन्न होने से पूर्व नीट के कुछ परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों द्वारा नीट के प्रश्न पत्र "खरीदने" के आरोप में उनके खिलाफ केस दर्ज कर चुकी है।

कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि तमिलनाडू में सेवानिवृत न्यायाधीश ए.के. राजन की अध्यक्षता में गठित आयोग ने पाया है कि नीट ने तमिलभाषा माध्यम वाले स्कूलों के विद्यार्थियों को फेल किया है और यह नुकसान उन विद्यार्थियों को हुआ है जो गरीब परिवारों के थे।

कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में यह पाया कि नीट सी.बी.एस.ई. सिलैबस वाले विद्यार्थियों के प्रति पक्षपाती प्रतीत होता है और उनके लिए अच्छा है जो पैसे खर्च करके अतिरिक्त प्राइवेट ट्यूशन ले सकते हैं।

आयोग की रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि प्रदेश में नीट के कोचिंग सैन्टरों का उद्योग 5,750 करोड़ रूपए तक पहुंच चुका है।

यह बात कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर है कि तमिलनाडू की विधानसभा ने एक विधेयक सर्वसम्मति से नीट पर प्रतिबंध को लेकर पारित किया था परन्तु सरकार ने इस बिल को मंजूरी नहीं दी और विधानसभा को वापस भेज दिया। वर्ष 2022 में तमिलनाडू विधानसभा ने इस बिल में बगैर कोई बदलाव किए पुनः पारित कर दिया ताकि तमिलनाडू में नीट पर रोक लगाई जा सके।

# नई राजनीतिक परिस्थितियों में आज ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्लैब्स थे।

इन्हें ज़ीरो प्रतिशत स्लैब के अलावा केवल 3, 12 और 28 प्रतिशत के त्रिस्तरीय स्लैब्स में एक तर्कसंगत स्वरूप देना था। इसके अलावा गुड्स एण्ड सर्विसेज़ के सभी टैक्सेज़ को मूल प्रस्ताव के अनुसार टैक्स के दायरे में लाना था और उनमें कोई क्रमिक छूट भी नहीं दी जानी थी। पूरे देश के लिए एक टैक्स व्यवस्था विकसित करने में पूर्ण स्पष्टता का होना संभव नहीं था, क्योंकि एक सिंगल मार्केट की अवधारणा किसी अर्थशास्त्री के मन की एक आदर्श स्थिति ही साबित हुआ।

कार्यरूप में, जी.एस.टी. दरों के स्ट्रक्चर से महंगाई बढ़ गई क्योंकि कुछ चुनिंदा वस्तुओं या सेवाओं को शून्य दर कैटेगरी में रखा जाना था, फिर भी जी.एस.टी. लागू होने के बाद इसकी वर्तमान व्यवस्था में छह से अधिक दरें है। इसके बावजूद तीन मुख्य वस्तुएं ज़र्दा, पैट्रोलियम और शराब जी.एस.टी. सिस्टम के दायरे से बाहर हैं।

इस सिस्टम के रेट स्ट्रक्चर को लेकर एक अनैच्छिक स्वीकारोक्ति है, लेकिन किसी ना किसी दिन ये रेट्स तर्कसंगत और कम हों जाएगी, किन्तु ऐसा कब होगा, ये भविष्य के गर्भ में हैं।

पैट्रोलियम का ही उदाहरण लीजिए। केन्द्र सरकार इस पर कुछ शुल्क लगाती हैं और राज्य सरकारें अपना सरचार्ज, जिससे इसकी कीमत आयातित कीमत से भी अधिक हो जाती हैं। कोई ये तर्क भी दे सकता है कि पैट्रोलियम की कठोर कीमतें अच्छी हैं क्योंकि ऐसा होने पर उपभोग में वृद्धि नहीं हो पाती।

राज्य सरकारें इन सामानों पर कर निर्धारण की शक्तियों को छोड़ना पसंद नहीं करती हैं क्योंकि, उनके लिए ये कुछ ही क्षेत्र बचे हैं, जहां से वे कुछ अतिरिक्त राजस्व जुटा सकते हैं क्योंकि, बाकी वस्तुओं और सेवाओं के लिए, आखिरकार, वो अपने कर निर्धारण के अधिकारों को छोड़ चुकी है।

जी.एस.टी. शुरु होने के बाद, सच में कुछ उल्लेखनीय लाभ हुए हैं। देश का खंडित बाजार एक हो गया है। अब एक ट्रक को हर राज्य की सीमा पर रुककर, निरीक्षकों और अन्य से निपटना नहीं पडता है। पहले उन्हें हमेशा घूस देनी पड़ती थी।

हमने एक देश, एक कर का मूल उद्देश्य हासिल कर लिया है। लेकिन समय आ गया है कुछ बुनियादी पुनर्विचार और तंत्र को बदलती हुई जरुरतों के अनुसार और ज्यादा सुधार करने का।

अब जबकि हमारे पास एक राजनीतिक व्यवस्था होगी तो, बेहतर वित्तीय संरचना के लिए एक ज्यादा लाभकर केन्द्र -राज्य सहकारी संघवाद का अमल किया जा सकता है।

## मतदाता ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जम्मू कश्मीर में इस वर्ष के अंत तक चुनाव होने हैं।

आयोग ने कहा कि संशोधित मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व इनकी समीक्षा की जाएगी। इसमें घर-घर जाकर एक से ज्यादा प्रविष्टियां व मृत मतदाताओं की जानकारी एकत्रित कर मतदाता सूची में सुधार किया जाएगा। साथ ही वोटर आई.डी. में मतदाता का साप सुथरा फोटोग्राफ लगा हो यह भी सुनिश्चित किया जाएगा।

घर-घर जाकर वैरिफिकेशन की प्रक्रिया 25 जून से शुरु होकर 24 जुलाई तक चलेगी। इलैक्टोरल रोल का प्रकाशन 25 जुलाई को होगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908